**सुविचार**
जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

# Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 06 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 231 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



12
करीना, कियारा और सुहाना पर थमी...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,780.26 |
| निफ्टी | : | 19,574.90 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,650 |
| चांदी | : | 79.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### 26000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। अदालत ने सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी बहादुर महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार की वर्ष 2023 की नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदाकर्मियों को नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि पिछली नियमावली में इन्हें आरक्षण प्राप्त था।

विस्तृत खबर पेज 3 पर

### नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त दोषी करार, सजा 16 को

**RANCHI :** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में अभियुक्त बिरसा लोहरा को दोषी करार दिया है। साथ ही अदालत ने उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 16 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। लापुंग थाना क्षेत्र निवासी बिरसा लोहरा पर उसी थाना क्षेत्र की नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। इस मामले में पीड़िता की मां ने नवंबर 2019 में लापुंग थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### लोकसभा सचिवालय से सुखदेव सिंह व मंजूनाथ भजंत्री को नोटिस

**RANCHI :** लोकसभा सचिवालय के विशेषाधिकार शाखा से झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और देवघर के तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को नोटिस जारी किया गया है। इन दोनों को 21 सितंबर को लोकसभा के विशेषाधिकार समिति के सामने उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की ओर से लोकसभा में दिये गये विशेषाधिकार हनन की शिकायत के मामले में दोनों अधिकारियों को पेशी का नोटिस आया है।

# डुमरी उपचुनाव में जबरदस्त VOTING, नजरें आठ पर

## मंत्री बेबी देवी समेत छह की किस्मत ईवीएम में बंद

**PHOTON NEWS DUMRI :** डुमरी उपचुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन की झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी, एनडीए की आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी समेत छह उम्मीदवारों का भाग्य बैलेट बॉक्स में बंद हो गया। इसके साथ ही अब सबकी नजरें आठ सितंबर को होने वाली मतगणना पर टीक गई हैं। वोटिंग को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा। सुबह से ही लोग वोटिंग के लिए लाइन में लगने लगे थे। निर्धारित समय शाम पांच बजे तक मतदाताओं ने वोटिंग की। ग्रामीण क्षेत्र के भी वोटर इसमें पीछे नहीं रहे। 64.84 फीसदी वोटिंग शांतिपूर्ण संपन्न हो गयी। आठ सितंबर की सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी। उस दिन तय होगा कि नया विधायक कौन होगा। डुमरी उपचुनाव में महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मतदान करने पहुंची थीं। फर्स्ट वोटरों में काफी उत्साह दिखा। पहले मतदान फिर जलपान पर जोर दिखा। वोटिंग के दौरान बारिश होने पर रंग-बिरंगे छाता के साथ लोग लाइन में लगे रहे। डुमरी के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में भी बंपर वोटिंग हुई। इनामी नक्सली के गांवों में बंपर वोटिंग हुई। चुनाव के दौरान सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था देखी गयी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अलावा सामान्य बूथों पर भी जवान तैनात थे। अधिकारी भी सुबह से शाम तक बूथों का जायजा लेते रहे। डुमरी उपचुनाव को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने डुमरी अनुमंडल कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया था। यहां पर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक शर्मा सहित वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी कैंप कर रहे थे। बीच-बीच में कुछ क्षेत्रों का निरीक्षण भी करने निकले। बोकारो जिला प्रशासन की ओर से बेरमो के ढोरी चपड़ी गेस्ट हाउस में नियंत्रण कक्ष बना था। यहां पर डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक सहित कई वरीय अधिकारी कैंप कर रहे थे।



वोटिंग के लिए लगी मतदाताओं की लंबी कतार ● फोटोन न्यूज

### 64.84 फीसदी वोट पड़े

मंत्री बेबी देवी सहित आधा दर्जन प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी है। हर बूथ पर आधी आबादी की लंबी कतार दिखी। सभी 373 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा चाक-चौबंद थी। डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार लगभग 64.84 फीसदी वोट पड़े। इसके साथ ही राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी, आजसू की यशोदा देवी सहित आधा दर्जन प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गयी। डुमरी का नया विधायक कौन होगा? यह आठ सितंबर को मतगणना के बाद पता चलेगा। मतदान के लिए सुबह में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार थी। लेकिन, सुबह नौ बजे के आस-पास बारिश शुरू होने के बाद डुमरी एवं बेरमो अनुमंडल क्षेत्र में मतदान केंद्रों से भीड़ छंटने लगी।

### जगरनाथ महतो के निधन के कारण हुआ उपचुनाव

झारखंड के शिक्षा मंत्री रहे जगरनाथ महतो के निधन के कारण खाली हुई डुमरी सीट के लिए मंगलवार को मतदान हुआ। बारिश के बावजूद मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने निकले। हर बूथ पर आधी आबादी की लंबी-लंबी कतारें नजर आयीं। महिलाएं लाइन में लगकर अपने मताधिकार का प्रयोग कीं। मतदान को लेकर शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता उत्साहित नजर आए। सुबह सात बजे डुमरी विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर एक साथ मतदान शुरू हुआ। कुछ बूथों पर इवीएम में आयी तकनीकी गड़बड़ी के कारण मतदान कुछ देर के लिए प्रभावित हुई। मतदान के दौरान कहीं से किसी तरह के हिंसक झड़प की सूचना नहीं है। हर जगह शांतिपूर्ण तरीका से लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### साहिबगंज शर्मसार पहाड़िया युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**SAHIBGANJ :** जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र की 18 वर्षीय युवती के साथ सामुहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार की देर रात्रि पहाड़िया युवती के साथ थाना क्षेत्र के ही दो युवकों ने इस घटना को इस दौरान युवती किसी तरह हैवानों की चंगुल से बचकर देर रात किसी तरह तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन पहुंच गई। उसके बाद उसने फोन पर आपबीती अपने परिजनों को सुनाई। पीड़िता के परिजन घटना की सूचना मिलते ही आनन फानन में तीनपहाड़ स्टेशन पहुंच गए। जिसके बाद परिजन युवती के साथ तीनपहाड़ थाना पहुंच गए।पीड़िता ने क्या कहाः थाना में महिला पदाधिकारी के समक्ष पीड़िता से पूछताछ की गई। पीड़िता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सोमवार रात्रि वह शौचालय के लिए अपने घर से निकली थी। इसी बीच अचानक एक युवक आया और रूमाल से उसके मुंह को बंद कर दिया। जिसके बाद युवक ने अपने साथियों को आवाज दी। इसके बाद उन दरिंदों ने मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इधर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया गया। मगर वहां किसी कारण से जांच नहीं हो पाई। मेडिकल जांच के लिए पीड़िता को साहिबगंज भेजा गया।

# अवैध खनन में हेमंत समेत 20 के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत

**PHOTON NEWS RANCHI :** साहिबगंज में अवैध खनन व उसके परिवहन को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके राजनीतिक सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और तत्कालीन एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा समेत 20 पर एफआईआर दर्ज करने का आवेदन ऑनलाइन एफआईआर सिस्टम व साहिबगंज के मुफस्सिल थाने में दिया गया है। हाईकोर्ट ने तीर्थनाथ आकाश व अनुरंजन अशोक द्वारा दायर रिट पिटीशन 1954/2021 में आदेश दिया था कि दोनों साहिबगंज के ज्यूरिडिशन थाने में शिकायत दर्ज कराएं। दोनों को आदेश दिया गया था कि वे इस मामले में संबंधित साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे। इसके बाद दोनों याचिकाकताओं ने आवेदन दे दिया है। आवेदन मिलने की पुष्टि साहिबगंज पुलिस ने भी की है। यह शिकायत हेमंत सोरेन, अभिषेक प्रसाद पिंटू, पंकज मिश्रा के अलावा डीसी रामनिवास यादव, तत्कालीन एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, डीएफओ मनीष तिवारी, डीएमओ विभूति कुमार, तत्कालीन एसडीपीओ प्रमोद मिश्रा, राजेंद्र दुबे, दाहू यादव, विष्णु यादव, पवितर



यादव, आलोक रंजन, टिंकल भगत, बच्चू यादव, संजय कुमार यादव, भगवान भगत आदि के खिलाफ की गई है। आरोप है कि हेमंत सोरेन, पिंटू और पंकज के कहने पर सरकारी पदाधिकारियों ने अवैध खनन व उसका परिवहन कराया। साक्ष्य के तौर पर 200 से अधिक पन्ने का दस्तावेज सौंपा गया है।

#### डीएसपी राजेंद्र दुबे से ईडी ने की पूछताछ

साहिबगंज में अवैध खनन केस में ईडी ने सोमवार को डीएसपी राजेंद्र दुबे से लंबी पूछताछ की। राजेंद्र दुबे दिन के 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे थे, जहां उनसे देर शाम तक पूछताछ हुई। जानकारी के अनुसार, ईडी के अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने से जुड़े मामले में भी राजेंद्र का बयान लिया गया।

# सनातन धर्म पर स्टालिन से जुड़ा विवाद SC पहुंचा

## 262 लोगों ने लिखी सीजेआई को चिट्ठी

**AGENCY NEW DELHI :** पूर्व न्यायाधीश और नौकरशाहों समेत 260 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिकों ने प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उनसे सनातन धर्म को नष्ट करने वाली द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर संज्ञान लेने का अनुरोध किया और इसे नफरत फैलाने वाला भाषण बताया। सीजेआई को पत्र लिखने वालों में दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एस एन ढींगरा भी शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि उदयनिधि स्टालिन ने न केवल नफरत फैलाने वाला भाषण दिया, बल्कि उन्होंने अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगने से भी इनकार कर दिया। यह पत्र 14 सेवानिवृत्त न्यायाधीश और 130 पूर्व नौकरशाहों के साथ साथ सशस्त्र बलों के 118 पूर्व अधिकारियों समेत 262 लोगों ने लिखा है।



#### सुप्रीम कोर्ट से कदम उठाने की अपील

पत्र में कहा गया है कि देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की रक्षा करने के लिए इस पर कदम उठाने की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि बेहद गंभीर मुद्दों पर कदम उठाने को लेकर प्रशासन की ओर से किसी तरह का विलंब अदालत की अवमानना को आमंत्रित करेगा। पत्र में कहा गया है कि राज्य सरकार ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है और अदालत के आदेश की कथित अवमानना का काम किया और कानून के शासन को कमजोर कर दिया है या यूं कहें कि इसका मजाक बना दिया है।

**टूटा रिकॉर्ड**

### भारत में 1901 के बाद अगस्त सबसे गर्म रहा

**NEW DELHI :** सितंबर का महीना शुरू हो गया है, लेकिन देश के लोगों को अभी भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही। इसकी बड़ी वजह सामान्य से कम बारिश होना है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 4 सितंबर तक देश में सामान्य से 11% कम बारिश हुई। इसीलिए इस बार अगस्त में एक सदी से भी ज्यादा समय यानी साल 1901 के बाद सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। उधर, दिल्ली में सोमवार (4 सितंबर) पिछले 85 सालों में सबसे गर्म दिन रहा। राजधानी का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री ज्यादा है। यह पिछले 85 सालों में (1938 के बाद) सबसे ज्यादा है। भारत में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। जिसमें सामान्य से 36% कम बारिश हुई। मौसम एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी।

# संसद के विशेष सत्र में आ सकता देश का नाम बदलने का प्रस्ताव

## राष्ट्रपति के निमंत्रण पत्र से शुरू हुआ कयासों का दौर

**AGENCY NEW DELHI :** 18 सितंबर से शुरू हो रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र को लेकर तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। केंद्र की मोदी सरकार देश का नाम बदलने का प्रस्ताव ला सकती है। यूसीसी और 'एक-राष्ट्र, एक चुनाव' के बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि अनुच्छेद 368 के तहत एक संवैधानिक संशोधन किया जाएगा और हमारे देश के नाम को 'इंडिया' से आधिकारिक तौर पर 'भारत' कर दिया जाएगा। इसको लेकर केंद्र सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। लेकिन जी20 नेताओं को राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से भेजे गए रात्रिभोज निमंत्रण में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का जिक्र किया गया है। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम है। बता दें कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 1 में हमारे देश का उल्लेख इस प्रकार किया गया है कि 'इंडिया अर्थात भारत' एक 'राज्यों का संघ' है। देश के नाम को लेकर निर्णय संविधान सभा ने बहुत बहस के बाद किया था। क्योंकि कुछ सदस्य इंडिया नाम चाहते थे और कुछ इसे भारत रखना चाहते थे।



### क्यों लग रहे कयास

देश का नाम इंडिया के केवल भारत करने के कयास दो वजहों से लग रहे हैं। एक है असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की एक्स (ट्विटर) पर की गई हालिया पोस्ट। इसमें उन्होंने कहा, भारत गणराज्य – खुश और गौरवान्वित है कि हमारी सभ्यता साहसपूर्वक अमृत काल की ओर आगे बढ़ रही है। दूसरा है राष्ट्रपति की ओर से जी20 प्रतिनिधिमंडल को भेजे गए रात्रिभोज निमंत्रण पत्र। राष्ट्रपति भवन से जी20 प्रतिनिधिमंडल को दिए गए आधिकारिक रात्रिभोज निमंत्रण में राष्ट्रपति का उल्लेख 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने डिनर आमंत्रण में बदलाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नाम बदलने की खबर सच लगती है।

### निमंत्रण पत्र पर 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखने पर बिफरा विपक्ष

**NEW DELHI :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जी20 देशों के नेताओं को 9 सितंबर को भारत मंडपम में रात्रिभोज के लिए भेजे गए आधिकारिक निमंत्रण पत्र में इस बार उनके लिए प्रेसीडेंट ऑफ भारत के संबोधन का प्रयोग किया गया है। इससे पहले प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया लिखे जाने की पंरपरा थी। राष्ट्रपति भवन से आधिकारिक निमंत्रण पत्र में भारत शब्द के प्रयोग के बाद पक्ष विपक्ष की राजनीति आरंभ हो गई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए प्रेसीडेंट ऑफ भारत के नाम पर निमंत्रण भेजा है। संविधान में अनुच्छेद एक के अनुसार, भारत, जो इंडिया है, राज्यों का एक संघ होगा लेकिन अब इस राज्यों के संघ पर भी हमला हो रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि मोदी इतिहास को विकृत करना और इंडिया को विभाजित करना जारी रख सकते हैं, जो भारत है, जो राज्यों का संघ है।

**राज्य में पिछले 4 महीने में छेड़खानी के 248 मामले दर्ज, कोयला नगरी में सर्वाधिक 50**

# महिलाओं के लिए झारखंड में धनबाद सबसे असुरक्षित

**SUHAIB ANSARI @ RANCHI :** दिल्ली की निर्भया घटना के बाद राज्य ही नहीं पूरे देश में महिला सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। केंद्र और राज्य की सरकारों ने सुरक्षा देने के तमाम वादे किए। कई कानून बने। कानून का कड़ाई से पालन करने की बात भी हुई। लेकिन भी आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, दुष्कर्म और अन्य किसी भी तरह के अपराध करने वाले आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार ने कठोर कानून बनाने की घोषणा की है। अब छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में भी ऐसी ही कठोर कानून बनाने की मांग हो रही है। झारखंड में महिलाओं के साथ आए दिन जिस तरह से अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं, वह चिंता का विषय है। स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो से मिले आकड़ों के अनुसार, मार्च 2023 से लेकर जून 2023 तक 248 महिलाओं को मनचलों ने अपना शिकार बनाया है। आकड़ों पर गौर करें तो झारखंड में हर महीने 60 महिलाओं से छेड़खानी की जा रही है। पिछले साल 2022 में मार्च से जून महीने तक महिलाओं से छेड़छाड़ की 312 घटनाएं सामने आई थी। 2022 की तुलना में 2023 में छेड़खानी की घटनाओं में कमी आई है। झारखंड में महिलाओं से छेड़छाड़ के सबसे अधिक मामले धनबाद में दर्ज हुए हैं। वहीं बोकारो में 22, देवघर में 22, कोडरमा में 19, पलामू में 18 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि व रांची में एक भी मामले दर्ज नहीं हुए हैं।

● हर महीने 62 महिलाओं से हो रही छेड़छाड़, 2022 में हुई घटनाओं की तुलने में 2023 में आई कमी



### मेक माई सिटी सेफ में दर्ज कराएं शिकायत

झारखंड पुलिस ने महिलाओं से छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए साल 2022 में मेक माई सिटी सेफ नाम की वेबसाइट की शुरूआत की थी। झारखंड के 24 जिलों में किसी भी क्षेत्र में महिलाओं के साथ कुछ गलत हो रहा है या कोई इलाका उनके लिए असुरक्षित है तो इस वेबसाइट की मदद से महिलाएं अपने साथ होने वाले दुर्व्यवहार की ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकती है। शिकायत करने के लिए पहले झारखंड पुलिस की वेबसाइट पर जाएं। फिर मेक माय सिटी सेफ विंडो में क्लिक कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत करने से पहले वेबसाइट पर लॉगइन कर कुछ जानकारी साझा करनी होगी। इसके बाद ही कंप्लेन रजिस्टर्ड होगा। दरअसल, कोई फर्जी मामले दर्ज न कराए इसलिए शिकायतकर्ता की जानकारी मांगी गई है। जानकारी देने या कंप्लेन करने वाली महिलाओं का नाम गुप्त रखा जाएगा। इस सुविधा का कोई दुरुपयोग न करे, इसलिए पहले शिकायतकर्ता की जानकारी मांगी गई है।

### जानिए कहां कितनी हुई घटनाएं

| जिला | मामला | जिला | मामला |
|---|---|---|---|
| धनबाद | 50 | गिरिडीह | 06 |
| बोकारो | 22 | साहेबगंज | 05 |
| देवघर | 22 | चाईबासा | 05 |
| कोडरमा | 19 | गढ़वा | 05 |
| पलामू | 18 | चतरा | 05 |
| लातेहार | 15 | सरायकेला | 03 |
| दुमका | 13 | रामगढ़ | 03 |
| जमशेदपुर | 11 | जामताड़ा | 02 |
| लोहरदगा | 10 | खूंटी | 01 |
| गोड्डा | 09 | सिमडेगा | 00 |
| गुमला | 08 | रेल धनबाद | 00 |
| पाकुड | 07 | रेल जमशेदपुर | 00 |
| हजारीबाग | 07 | रांची | 00 |

**सुप्रीम कोर्ट**

### अनुच्छेद 370 को निरस्त करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, संजीव खन्ना, बीआर गवई और सूर्यकांत की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 16 दिनों तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पिछले 16 दिन में सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने केंद्र और हस्तक्षेपकताओं की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ताओं- हरीश साल्वे, राकेश द्विवेदी, वी गिरि और अन्य को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बचाव करते हुए सुना। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के अंतिम दिन वरिष्ठ अधिवक्ताओं- कपिल सिब्बल, गोपाल सुब्रमण्यम, राजीव धवन, जफर शाह, दुष्यन्त दवे और अन्य की दलीलें सुनीं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि याचिकाकताओं या प्रतिवादियों की ओर से पेश कोई वकील लिखित अभिवेदन दाखिल करना चाहता है तो वह अगले तीन दिन में ऐसा कर सकता है।

# मेहमानों ने मिलेट्स के व्यंजनों को किया पसंद



मेले में व्यंजन का आनंद उठाने जुटे लोग ● एजेंसी

**जी-20 समिट**

**AGENCY NEW DELHI :** जिन मिलेट्स को हमने खाना छोड़ दिया है, अब जी-20 समिट की चौथी शेरपा बैठक में शामिल विदेशी मेहमानों ने इन मिलेट्स के व्यंजनों को खूब पसंद किया। विदेशी मेहमानों के लिए हरियाणा सरकार के रात्रि भोज में मिलेट्स से तैयार देसी व्यंजन परोसे गए। इन मेहमानों ने हरियाणवी महिलाओं के मिट्टी के चूल्हे पर ज्वार और बाजरे की रोटियों समेत अनेक व्यंजनों का स्वाद लिया। बैठक के दौरान खान-पान से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। हरियाणा सरकार ने डिनर में विदेशी मेहमानों के लिए बाजरे से बना खिचड़ा, रोटी, रबड़ी, टिक्की, फिरनी, लापसी सहित कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजाम किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मेहमानों से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ देसी व्यंजनों का आनंद लिया।

BRIEF NEWS

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत जोड़ो पदयात्रा को लेकर की बैठक

**RANCHI:** अगामी सात सितम्बर को जिला स्तरीय भारत जोडो पदयात्रा और सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे उपस्थित थे। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो पदयात्रा हमारे देश के किसी भी राजनेता की ओर से अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा रही। इस पदयात्रा के माध्यम से धर्म-समुदाय, जाति, आदि की प्रवाह किये बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल गांधी की अटूट भावना ने मंत्रमुग्ध कर दिया। यह पदयात्रा देश की राजनीति की दिशा बदल दी। इसका परिणाम कर्नाटक में देखने को मिला। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस पदयात्रा की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राज्य के तमाम जिला मुख्यालयों में पदयात्रा कार्यक्रम एवं सभा के माध्यम से बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी आदि जैसे मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों का पदार्फास करने काम करेंगे।

## कांग्रेस-जन मुद्दों पर संसद के विशेष सत्र में जनमुद्दों पर हो चर्चा

**NEW DELHI:** कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि 18-22 सितंबर के दौरान संसद के विशेष में जन मुद्दों पर चर्चा कराई जाए और विपक्ष को बोलने का पूरा मौका दिया जाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि संसद के विशेष सत्र में आर्थिक, राजनीतिक मुद्दों के साथ विदेश नीति और सीमाओं से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हो। रमेश ने कहा कि उन्हें आशा है कि संसद के विशेष सत्र में सरकार विपक्ष को साथ लेकर चलेगी। रमेश ने विशेष सत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब कभी विशेष सत्र बुलाया जाता है तो इसके विषय की जानकारी सभी पार्टियों को दी जाती है। एक एजेंडा तय किया जाता है।

## केन्द्रीय मंत्री रूपाला ने उन्नत नस्ल की मछलियों के एक लाख बीज नदी में छोड़े

**VARANASHI:** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को चिताला मछली के एक लाख बीज नदी में छोड़े। वाराणसी के संत रविदास घाट पर आयोजित रिवर रैंचिंग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री ने समारोह में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 302.8 लाख रुपए की धनराशि का अनुदान भी वितरित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 12.32 लाख रुपये की धनराशि का अनुदान, कृषि क्रेडिट कार्ड के 10 लाभार्थियों को 18.1 लाख रुपये की धनराशि के ऋण का वितरण एवं 10 मछुआ दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों को भी पत्रक वितरित किया गया। रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत नदियों में मछलियों का बीज छोड़ा जाता है ताकि नदियों में अच्छी किस्म की मछलियों की मौजूदगी भी बरकरार रहे।

## देश का नाम अचानक क्यों बदल रहे हैं, हम भी कहते हैं 'भारत': ममता

**KOLKATA:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि देश का नाम बदला जा रहा है। मंगलवार को कोलकाता के धन धान्य स्टेडियम में शिक्षक दिवस कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोला। जी20 सम्मेलन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य के नेताओं के रात्रिभोज के लिए दिए गए निमंत्रण पत्र में 'राष्ट्रपति ऑफ इंडिया' की जगह 'राष्ट्रपति ऑफ भारत' लिखने से विवाद शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'आज मैंने सुना कि इंडिया का नाम बदला जा रहा है। माननीय राष्ट्रपति के नाम पर कार्ड, जी20 लंच या डिनर पर, भारत लिखा गया है। भारत तो हम कहते ही हैं। इसमें नया क्या है?' उन्होंने कहा, 'मैं अंग्रेजी में इंडिया कहती हूं।

# समाज को सही दिशा देने का अहम दायित्व शिक्षकों पर : सीपी राधाकृष्णन

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिवर्तन का सशक्त साधन है। उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए कहा कि वे एक ऐसे महान शिक्षाविद थे, जिन्होंने शिक्षा जगत में अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा है कि शिक्षा के माध्यम से ही मनुष्य सही और गलत को समझ कर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। राज्यपाल ने कहा कि समाज को सही दिशा देने का अहम दायित्व शिक्षक पर ही होता है।



समारोह को संबोधित करते राज्यपाल • फोटोन न्यूज

शिक्षक छात्रों को शिक्षा देने के अलावा भावी जीवन के लिए उन्हें सही राह भी दिखाते हैं। शिक्षक द्वारा दिखाए गए राह के आधार पर छात्र राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्र के जीवन का महत्वपूर्ण समय शिक्षक के सान्निध्य में ही व्यतित होता है और उनमें क्षमता, रचनात्मकता एवं जीवंतता तथा राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है। इसलिए समाज में शिक्षक को बहुत ही अधिक आदर एवं सम्मान प्राप्त है। राज्यपाल मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में ह्यशिक्षक दिवसह्न पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि देश कि समृद्धि के लिए शिक्षा को रोजगारपरक बनाने की दिशा में हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आजादी के 74 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया गया है। पहले मैकाले की शिक्षा पद्धति थी, वर्तमान समय में इसकी अप्रासंगिकता को देखते हुए ह्यनई राष्ट्रीय शिक्षा नीतिह्न को लागू किया गया। इस शिक्षा नीति में सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रायोगिक शिक्षा और अनुसंधान पर भी बल दिया गया है। इससे बच्चों में अभिनव विचार एवं अवधारणा के साथ-साथ उनमें उदारता, स्नेह, आत्मानुशासन एवं नेतृत्व करने की क्षमता भी विकसित होगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्व कुलपतियों और सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राज्यपाल ने शिक्षक दिवस की दी बधाई

**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पूर्व राष्ट्रपति और प्रख्यात शिक्षाविद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन किया है। साथ ही राज्यपाल ने मंगलवार को ट्वीट कर समाज को मार्गदर्शन देने वाले सभी शिक्षकों को "शिक्षक दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# सरकार की योजनाओं से जुड़कर राज्य के विकास में सहयोगी बनें: हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री ने 592 लाभुकों के बीच 4 करोड़ 80 लाख 58 हजार 992 रुपये की परिसंपत्तियों का किया वितरण

**PHOTON NEWS SAHIBGANJ:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के नौजवान रोजगार की चिंता न करें। राज्य सरकार प्रदेश में नौजवानों को रोजगार उपलब्ध कराने के प्रति गंभीर है। हमारी सरकार ने राज्य में कई जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। आप सभी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य में ₹आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री मंगलवार को साहेबगंज के पतना प्रखंड स्थित कुंवरपुर फुटबॉल मैदान में आयोजित विकास मेला-सह-परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार₹ के तहत लाखों की संख्या में आवेदन मिले। राज्य में पहली बार सरकार आपके घर-घर, पंचायत-पंचायत पहुंचकर आपकी समस्याओं को सुना एवं उसका निष्पादन किया। कुछ वर्ष पहले पेंशन के लिए हमारे बुजुर्ग ब्लॉक के चक्कर काटा करता थे। आज राज्य में कोई भी बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांग पेंशन से अछूता नहीं है। हमारी सरकार ने ठोस कदम उठते हुए जनहित में कई कल्याणकारी



परिसंपत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री व अन्य • फोटोन न्यूज

योजनाओं का शुभारंभ किया। आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने आप को स्वावलंबी बनाने के साथ राज्य के विकास में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और कम बारिश के कारण इस वर्ष भी धान की बुआई पर असर पड़ा है। लेकिन, राज्य के किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार आपके साथ सदैव खड़ी है। सरकार ने खेती-बारी से से संबंधित कई योजनाओं का शुभारंभ किया है, ताकि किसानों को ऐसी विपरीत परिस्थितियों में ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत आप पशु पालकर आय अर्जित कर सकते हैं। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में दिन प्रतिदिन सुधार लाने का प्रयास जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूल के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौजवान रोजगार को लेकर चिंता न करें। सरकार आपके लिए रोजगार सृजन से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं बनाई है। आप शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं तो आप इंजीनियर, डॉक्टर, अधिकारी, पत्रकार बनें। अगर आप स्वरोजगार करने के इच्छुक है तो मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत सरकार आपको अनुदान आधारित लोन उपलब्ध करा रही है। आप इस योजना का लाभ उठाएं । पढ़ने वाली बच्चियों के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना और विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए मरङ गोमके छात्रवृत्ति योजना चल रही है। आप सभी इसका भरपूर फायदा उठाएं एवं अपने बच्चियों को साक्षर बनाएं। सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार का शिक्षा पर विशेष फोकस है। शिक्षा की बेहतरी के क्षेत्र में सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। आज निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा सरकारी विद्यालय में दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालय इसका उदाहरण है।

**मुख्यमंत्री ने लाभुकों के बीच वितरण की परिसंपत्ति**

मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 592 लाभुकों के बीच 4,80,58,992 रुपये की परिसंपत्ति का किया वितरण। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 107 सखी मंडलों को बैंक लिंकेज के तहत 2 करोड़ 58 लाख रुपये और 424 सखी मंडलों को सामुदायिक निवेश निधि के तहत एक करोड़ 42 लाख रुपये की राशि सौंपी। इसके अलावा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अंबेडकर आवास योजना समेत कई योजनाओं का लाभ लाभुकों को प्रदान किया। इस मौके पर आयुक्त (संथाल परगना प्रमंडल) लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम समेत जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जनबल के आगे धनबल हुआ कमजोर, एनडीए उम्मीदवार को मिला भारी जनसमर्थन



मीडिया से बातचीत करते आदित्य साहू • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI:** डुमरी उप चुनाव के बाद भाजपा ने एनडीए प्रत्याशी के प्रबल जीत का दावा किया है। राज्यसभा सांसद और प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर डुमरी की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि डुमरी की जनता हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी जन भागीदारी सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने डुमरी उप चुनाव में लोकतंत्र को तार-तार करने का कार्य किया है। उप चुनाव के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और वे चुनाव प्रचार में व्यस्त थे लेकिन डरी सहमी हुई हेमंत सरकार ने चुनाव प्रचार प्रभावित करने के इरादे से उनके और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कमरे में छापेमारी करवाई जबकि जेएमएम, कांग्रेस और राजद के नेता कार्यकर्ता खुलेआम पैसे बांटते रहे। उनपर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बावजूद जनबल के आगे धनबल कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार के दौरान एनडीए कार्यकताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया। मारपीट की गई। मारपीट करने वाले भोला सिंह और उनके बेटे के खिलाफ अब तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही दावा किया कि एनडीए गठबंधन की प्रत्याशी यशोदा देवी को भरपूर समर्थन मिला है। वह भारी मतों से चुनाव जीत रही हैं।

## संकल्प यात्रा को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी : नीलकंठ

**PHOTON NEWS KHUNTI:** खूंटी विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले खूंटी, कर्रा और मुरहू मंडल के भाजपा कार्यकताओं की बैठक मंगलवार को खूंटी के विधायक और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा के आवास पर हुई। बैठक में संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि संकल्प यात्रा 22 सितंबर को खूंटी विधानसभा में होना तय है। उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा और जनसभा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। जनसभा में बूथ कमेटी के सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी को भाग लेना है। विधायक ने कहा कि संकल्प यात्रा को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बैठक को प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कांशी नाथ महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने की। बैठक के बाद मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विधायक आवास से मिट्टी लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री बिनोद नाग और धन्यवाद ज्ञापन नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश जायसवाल ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, कोषाध्यक्ष लव चौधरी, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, जनार्दन मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संकल्प यात्रा के तीसरे दिन हजारीबाग के बरकट्ठा में हेमंत सरकार पर जमकर बरसे बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को संकल्प यात्रा के तीसरे चरण में बरकट्ठा पहुंचे। बुढ़िया माता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने ब्लॉक मैदान में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की विशाल जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार लूट, अपराध, भ्रष्टाचार की पर्याय है। लगभग चार वर्षों में इस सरकार ने केवल झारखंड के नाम की राजनीति की लेकिन झारखंड के लोगों का कुछ भला नहीं किया। केवल झारखंड को लूटा और लुटवाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यदि बेदाग हैं तो ईडी के सवालों से क्यों भाग रहे। क्यों बचने और बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में महंगे महंगे वकील के माध्यम से पैरवी करवा रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार



सभा को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी • फोटोन न्यूज

की नीयत साफ रहती तो बॉर्डर पर तस्करों को पकड़ती लेकिन दलाल बिचौलिए धड़ल्ले से झारखंड की खनिज संपदा, बालू को बाहर ले जा रहे। बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के लिए, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भी पैसे देने पड़ते हैं। जिस मुख्यमंत्री ने खुद नाम बदलकर आदिवासियों, गरीबों की जमीन हड़पी है उससे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। साथ ही कहा कि जिस दिन मुख्यमंत्री, मंत्री ट्रांसफर-पोस्टिंग में, सरकारी योजनाओं में पैसे लेना बंद कर देंगे उस दिन किसी पदाधिकारी की हिम्मत नहीं की जनता से काम के बदले पैसे की मांग कर दें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध मुक्त झारखंड के लिए भाजपा की सरकार आवश्यक है। साथ ही 2024 के चुनाव में झारखंड की 14 लोकसभा सीटें भाजपा के खाते में डालकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने तथा राज्य में मजबूत भाजपा सरकार बनाने का आह्वान किया।

### हेमंत सोरेन सरकार में 10 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला उजागर : बाबूलाल

**HAZARIBAGH:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने गुजरे तीन सालों में घोटालों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। घोटाला करना, घोटालेबाजों को बचाना, घोटाले में हिस्सा लेना, दलाल माफियाओं के सहारे पैसे कमाना ही इस सरकार का मुख्य काम रह गया है। जारीबाग सर्किट हाउस में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में मरांडी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर 06 मई, 2021 को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की कार्रवाई मनरेगा मामले में शुरू नहीं हुई होती, पूजा सिंघल समेत कई लोग पकड़े नहीं जाते, नोटों का भंडार नहीं पकड़ा जाता तो राज्य को हेमंत सोरेन आज घोटाले के मामले में कहां पहुंचा देते? हाई कोर्ट के आदेश पर शुरू हुई मनरेगा घोटाले की जांच से लगता है कि आगे और न जाने और कितने नये घोटाले उजागर होंगे। मरांडी ने कहा कि अब तक जो घोटाले पकड़े गए हैं उनमें 550 करोड़ का मनरेगा घोटाला, 1500 करोड़ का उद्योगों के लिए आवंटित कोयला का घोटाला, 1500 करोड़ का अवैध खनन घोटाला, 3000 करोड़ का ग्रामीण विकास के लिए आवंटित फंड के दुरुपयोग का घोटाला, 3000 करोड़ से भी ज्यादा का भूमि घोटाला, 800 करोड़ का टेंडर घोटाला, 100 करोड़ से भी अधिक का ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला और 1500 करोड़ का शराब घोटाला प्रमुख रूप से शामिल हैं। इस प्रकार 10 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला इस सरकार में उजागर हुआ है। अब तो खनन घोटाले की जांच में न्यायालय के आदेश से सीबीआई भी आ गई है।

## बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी के राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड की बैठक संपन्न

# लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना बेहद जरूरी : स्वास्थ्य मंत्री

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को पीसीपीएनडीटी के राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। मंत्री ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना नितान्त आवश्यक है। इसके लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट कैसे मजबूत हो, इस उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया है। मुखबिर योजना के तहत सभी जिलों में लगातार विशेष जांच अभियान चलाकर ऐसे अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को चिन्हित किया जाए, जहां अवैध रूप से लिंग परीक्षण किए जाते हैं। उसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति या चिकित्सक पर तुरंत कार्रवाई की जाए। अल्ट्रासाउण्ड कराने वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए उनका फोटोयुक्त वैध पहचान पत्र की प्रति अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक में होनी चाहिए। बैठक में उपस्थित सभी जिलों के सिविल सर्जन को सख्त निदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि किसी भी जिले में अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक में पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं क्लीनिकल स्थापना अधिनियम का अनुपालन यदि नहीं होता है, तो उस जिले में जिम्मेदार पदाधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने



बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री व अन्य • फोटोन न्यूज

राज्य में स्थापना अधिनियम के संदर्भ में लिंग परीक्षण एवं कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए स्थापना अधिनियम क्लिनिक स्थापना अधिनियम तथा मुखबिर योजना के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर जन-जागरुकता फैलाने का भी निदेश दिया। सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक पर पोस्टर लगाए जाने तथा सोशल मिडिया पर भी वृहद प्रचार-प्रसार करने को कहा। बैठक में विधायक पूर्णिमा सिंह, दीपिका पाण्डेय ने भी अपने विचार रखे। विधायक दीपिका पाण्डेय ने कहा कि मशीन कार्यात्मक नहीं रहने के कारण लाभुक को प्राइवेट अल्ट्रसाउण्ड क्लिनिक में जाना पड़ता है।

सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य रूप से अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक सही रूप से कार्य करें इसकी जिम्मेवारी जिला की हो। सभी जिले पीसीपीएनडीटी एक्ट का पालन करते हुए झारखण्ड के लिंगानुपात में सुधार करना सुनिश्चित करें। पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि पीसीपीएनडीटी एक्ट कर पोस्टर, बैनर, व्हाट्सएप मैसेज बनाकर लोगों को जागरूक करना है। लिंगानुपात में गिरावट होने पर समाज में असंतुलन की स्थिति होगी, इसलिए पीसीपीएनडीटी एक्ट का अक्षरशः पालन करना जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने जिला स्तरीय पर्यवेक्षण बोर्ड में गैर सरकारी सदस्यों का नये सिरे से चयन किए जाने का निदेश दिए। साथ ही गलत आचरण वाले अल्टासाउण्ड क्लिनिक पर कार्यवाही करने का भी निदेश दिया। कहा कि जिला स्तर पर गठित अनुश्रवण समिति में सदस्यों के नाम एवं दूरभाष संख्या का होना आवश्यक है। समिति की नियमित एवं समीक्षात्मक बैठक करायी जाए। सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक पर उस जिले के सिविल सर्जन, चिकित्सक तथा राज्य स्तर से किसी एक जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम एवं दूरभाष संख्या उपलब्ध कराया जाए। बैठक के आरंभ में अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी द्वारा पिछले बैठक की कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में प्रधान सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, प्रधान सचिव विधि विभाग, निदेशक आयुष, विभागाध्यक्ष, समाज विज्ञान, रांची विश्वविद्यालय, रांची, विभागाध्यक्ष, स्त्री एवं प्रसूति विभाग, रिम्स, विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजी, राज्य कार्यक्रम समन्वयक, एनएचएम सहित अन्य उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

### ऊर्जा विकास निगम के 33 प्रबंधकों को वरीय प्रबंधक के पद पर मिला प्रमोशन

RANCHI : झारखंड ऊर्जा विकास निगम ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, झारखंड उर्जा संचरण निगम, झारखंड उर्जा विकास निगम के 33 प्रबंधकों को वरीय प्रबंधक के पद पर प्रमोशन दिया है। इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार वरीय प्रबंधक प्रवीण कुमार चालू प्रभार, प्रबंधक शनिचरवा उरांव, श्रीकांत, विमल कुमार झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, निशि विश्वकर्मा, राकेश सिन्हा, किशोर कुमार मंडल, गोपाल जी प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद सिंह, माइकल बोनोफेस सोरेन, अजय कुमार, संजय कुमार, आनंद कुमार तिर्की, शैलेश पाठक, गौरव कुमार झा, ज्योत्सना पांडेय, सबिता कुमारी, मजहर मजीद, राज कुमार झा, धनु कुमार गुप्ता, लवली चौधरी, स्वाति शरण, अजीत कुमार, साजिदा मियां, नेहा प्रीति सुमन, अनामिका, निशांत कुमार उरांव, अगस्तीना चिरमाको, संजीव लकड़ा, निलिमा सुमन टोपनो, अंजनी लता उरांव और रोबिन विल्सन टोप्पो को वरीय प्रबंधक के पद पर प्रमोशन दिया गया है।

### झारखंड के मोस्ट वांटेड 33 नक्सलियों की तलाश कर रही एनआईए

RANCHI : केंद्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को झारखंड के मोस्ट वांटेड 33 नक्सलियों की तलाश है। इन सभी नक्सलियों पर एनआईए ने 95 l50 लाख का इनाम घोषित कर रखा है। बता दें कि एनआईए झारखंड टेरर फंडिंग, विदेशी हथियार बरामदगी समेत कई मामले की जांच कर रही है। जांच एजेंसी ने कई नक्सलियों और टेरर फंडिंग से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। इसके बाद भी 33 नक्सली ऐसे हैं, जिनकी एनआईए को तलाश है।

### रिम्स में जल्द शुरू होगी असाध्य और दुर्लभ रोगों की जांच

RANCHI : रिम्स का जेनेटिक एवं जीनोमिक्स विभाग पूर्ण एक्जोम सीक्वेंसिंग की तैयारी में जुटा है। जल्द ही असाध्य एवं दुर्लभ रोगों की झारखंड में जांच शुरू होगी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने रिम्स के जेनेटिक्स एवं जीनोमिक्स विभाग द्वारा प्रस्तावित दो बाह्य अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान देने की स्वीकृति दी है। दोनों ही अनुसंधान सिकल सेल एनीमिया के क्षेत्र में होगा।

### चेहल्लुम का मातमी जुलूस कल, तैयारी अंतिम चरण में

RANCHI : शिया समुदाय की ओर से चेहल्लुम के मौके पर मातमी जुलूस सात सितंबर को निकाला जाएगा। इसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। गुरुवार की सुबह साढ़े नौ बजे जुलूस मेन रोड अनवर टॉवर से निकलेगा। इसके बाद जुलूस विश्वकर्मा मंदिर लेन से निकलकर वूल हाउस, उर्दू लाइब्रेरी, टैक्सी स्टैंड, चर्च रोड, विक्रांत चौक होते हुए कर्बला चौक स्थित कर्बला में पहुंचकर समाप्त होगा। जुलूस से पूर्व अनवर टॉवर में मजलिस का आयोजन किया जाएगा। इस मजलिस में कर्बला की जंग में इमाम-ए-हुसैन की शहादत का जिक्र किया जाएगा। मौलाना तहजीबुल हसन रिजवी ने बताया कि इमाम-ए-हुसैन और उनके जानिसारों को दस मुहर्रम को शहीद कर दिया गया था। उनकी शहादत के 40वें दिन चेहल्लुम मनाया जाता है। फराज अब्बास ने बताया कि जुलूस की तैयारी की जा रही है। सुबह साढ़े नौ बजे जुलूस निकलेगा।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# रांची हिंसा : HC ने सरकार से मांगी UP TO DATE STATUS REPORT

## 26 सितंबर को कोर्ट सुनाएगा फैसला, 10 जून 2022 की घटना



फाइल फोटो

SPECIAL REPORTER RANCHI : रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा मामले पर झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अपटूडेट स्टेटस रिपोर्ट टेबुलर रूप में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मेन रोड हिंसा में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस घटना को बड़ी हिंसा में परिवर्तित होने से रोक दिया था। पुलिस ने पहले हिंसक भीड़ पर लाठी चार्ज किया, इसके बाद आंसू गैस का उपयोग किया। जब हिंसा फैलाने वालों ने पथराव और फायरिंग शुरू की तो मजिस्ट्रेट के आदेश से पुलिस ने कंट्रोल्ड फायरिंग शुरू की। जिससे भीड़ तीतर बीतर हो गई थी। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने 47 एफआईआर दर्ज किया, इनमें से कई केस में चार्जशीट दाखिल हो गई है और कुछ केस में अभी पेंडिंग है। इसमें से एक एफआईआर जिसमें पुलिस पर फायरिंग का आरोप है उसे सीआईडी जांच के लिए भेजा गया था। सीआईडी जांच में भी हिंसक प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है और अनुसंधान चल रहा है। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का भी अध्ययन करते हुए अन्य आरोपियों को चिन्हित किया है, उनकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया जारी है। दूसरी ओर घटना को लेकर फेसबुक, गूगल मैप और सोशल मीडिया से भी डाटा प्राप्त करने की कोशिश हो रही है और उपलब्ध डाटा को खंगाल जा रहा है। अनुसंधान सही तरीके से की जा रही है इसलिए इसमें भी किसी दूसरी एजेंसी के हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है। वहीं एनआईए के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि एनआईए सिर्फ शेड्यूल ऑफेंस होने पर ही अनुसंधान करती है लेकिन इस घटना में अभी तक अनुसंधान में ऐसी बात नहीं आई है। कोर्ट ने मामले में प्रार्थी एवं प्रतिवादियों को अगली सुनवाई में संक्षिप्त बहस दायर करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी, उस दिन कोर्ट अपना आदेश सुनाएगी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

## 26000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### सरकार और जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

SPECIAL REPORTER RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। अदालत ने सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी बहादुर महतो की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार की वर्ष 2023 की नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदाकर्मियों को नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि पिछली नियमावली में इन्हें आरक्षण प्राप्त था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अदालत ने खररउ ( झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन) को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। तब तक नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। दरअसल, झारखंड में पहली बार एक साथ 26,000 सहायक शिक्षकों (आचार्यों ) की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें पारा शिक्षकों के लिए 12,868 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 13,133 पद आरक्षित रखे गये हैं। पहली कक्षा से लेकर पांचवीं कक्षा तक के लिए इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए 5469 और गैर पारा शिक्षकों के लिए 5531 पद आरक्षित किये गये हैं। छठी से आठवीं कक्षा के लिए स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक की नियुक्ति में पारा शिक्षकों के लिए भाषा, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान-गणित विषय के लिए 7399 पद और गैर पारा शिक्षकों के लिए 7602 पद आरक्षित रखे गये हैं।

## कोर्ट परिसर और जजों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा बढ़ाएं : डीजीपी

### आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक




पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीजीपी अजय कुमार सिंह।

CRIME REPORTER RANCHI : राज्य के कोर्ट परिसरों और जजों के आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर मंगलवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह जिलों के एसएसपी, एसपी और डीआईजी के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीजीपी ने जोनल आईजी, सभी रेंज के डीआईजी से उनके क्षेत्र के अंदर आने वाले कोर्ट परिसर और जज कॉलोनी की सुरक्षा बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की और कमियों को तुरंत दूर करने का निर्देश दिये। इसके अलावा समीक्षा बैठक के दौरान डीजीपी ने कोर्ट परिसरों, जज और उनके आवासीय कॉलोनियों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण करने और मिली कमियों को दूर कर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिये। प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी और बलों को कर्तव्य पर मुस्तैद रहने के लिए उनके प्रशिक्षण, ड्यूटी से पूर्व ब्रीफिंग और लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चहारदीवारी, फेन्सिंग वायर, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं अन्य व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ ही उन्होंने सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षकों से कार्रवाई के बारे में जानकारी ली तथा कमियों को यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। न्यायालय परिसर, माननीय न्यायाधीशों एवं उनके आवासीय परिसरों की सुरक्षा को लेकर क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षकों एवं संबंधित वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षकों को लगातार अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर बेहतर ढंग से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।संबंधित रेंज डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि उनके क्षेत्र में जितने भी जिले हैं और उन जिलों में जितने भी न्यायालय परिसर आवासीय परिसर एवं न्यायाधीश हैं, उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रांची को उपलब्ध करायेंगे तथा जो भी सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता हो उसे कराना सुनिश्चित करेंगे।

## लापता जमीन कारोबारी नवीन कुमार मिश्रा का पांच दिन बाद भी सुराग नहीं

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, परिजनों ने रातू थाना में दर्ज कराई थी प्राथमिकी

CRIME REPORTER RANCHI : रातू थाना क्षेत्र के रहने वाले जमीन कारोबारी नवीन कुमार मिश्रा का लापता होने के पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि नवीन कुमार मिश्रा की तलाश की जा रही है । अब तक कांठी टांड़ और तिलता चौक के बीच विभिन्न जगहों पर लगे सीसीटीवी के फुटेज को खंगाला गया है। पुलिस मामले में टेक्निकल सेल की मदद ले रही है। नवीन कुमार मिश्रा ने बीते 31 अगस्त को अपने बेटे के मोबाइल फोन पर लोकेशन भेजा था। इसके बाद से उनका कोई पता



नवीन कुमार मिश्रा की फाइल फोटो।

नहीं चल पाया है। नवीन के परिजनों ने रातू थाना क्षेत्र के ललित ग्राम निवासी सोमनाथ पांडे पर अपहरण का आरोप लगाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने सोमनाथ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सोमनाथ ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह नवीन को तिलता चौक के समीप कार से उतार कर चला गया था। इस दौरान नवीन अपना मोबाइल उसकी कार में भूल गया था। हालांकि बाद में उसे छोड़ दिया गया। वहीं दूसरी ओर नवीन मिश्रा की पत्नी साधना पाठक ने थाने में दिये आवेदन में कहा है कि उनके पति (नवीन) 31 अगस्त को दिन के तीन बजे घर से निकले थे। इसके बाद से उनका कोई अता-पता नहीं है।

### जन्माष्टमी को लेकर लड्डू गोपाल की पोशाक, पूजा सामग्री की दुकानों में भीड़

RANCHI : जन्माष्टमी के अवसर बाल गोपाल और राधारानी के परिधान के साथ लड्डू गोपाल के झुले, पूजा चौकी, मटकी लोगों को काफी पसंद आ राहे हैं। 1 से 10 वर्ष के बच्चों के लिए बाल-गोपाल और राधा के परिधान मिल रहे हैं। बाल गोपाल कपड़े 200 से शुरू होकर 1500 तक मिल रहे हैं। दूसरी और राधारानी के परिधान इस वर्ष गोपाल के परिधान से महंगे दामों में बिक रहे हैं। हर किस्म की पालकी लकड़ी से बने झुले, बांसुरी, धातु के बने चौकी हस्तकला से भरपूर सजावटी मटकों की काफी डिमांड है। अपर बाजार के विक्रेता अमित जैन ने बताया की इस वर्ष लोगों की भीड़ काफी है।

## रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में दस तक हल्की बारिश के आसार

### बंगाल की खाड़ी में बना साईक्लोनिक सरकुलेशन का असर

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में दस सितंबर तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान राज्य के विभिन्न इलाकों में बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के हर हिस्से में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश गढ़वा के बोलवा में 80.6 मिमी हुई। इसके अलावा रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में बंगाल की खाड़ी में बना साईक्लोनिक सरकुलेशन दबाब क्षेत्र ओडिशा के दक्षिणी भाग और आंध्र के उत्तरी भाग होते हुए अगले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ होते हुए गुजरेगा। इसका झारखंड में भी हल्का असर रहेगा और बारिश होगी। पिछले 24 घंटों में राज्य के अन्य हिस्सों समेत पुटकी में 56.0 मिमी, धनबाद में 50.4 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 44.4 मिमी, मेदिनीनगर में 24.0, बोकारो में 24.0, देवघर में 26.0, गिरिडीह और हजारीबाग में 10.0 मिमी और रांची 14.0 मिमी बारिश हुई। अगले 24 घंटों के दौरान राजधानी समेत राज्य के विभिन्न भागों में एक से दो बार बारिश हो सकती है। विभाग के मुताबिक मौजूदा समय में मानसून टर्फ ओडिशा से गुजर रहा है। यह नजीवाबाद, लखनऊ, सतना, रायपुर से निम्न दबाब क्षेत्र होते हुए बंगाल की खाड़ी से गुजर रहा है। झारखंड के दक्षिण से गुजरने के कारण इसका हल्का प्रभाव यहां भी पर पड़ेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश होने से राज्य में एक जून से अब तक 534.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य वषार्पात 840.2 मिमी से 36 फीसदी कम है। वहीं, रांची में बारिश की कमी 39 फीसदी है। यहां सामान्य वषार्पात 855.9 मिमी के मुकाबले 518.6 मिमी हुई है।

## कोई मतदाता न छूटे, इसका विशेष ध्यान रखें : उपायुक्त

### कुर्गी पंचायत में विकास कार्यों का डीसी ने लिया जायजा

PHOTON NEWS RANCHI : रांची जिला में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे निर्वाचन कार्य का जायजा लेने रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा इटकी प्रखंड की कुर्गी पंचायत पहुंचे। यहां उन्होंने डोर टू डोर मतदाता सत्यापन कार्य, होम टू रोल, पन्ना वेरिफिकेशन, फॉर्म प्रोसेसिंग, एएमएफ (एस्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी) के बारे में जानकारी ली। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सुपरवाइजर, बीएलओ से निर्वाचन संबंधी कार्यों के बारे में विस्तार से पूछा। उपायुक्त ने कहा कि कोई मतदाता न छूटे, इसका विशेष ध्यान रखें। हर मतदाता का वेरिफिकेशन कर लें कि उनका विवरण सही है या नहीं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की तथा घर के सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं, इसकी जानकारी ली। उपायुक्त ने क्षेत्र के योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश बीएलओ को दिया। बीएलओ द्वारा बताया गया कि ऐप के माध्यम से आवेदन किया जा रहा है। उपायुक्त ने ऑन द स्पॉट बीएलओ ऐप पर आवेदन स्थिति को देखा। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने खेल रहे बच्चों से उनकी पढ़ाई के संबंध में सवाल किये।

### फुटबॉल टूनार्मेंट में एमएमएफसी कांके की टीम बनी चैंपियन

RANCHI : शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 के चैंपियन का खिताब एमएमएफसी हथिया गोंदा कांके ने जीत लिया है। शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में खेला गया। मैच एमएमएफसी हथिया गोंदा कांके और डीजे ब्रांड मुड़मा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में एमएमएफसी हथिया गोंदा कांके ने 1-0 गोल से जीत हासिल की। मैन ऑफ द सिरीज रेमन (मुड़मा टीम) और मैन ऑफ द मैच सुमित लकड़ा (गोंदा टीम) को चुना गया।

## सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी लेनेवाले बबलू पासवान सहित तीन गिरफ्तार, हथियार बरामद

### अपराधी बबलू के खिलाफ रांची और सिमडेगा के अलग- अलग थानों में दर्ज हैं 12 मामले

CRIME REPORTER RANCHI : माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या की सुपारी लेने वाला कुख्यात अपराधी बबलू पासवान समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने रातू थाना क्षेत्र का रहने वाला बबलू पासवान, पुंदाग ओपी क्षेत्र के हेहल रोड का रहने वाला पिंटू कुमार और प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, रेकी में उपयोग की गयी कार और पांच मोबाइल फोन बरामद किया है। अपराधी बबलू पासवान के



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी ● फोटोन न्यूज

खिलाफ रांची और सिमडेगा जिले के अलग- अलग थाना में कुल 12 मामले दर्ज हैं। रांची पुलिस इस मामले में पहले भी तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सुभाष मुंडा का छोटू खलखो के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। दलादली मौजा स्थित 119 डिसमिल जमीन पर सुभाष मुंडा अपनी दावेदारी पेश कर रहे थे। इससे पहले भी 90 डिसमिल के प्लॉट पर सुभाष मुंडा ने अड़ंगा डाला था। जिसके बाद छोटू कुजूर को उसे औने-पौने दाम में बेचना पड़ा था। परेशान होकर छोटू ने उनकी हत्या की योजना बनाई। छोटू ने सुभाष मुंडा के व्यावसायिक पार्टनर विनोद कुमार से दोस्ती बढ़ाई और विवादित जमीन में आधी हिस्सेदारी का प्रलोभन दिया। जिसके बाद विनोद ने अपने पार्टनर सुभाष की हर गतिविधि की जानकारी छोटू को देनी शुरू कर दी। इसके बाद छोटू ने कुख्यात अपराधी बबलू पासवान से संपर्क किया। बबलू से 15 लाख नकद और 10 डिसमिल जमीन देने की बात पर सुभाष मुंडा की हत्या का सौदा तय हुआ। उसे 4 लाख नकद और 6 डिसमिल जमीन एडवांस के तौर पर दिए गए।

### 1 सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने कोर्ट में दाखिल की थी सैंकड़ों पन्नों की प्रोसिक्यूशन कंप्लेन

## लैंड स्कैम : भरत, राजेश और विष्णु के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर ईडी कोर्ट ने लिया संज्ञान

CRIME REPORTER RANCHI : लैंड स्कैम के आरोपी भरत प्रसाद, राजेश राय, विष्णु अग्रवाल सहित अन्य के खिलाफ इन्फोर्समेंट डॉयरेक्टोरेट (ईडी) द्वारा दायरआरोप पत्र (प्रोसिक्यूशन कंप्लेन-पीसी) पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने संज्ञान लिया है। इससे पहले 1 सितंबर को ईडी ने कोर्ट में सैंकड़ों पन्नों की प्रोसिक्यूशन कंप्लेन दाखिल की थी। जिसमें यह जानकारी दी गयी है कि करोड़ों रुपये के लैंड स्कैम को कैसे अंजाम दिया गया है और इस पूरे प्रकरण में किसकी क्या भूमिका है। इससे पहले ईडी ने विष्णु अग्रवाल की 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति जब्त कर चुकी है। सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के अलग-अलग इलाकों में फर्जी कागजात के सहारे भूमि की खरीद-बिक्री करने से जुड़े इस केस में विष्णु अग्रवाल प्रमुख आरोपी हैं। ईडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है।

### राम प्रकाश भाटिया ने ईडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

RANCHI : मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार राम प्रकाश भाटिया ने मंगलवार को कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। भाटिया के अधिवक्ता ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुहार लगाई है। भाटिया पर ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की ब्लैक मनी को व्हाइट करने में सहयोग करने का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राम प्रकाश भाटिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल की है। इसपर कोर्ट संज्ञान भी ले चुका है। ईडी ने राम प्रकाश भाटिया को 24 जुलाई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

## नक्शा विचलन से जुड़े मामले में आठ महीने में एक गवाही

CRIME REPORTER RANCHI : नक्शा विचलन से जुड़े 12 साल पुराने मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में जारी है। मामले में आरोपियों के आरोप तय होने के बाद सीबीआई को केस साबित करने के लिए सबूत प्रस्तुत करना है। मंगलवार को मामले में गवाही की तारीख निर्धारित थी, लेकिन गवाही दर्ज नहीं हो सकी। सीबीआई की ओर से पिछले आठ महीने में सिर्फ एक गवाह को ही प्रस्तुत किया जा सका है। मामले में आरोपी रानी अस्पताल के संचालक शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार, जगन्नाथ लाइफकेयर अस्पताल के निदेशक हड्डी रोग विशेष डॉ. सुधीर कुमार समेत पांच के खिलाफ सीबीआई कोर्ट ने बीते 17 दिसंबर को आरोप तय किया था। इसके बाद अदालत ने सीबीआई को सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। अदालत ने अगली गवाही की तारीख 29 सितंबर निर्धारित की है। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 25 मार्च 2011 को प्राथमिकी दर्ज की थी। सीबीआई ने जांच पूरी करते हुए जनवरी 2013 में अदालत में चार्जशीट दाखिल की। जिसमें नक्शा विचलन करने का आरोप सही पाया गया है। अब इसे अदालत में साबित करना है।

BRIEF NEWS

### पलामू में साढ़े तीन किलो गांजा के साथ बिहार की महिला गिरफ्तार



**PALAMU:** पुलिस ने पांकी रोड में जनकपुरी रामजानकी मंदिर के पास से बिहार की एक महिला को करीब साढ़े तीन किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिन्हा ने मंगलवार की शाम शहर थाना में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि पांकी रोड में जनकपुरी रामजानकी मंदिर के पास एक महिला नारंगी रंग के बैग तथा एक झोले में गांजा लेकर बेचने के मकसद से जाने के लिए खड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस दिया। बाद में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग ने महिला पुलिस की मदद से तलाशी ली। उसके पास से गांजा के दो पैकेट बरामद हुए। एक पैकेट में 1.590 किलो ग्राम एवं दूसरे में 1.830 किलो ग्राम गांजा पाया गया। एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। साथ ही महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार महिला लंबे समय से गांजा बेचने के कारोबार से जुड़ी हुई थी। महिला पूजा कुंवर बिहार के औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के बेंगाही की रहने वाली है। पुलिस की पूछताछ में महिला ने कई जानकारियां दी है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मुरहू में कई कार्यक्रमों का आयोजन

**KHUNTI:** मुरहू प्रखंड में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत मंगलवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख एलिस ओड़ेया, उप प्रमुख अरूण कुमार साबू, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुरहू के अंचल अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला जन संपर्क विभाग ने विज्ञाप्ति जारी करकेबताया कि पोषण माह का उद्देश्य जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अधिक से अधिक संख्या में माताओं, किशोरियों तथा बच्चों को पोषण से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराना है। आमतौर पर किसी भी बच्चे के लिए 1000 दिन काफी महत्वपूर्ण होते हैं, जन्म से पूर्व नौ महीने तथा जन्म के बाद दो वर्ष महत्वपूर्ण होते हैं। इस 1000 दिन में माता एवं बच्चों के पोषण से संबंधित ध्यान रखना आवश्यक होता है। गर्भावस्था के दौरान जांच और बच्चें के विकास पर ध्यान देना होता है। साथ ही साथ चिकित्सक की सलाह लेना भी जरूरी है।

### खेल मानव जीवन का अनिवार्य अंग : कोचे मुंडा

**KHUNTI:** तोरपा विधानसभा क्षेत्र की दियाकेल पंचायत में शिक्षक दिवस के अवसर पर पैरा कौशु बाजार टोली में मंगलवार को हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल के क्षेत्र में खूंटी जिले नाम पूरे देश में है। बात हॉकी की हो, तो कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपने क्षेत्र के साथ ही देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी खेल और खिलाड़ियों पर काफी ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अनुशासन में रहकर खेलें और तोरपा विधानसभा के साथ ही खूंटी जिले का नाम रौशन करें। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा के हर प्रखंड में एक-एक स्टेडियम के निर्माण के लिए वे प्रयासरत हैं। मौके पर कोचे मुंडा ने खिलाड़ियों को जर्सी देकर सम्मानित किया।

# खूंटी में चली गोली, दो युवक घायल, हालत गंभीर, रिम्स रेफर

## थाना से महज दो किमी की दूरी पर फायरिंग कर पुलिस के सामने पेश की चुनौती

**PHOTON NEWS KHUNTI:** शहर में दिनदहाड़े अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। घटना खूंटी थाना क्षेत्र से महज डेढ़ से दो किमी की दूरी पर स्तिथ डीएवी स्कूल के पीछे हुटूबदाग फुटबॉल मैदान में हुई है। जहां दो बाइक पर सवार होकर पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने दो युवकों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर फरार हो गए। इस गोलीबारी की घटना से सुबोध गंझू और शिव कुमार नामक दो युवक घायल हो गए हैं। घायल दोनों युवक रिश्ते में जीजा-साला हैं और खूंटी थाना क्षेत्र के दतिया गांव के निवासी हैं। घायलों की हालत गंभीर, रिम्स रेफरः घटना के बाद फुटबॉल मैदान में मैच देख रहे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। अचानक पूरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इसके बाद आसपास के लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद घायल दोनों युवकों को रांची के रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही खूंटी थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव, एसआई भजन लाल महतो, राजेश हाजरा समेत कई पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का बयान लिया। इसके बाद पुलिस मामले की जांच



में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक अपराधियों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। हालांकि खूंटी पुलिस अपराधियों के धड़-पकड़ में जुटी थी।अपराधियों से किसी बात पर हुआ था विवादः पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबोध गंझू और शिव कुमार दोनों बिरसा कॉलेज स्तिथ कैंटीन में खाना खाने के बाद बाहर निकले थे। जहां पहले से मौजूद कुछ युवकों से किसी बात को लेकर दोनों की कहासुनी हुई थी। उसके बाद दोनों वहां से सीधे फुटबॉल देखने डीएवी स्कूल के पीछे मैदान में पहुंच गए। जहां बड़ी संख्या में लोग मैच देख कर लौट रहे थे। उसी दौरान दो बाइक पर पांच अपराधी हथियार लेकर पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान सुबोध के पेट में गोली लग गई, जबकि शिव कुमार के हाथ में गोली लगी है। बताया जा रहा है कि गोलीबारी के समय भगदड़ मच गया। लोग अपनी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को अस्पताल भेजा गया।पुलिस मामले की जांच में जुटीः इस संबंध में खूंटी के डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पांच अपराधी दो बाइक पर पहुंचे थे और फायरिंग करके फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सदर अस्पताल में प्रारंभिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि मामला आपसी विवाद का लग रहा है। उन्होंने बताया कि घायल और अपराधियों के बीच दिन में ही किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। फायरिंग करने वाले कौन लोग थे पुलिस इस बात का पता लगा रही है। उन्होंने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का दावा किया है।

# AK-47 की गोली और लैंड माइंस बनाने की सामग्री बरामद

## बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे नक्सली

**PHOTON NEWS PALAMU:** माओवादियों के खिलाफ सर्च अभियान में सुरक्षा बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती कुंडीलपुर में पुलिस और सीआरपीएफ के ज्वाइंट ऑपरेशन में माओवादियों का सामान पुलिस के हाथ लगा है।

**क्या- क्या हुआ बरामद**

इस अभियान में सुरक्षा बलों के हाथ एके 47 की गोली, लैंड माइंस बनाने की सामग्री, डेटोनेटर, वायर, वर्दी, नक्सली साहित्य, पर्चा, दवाई, मोबाइल फोन, चार्जर सहित विभिन्न प्रकार के पचास सामान शामिल है। बरामद सामान से माओवादियों के खतरनाक मंसूबे का पता चलता है। माओवादी सुरक्षा बलों को टारगेट करने के लिए खतरनाक एक्सप्लोसिव डिवाइस तैयार कर रहे थे।



**नक्सलियों के सुरक्षित पनाह बना है यह इलाका**

बिहार बॉर्डर से सटा यह इलाका माओवादियों के लिए सुरक्षित ठिकाना रहा है। जानकारी के मुताबिक माओवादियों के इकट्ठा होने की जानकारी पर सुरक्षा बल जंगली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। संभावना है कि सुरक्षाबलों के आने की भनक माओवादियों को लग गई और अपना सामान छोड़कर भाग निकले। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि मंगलवार को माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया जा रहा था। शाम में कुंडीलपुर से माओवादियों का पचास तरह का सामान मिला है। जिसमे गोली और विस्फोटक सामग्री है। बरामद सामान की सूची तैयार की जा रही है।

# पांच लाख के इनामी उग्रवादी को लेकर JJMP ने दिया बयान, गिरफ्तारी का दावा

**PHOTON NEWS PALAMU:** उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सुशील उरांव को पलामू-लातेहार के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया है। उसके ऊपर झारखंड सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया है। जेजेएमपी संगठन में उसका दायित्व सेकंड इन कमान की है। जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के कर्मवीर ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि पुलिस कई दिनों से सुशील उरांव को गिरफ्तार कर रखा है लेकिन अब तक उसे सार्वजनिक नहीं किया है और न्यायालय में भी उपस्थित नहीं



कराया है। सुशील लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के मंधनिया गांव का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले लातेहार में हुई एक मुठभेड़ में जगुआर के डिप्टी कमांडेंट शहीद हो गए थे। इस घटना में सुशील उरांव मुख्य आरोपितों में से एक है। वह पिछले एक दशक से उग्रवादी संगठन जेजेएमपी में सक्रिय है। वह पुलिस पर हुए कई हमलों का आरोपित है। उम्मीद है कि जल्द ही पुलिस सुशील उरांव की गिरफ्तारी को सार्वजनिक करेगी।

### पौधरोपण कर मनाई सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती

**PALAMU:** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने मंगलवार को पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड के कंडा प्लस टू उच्च व मध्य विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई। पौधरोपण से कंडा प्लस टू उच्च विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली गई। विद्यार्थियों ने ह्यवृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है आदि नारे लगाए।

# दामोदर नदी में मिला युवती का शव पुलिस कर रही मामले की जांच

**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़ थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने दामोदर नदी से एक युवती की लाश बरामद की है। मृतका की पहचान कुज्जू ओपी क्षेत्र के पैंकी निवासी श्वेता पांडा (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार श्वेता सोमवार की रात से ही अपने घर से लापता थी। जिसकी सूचना उसके पिता के द्वारा कुज्जू पुलिस को दी गई थी। हालांकि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली थी तो सोमवार की





रात से ही श्वेता की तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस ने सबसे पहले मृतका के रिश्तेदारों और दोस्तों के घर उसकी तलाश की। लेकिन जब बाद में यह संदेह हुआ कि वह दामोदर नदी की तरफ गई है, तो पुलिस ने नदियों के आसपास भी उसकी खोजबीन की। मंगलवार को ग्रामीणों ने जब लाश को तैरते हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जब शव को बाहर निकाल तो श्वेता के परिजनों ने ही उसकी शिनाख्त भी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# जाति और आवासीय प्रमाण पत्र की समस्या दूर करने के लिए 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

## रामगढ़ में 8432 लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए होगी मॉनिटरिंग

**PHOTON NEWS RAMGARH:** जिले में जाति और आवासीय प्रमाण पत्र को लेकर समस्या बढ़ती जा रही है। आवेदकों के अब तक 8.50 हजार से अधिक आवेदन लंबित हैं। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने इस समस्या को दूर करने के लिए अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग की। उन्होंने बताया कि छात्रों को जाति, आवासीय व अन्य कई प्रमाण पत्रों की आवश्यकता पड़ती रहती है। उनकी यह समस्या दूर करने के लिए विशेष कैंप लगाकर प्रमाण पत्र जारी करना होगा । उन्होंने 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाने का निर्देश भी दिया है। प्रखंडों व अनुमंडल स्तर पर लंबित जाति आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्रों को समय पर निर्गत करना बेहद आवश्यक है। डीसी ने कहा कि अगले 10 दिनों तक विद्यालय





स्तर पर विशेष अभियान चला कर बच्चों को जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे ।

इस दौरान उपायुक्त ने अंचलवार लंबित कुल 8432 आवेदनों की विस्तृत जानकारी संबंधित अंचल अधिकारियों से ली। आवेदनों का तीव्र गति से निष्पादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जिला स्तर से आवेदनों के निष्पादन हेतु प्रतिदिन किए जा रहे कार्यों की डेली मॉनिटरिंग कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं जल्द से जल्द सभी आवेदनों को निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं मैनेजर आईटी के द्वारा उपायुक्त को बताया गया कि विगत वर्ष से अब तक विद्यालय स्तर पर कुल 25217 बच्चों को जाति, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए हैं। एवं 5757 बच्चों का आवेदन रिजेक्ट हुआ है। इस संबंध में उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को रिजेक्ट हुए सभी आवेदनों की गहन समीक्षा करते हुए जिन बच्चों के आवेदनों में किसी प्रकार की कोई त्रुटि के कारण उनका आवेदन रिजेक्ट हुआ है उनका निराकरण कराते हुए सभी योग्य बच्चों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# धनबाद के घराना ज्वेलर्स और कैपिटल मोटर्स पर गोली चलाने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS DHANBAD:** जिले के दो अलग-अलग स्थानों पर रंगदारी के उद्देश्य से गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले मोस्ट वांटेड अपराधी प्रिंस खान के पांच गुर्गों को पुलिस ने हथियार और चोरी की बाइक के साथ धर दबोचा है। इन अपराधियों ने जुर्म कबूल करते हुए प्रिंस खान के लिए घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है। इस संबंध में मंगलवार को धनबाद के एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि बीते 12 अगस्त को बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मटकुरिया रोड स्थित कैपिटल मोटर्स की दुकान पर गोलीबारी करने तथा 29 अगस्त को पुराना बाजार रोड स्थित घराना ज्वेलर्स पर फायरिंग करने के मामले में डीएसपी धनबाद के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर प्रिंस खान के लिए काम करने वाले



गिरफ्तार आरोपियों के साथ मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधिकारी • फोटोन न्यूज

पांच बदमाशों को धर दबोचा है। इनके पास से पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए एक देशी पिस्टल, आठ जिंदा गोली, तीन मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक पल्सर बाइक को जब्त किया है। न्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों का मास्टमाइंड आजाद आलम है, जो मई माह में ही जेल से बाहर आया था। उसने कबूल किया है कि ये प्रिंस खान के लिए गोलीबारी की घटना को अंजाम देते थे। इसके एवज में इन्हें 25-25 हजार रुपये मिले थे। इन्होंने घटना को अंजाम देने के लिए चोरी के एक पल्सर बाइक को 17 हजार रुपये में पुटकी से खरीदा था जबकि शिवा कुमार ने उसे हथियार उपलब्ध कराया था। पकड़े गए आरोपितों में वासेपुर का मो. आजाद उर्फ आजाद खान, मटकुरिया चेकपोस्ट निवासी विकास कुमार महतो, वासेपुर निवासी जुगनू अंसारी, वासेपुर टीओपी निवासी गोलू कुमार रवानी उर्फ बुमम्बा और धैया निवासी शिवम कुमार प्रसाद उर्फ शिवा प्रसाद शामिल हैं। आजाद, गोलू और शिवा का आपराधिक इतिहास रहा है।

## डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# खूंटी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, खूब झूमे विद्यार्थी व शिक्षक

**PHOTON NEWS KHUNTI:** जिला मुख्यालय खूंटी सहित जिले के अन्य प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मंगलवार को शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। मुरहू प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुंजला में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर विद्यालय के शिक्षक विष्णु नंद तिवारी, राममूर्ति साहू, बिरसा आईद सहित विद्यार्थियों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मौके पर बच्चों को शिक्षक विष्णु



कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं • फोटोन न्यूज

नंद तिवारी ने डॉ राधाकृष्णन के व्यक्तित्व व कृतित्व की जानकारी दी।

**कर्रा और तोरपा में भी शिक्षक दिवस की धूम**

कर्रा प्रखंड में सरकारी और गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में मंगलवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर छात्र-छात्राओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के उप राष्ट्रपति होते हुए भी उन्होंने शिक्षक का दायित्व बखूबी निभाया था। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर गीत संगीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक आदि प्रस्तुत किये गये। छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भी भेंट किये गये।

**पटेल बीएड कॉलेज में मना शिक्षक दिवस**

भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति और महान शिक्षविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर काटमकुकु लोधम स्थित पटेल बीएड कॉलेज में डॉ कृष्णनन की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनको नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज व बच्चों के निमार्ता होते हैं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ अनुराधा कुमारी ने शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला।

# पलामू उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

**PHOTON NEWS PALAMU:** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार में आमजनों की समस्याएं सुनीं। साथ ही प्राप्त आवेदनों को विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित कर कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से संबंधित आवेदन आये। सतबरवा प्रखंड के रजडेरवा गांव से आये विनोद कुमार ने उपायुक्त को बताया कि वह बहुत ही गरीब परिवार से आता है। पिछले माह उसने पिता का पल्स ब्लॉकेज का ऑपरेशन रांची में कराया है, जिससे उसके ऊपर काफी कर्ज हो गया है। उसको भी बोन टीबी है, जिसकी वजह से वह कोई भी काम करने योग्य नहीं है। उसने उपायुक्त से मदद का अनुरोध किया। चैनपुर





की महुगांवा पंचायत के शिवपुर में 1500 फीट डीप बोरिंग की शिकायत वहां के ग्रामीणों ने किया। लोगों ने कहा कि पांच माह पूर्व एमएस रोहित सहानी के जरिए नेचर एचटूओ के नाम से पानी बेचा जा रहा है, जिससे सभी पंचायत वासियों को चापाकल से पानी लेने में बहुत दिक्कत हो रही है। इस पर उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी। छत्तरपुर की रोकशान खातून ने कहा कि वह 50 प्रतिशत तक विकलांग है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने उपायुक्त से राशनकार्ड बनवाने का अनुरोध किया। लेस्लीगंज की सोना खातून ने कहा कि उसका एक लड़का है और उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। परिजनों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया है, जिससे वह बेघर हो गई है। उसे पति का हिस्सा भी नहीं मिला है। उसने उचित कार्रवाई करते हुए हिस्सा दिलवाने की अपील की ताकि जीवन यापन कर सके।

### रामगढ़ अरगड्डा रोड में सवारी गाड़ी पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

**RAMGARH:** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा रोड में बिंझार पुल के पास मंगलवार को यात्रियों से भरी सवारी गाड़ी पलट गई। इस हादसे में आधा दर्जन से अधिक यात्रियों को गंभीर चोटे आई । उपचार के दौरान चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। इसके अलावा सभी घायलों का उपचार सदर अस्पताल में ही किया गया। घायलों में सिरका निवासी हिना परवीन (20), करण राम (24), शहनाज परवीन (35), सागर भुइंया (35) और रजवा देवी (35) शामिल हैं।

BRIEF NEWS

## नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर किया छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**JAMSHEDPUR :** बारीडीह निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला थाना ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुंदरनगर निवासी सुभम कुमार को गिरफ्तार किया है। इसे लेकर पीड़िता के परिजनों ने महिला थाना में सुभम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना 29 अगस्त की है। पीड़िता 11वीं की छात्रा है। उसने पुलिस को बताया कि 29 अगस्त को वह स्कूल नहीं गई थी। सुभम उसे अपने साथ मानगो के एक होटल में ले गया जहां उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पीला दिया। नशे में रहने के दौरान सुभम ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया और आरोपी को जेल भेज दिया।

## डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटा, चालक घायल



**JAMSHEDPUR :** :बारीडीह गोलचक्कर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद बीच सड़क पर पलट गया। घटना के बाद सड़क पर थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला गया। हालांकि, इस घटना में किसी कोई हताहत नहीं हुआ, सिर्फ चालक को मामूली चोट आई है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को सीधा कर बीच सड़क से हटवाया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक सिदगोड़ा से होते हुए बारीडीह गोलचक्कर की ओर से गोलमुरी की ओर जा रहा था। गोलचक्कर पर मुड़ने के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया।

## आज से जनशताब्दी एक्सप्रेस का होगा झाड़ग्राम में ठहराव

**JAMSHEDPUR :** रेल यात्रियों की लगातार मांग को देखते हुए रेलवे ने बुधवार (6 सितंबर) से खड़गपुर रेल मंडल के झाड़ग्राम स्टेशन में ट्रेन नंबर 12012/12022 हावड़ा-बड़बिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस के ठहराव की घोषणा की थी। रेलवे ने इसको लेकर एक सर्कुलर भी जारी किया था। घोषणा के बाद से ही स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। बुधवार को झारग्राम स्टेशन से रेलवे की ओर से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया जाएगा। ट्रेन नंबर 12021 हावड़ा बड़बिल सुबह 8.24 बजे झारग्राम स्टेशन पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर 12022 बड़बिल-हावड़ा जनशताब्दी एक्सप्रेस शाम 6.04 बजे झाड़ग्राम पहुंचेगी। झाड़ग्राम में ठहराव का फायदा जमशेदपुर के लोगों को भी होगा।

## दहेज के लिए पत्नी की पिटाई, पीड़िता एमजीएम में इलाजरत



**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के मानगो शंकोसाई रोड नंबर 1 निवासी लक्ष्मी गोराई के पति सनातन गोराई और देवर संदीप गोराई ने दहेज के लिए मारपीट की। लक्ष्मी की लाठी-डंडे से पिटाई कर उसे घायल कर दिया गया। मंगलवार को घायल अवस्था में लक्ष्मी को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। लक्ष्मी ने बताया कि सनातन गोराई के साथ उसकी शादी हुई थी। वह मानगो में सब्जी बेचकर जीवन यापन करती है। शादी के समय दहेज दिया था। पर शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज कि लिए प्रताड़ित करते है। लक्ष्मी गोराई ने बताया कि सनातन पूर्व में ब्राउन शुगर बेचने के मामले में जेल जा चुका है। नौ माह बाद उसे जेल से बाहर निकाला है। जेल से बाहर आते ही उसने अपने भाई के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। लक्ष्मी ने बताया कि इसे लेकर थाने में लिखित शिकायत करेगी।

# शिक्षक दिवस पर विभाग ने बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को दिया प्रशस्ति पत्र

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** शिक्षक दिवस पर पहली बार जिलास्तर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन नहीं हुआ। हालांकि शिक्षा विभाग ने शिक्षक संघों की नाराजगी दूर करने के लिए अपने स्तपर उन शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जिन्होंने स्कूल में कुछ बेहतर काम किया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए जिन शिक्षकों का नाम भेजा गया था लेकिन वे चयनित नहीं हो पाए उन्हें भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसमें अलग अलग शिक्षक संघों से जुड़े तीन शिक्षक नेताओं समेत कुल 15 शिक्षकों प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



शिक्षा विभाग में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग। • फोटोन न्यूज

इस मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इस बार शिक्षक दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से कोई आदेश या इस मद में राशि जिले को नहीं प्राप्त हुआ है। इस लिए इस बार शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया गया है। जैसे ही आदेश या राशि आएगी वे समारोह आयोजित कर कटेगरी वार शिक्षकों को सम्मानित उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में डीईओ, डीएसई समेत प्रशस्ति पत्र पाने वाले शिक्षक उपस्थित हुए।



एलबीएसएम कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य करते कलाकार। • फोटोन न्यूज

**एलबीएसएम कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम:** एलबीएसएम कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर अवसर पर महाविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब के छात्र- छात्राओं ने सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज के दिन गुरूजनों के सम्मान का दिन है वैसे तो उनका सम्मान सदैव रहता है लेकिन आज उसे प्रदर्शित करने का दिन है। कार्यक्रम को कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर अशोक कुमार झा ने भी संबोधित किया।

**आरवीएस स्कूल में सम्मानित हुए शिक्षक:** महिमा-मंडित गुरु को अवर्णनीय बताते हुए स्वयं संत कबीर दास ने भी अपनी असमर्थता अभिव्यक्त की है। ऐसे ही गुरु शिक्षक हमारे द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मोत्सव को ससम्मान शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की परंपरा कायम है और इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आरवीएस अकादमी के भव्य परिसर में शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें तिलकोत्सव व फूल भेंट के साथ गीत-नृत्य अभिनय के अनन्य रंगों से सुसज्जित रंगारंग मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

**ग्रेजुएट कॉलेज में बनाया गया शिक्षक दिवस:** साकची स्थित ग्रेजुएट कॉलेज में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी समेत अन्य शिक्षकों ने केक काटकर इस दिन को सेलिब्रेट किया। इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया।

## MGM मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर सामने आया लापरवाही का मामला

# तड़पता रहा मरीज, परिजनों का आरोप नहीं आया कोई डॉक्टर और हो गई मौत

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में लापरवाही का नया मामला सामने आया हैं। बीते तीन दिनों से अस्पताल में रोजाना हंगामा हो रही है। मंगलवार को एक मरीज की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मौके पर पहुंचे होमगार्ड के जवानों ने मामले को शांत करने का प्रयास किया। परिजन समझने को तैयार नहीं थे। मामले की जानकारी मिलने पर अधीक्षक डा. रविंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की जानकारी ली। कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।

**क्या था मामला :** बिरसानगर जोन नंबर-5 निवासी कपिल सिंह (24) को सोमवार की शाम को इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया गया था। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने उसे देखा और इलाज शुरू किया। मंगलवार की सुबह मरीज की स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों का आरोप है कि उन्होंने कई बार डॉक्टर को बुलाया। कोई भी चिकित्सक मरीज को देखने नहीं आया। इस दौरान मरीज तड़पता रहा। इसके कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कुछ देर में बिरसानगर से और भी कई लोग पहुंच गए। विवाद बढ़ने लगा। अधीक्षक ने कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद मामला शांत हुआ।



अस्पताल में इलाज के अभाव में तड़पता मरीज। • फोटोन न्यूज

**तीन दिनों में तीन घटनाएं :** 3 सितंबर को एमजीएम अस्पताल के गायनिक वार्ड में एक महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया था। आदित्यपुर निवासी महिला का प्रसव होने के कुछ ही देर के बाद उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। इस मामले में कार्रवाई कुछ भी नहीं हुई।

- 4 सितंबर को 108 एंबुलेंस चालकों की धांधली सामने आई। इसके बाद मरीजों ने हंगामा किया था। दरअसल, एक मरीज को ब्रेन हेमरेज हो गया था। चिकित्सकों ने उसे रांची रिम्स रेफर किया तो उनके परिजनों ने 108 एंबुलेंस को जाने के लिए फोन किया। इस दौरान एक अज्ञात नंबर से फोन आया और रांची जाने के लिए तीन हजार रुपये की मांग की गई। जबकि 108 एंबुलेंस की सुविधा निश्शुल्क है।

- 5 सितंबर को बिरसानगर के युवक की मौत के बाद हंगामा हुआ।




मरीज की मौत के बाद अस्पताल में जुटे परिजन व अन्य। • फोटोन न्यूज

एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि मैं खुद इस मामले को देख रहा हूं। घटना की जानकारी मिली तो मैंने इमरजेंसी विभाग जाकर मामले को समझा। वहीं, मृतक के परिजनों ने लिखित शिकायत की है। बुधवार को इस मामले की जांच की जाएगी। इस दौरान सीसीटीवी भी देखा जाएंगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी मरीज को किसी तरह की परेशानी होती है तो वह सीधे शिकायत करें।

**मरीजों की संख्या बढ़ने से बेड की दिक्कत :** अधीक्षक ने कहा कि इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वायरल फीवर के मरीज सबसे अधिक पहुंच रहे हैं, जिसके कारण बेड मिलने में दिक्कत हो रही है। ऐसे में मरीजों को स्ट्रेचर, कुर्सी या फिर फर्श पर लेटाकर इलाज करना मजबूरी हो गयी है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इमरजेंसी विभाग में 15 नए बेड भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद भी मरीजों को बेड मिलने में परेशानी हो रही है। वहीं, वार्ड में भी जगह नहीं है।

## नशेड़ियों की हरकत से परेशान सब्जी विक्रेताओं ने थाने में की शिकायत



**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर में इन दिनों नशेड़ियों द्वारा लगातार आपराधिक घटना को अंजाम दिया जाता है। नशेड़ियों की हरकतों से परेशान होकर मंगलवार को गोलमुरी सब्जी बाजार के विक्रेता गोलमुरी थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से लिखित शिकायत की। विक्रेताओं का कहना था कि अपराधी नशा का सेवन कर सब्जी खरीदने आ रहे ग्राहकों के साथ मारपीट कर रहे हैं। पीड़ित राकेश कुमार ने बताया कि करण कुमार और उनके साथियों ने बेवजह उनकी दुकान में घुसकर सामान तोड़ कर गल्ले से नगद रुपए निकालकर जानलेवा हमला किया। इस हमले में वे घायल हो गए। उन्होंने बताया कि लगातार नशेड़ियों द्वारा पूरे बाजार में दुकानदारों और ग्राहकों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे सभी डरे सहमे हैं।

# जमशेदपुर में महामारी का रूप ले चुका डेंगू कर्मचारी कर रहे एंटी लार्वा का छिड़काव

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर में डेंगू महामारी का रुप ले चुका है पर इसके रोकथाम के लिए जिम्मेवार जिला मलेरिया/ फाइलेरिया विभाग शहर के कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे एंटी लार्वा छिड़काव, जांच व जागरुकता कार्यक्रम की डेटा दिखाकर डेंगू के खिलाफ विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों बात रहे हैं। जबकि कंपनियों द्वारा सीएसआर के तहत किए जा रहे इन कार्यों की कोई मानिटरिंग विभाग विभाग की ओर से नहीं की जाती है। जो रिपोर्ट कंपनियों की ओर से भेजा जाता है विभाग उसे मान लेता है नतीजा शहर में डेंगू महामारी बन चुका है। अब तक कुल मरीजों की संख्या 502 पहुंच गई है और 4 मरीजों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में कदमा का 24 वर्षीय व टेल्को का एक 37 वर्षीय युवक भी शामिल हैं। पिछले 48 घंटे में डेंगू के 52 मरीज मिल चुके हैं। लेकिन इसके रोकथाम के लिए जो पहल होनी चाहिए वह नहीं हो रही है।

जमशेदपुर में डेंगू का प्रकोप बढ़ने पर जिला प्रशासन व जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से पिछले दिनों बैठक बुलाई गई थी। बैठक में जमशेदपुर के कमांड एरिया, बागान एरिया में जुस्को द्वारा एंटी लार्वा की छिड़काव, जांच रोकथाम की जिम्मेवारी टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) को दी गई। जेम्को कंपनी, टिनप्लेट, टाटा मोटर्स समेत कई स्वयंसेवी संस्थाओं को डेंगू रोकथाम की जिम्मेवारी दी गई। कंपनियों की ओर से सीएसआर के तहत जो किया जाता है वह किया जा रहा है और उसकी रिपोर्ट विभाग को भेजा जाता है। वहीं जमशेदपुर के मानगो व जुगसलाई क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम के लिए जिला फाइलेरिया/ मलेरिया विभाग की टीम काम कर रही है है जहां अब तक डेंगू के सबसे अधिक मरीज मिल रहे हैं। जिला मलेरिया पदाधिकारी पदाधिकारी डॉ. अनंदया मित्रा व मलेरिया इंसपेक्टर श्रवण के अनुसार डेंगू रोकथाम के लिए मानगो व जुगसलाई में मलेरिया/ फाइलेरिया की 3 टीम (हर टीम में 2 सदस्य) तथा 13 सदस्य लार्वा की खोज यानी कुल 19 कर्मचारी काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम फिलहाल मानगो, जुगसलाई में डेंगू रोकथाम के लिए काम कर रही है। अधिकारियों के अनुसार हर दिन इनके टीम के द्वारा डेंगू लार्वा की खोज व एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। वहीं फाइलेरिया विभाग के सीनियर कर्मचारी सह टीम के सुपरवाइजर रुप कच्छप ने बताया कि विभाग की 6 टीम डेंगू लार्वा की खोज, एंटी लार्वा का छिड़काव व जागरुकता अभियान में लगे हुए हैं।

**दवा की नहीं है कमी :** जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. अनंदया मित्रा ने कहा कि एंटी लार्वा के लिए बीटीआई/ टेमोफास का छिड़काव किया जाता है। यह दवाई एक लीटर पानी में 2 एमएल मिलाया जाता है। इसलिए दवाई की खपत बहुत कम होती है। अभी स्टाक है। वहीं सीएस का निर्देश है कि दवा की कमी होने पर तत्काल स्थानीय खरीदारी कर छिड़काव जारी रखें ताकि डेंगू को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में डेंगू बढ़ने का मुख्य कारण मौसम के साथ साथ लोगों में जागरुकता की कमी है। घरों में एक सप्ताह तक साफ पानी जमा रहने से डेंगू का लार्वा पनपते हैं।

## बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

# मनुष्य अहंकार छोड़कर सोचे तो हर समस्या का समाधान : हिमांशु महाराज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** मंगलवार को भागवत कथा के तीसरे दिन मथुरा से आये कथा वाचक हिमांशु महाराज ने संकल्प और दृढ़ निश्चय से मानव को होने वाले लाभ की महिमा का गुणगान और अहंकार से होने वाले हानि के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि मनुष्य अहंकार छोड़कर सोचें तो, हर समस्या का समाधान मिलेगा। बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में कथावाचक द्वारा ध्रुव चरित्र और नरसिंह अवतार की कथा का रसपान कराया गया।

उन्होंने कहा कि भगवान की प्राप्ति भाव एवं विश्वास के साथ होती हैं। भगवान कभी भक्त को दर्शन नहीं देते, क्योंकि भगवान भक्त के दर्शन करने के लिए जाते हैं। श्री ध्रुव जी महाराज ने पांच वर्ष की अवस्था में अपनी सतौली मां सुरूची के प्रताड़ना देने पर भगवान की तपस्या की। भगवान ने 6 माह की कठोर तपस्या के बाद पांच वर्ष के बालक ध्रुव को दर्शन देकर कृतज्ञ किया। इसी प्रकार यदि आज का मनुष्य भी अपनी जीवन में दृढ़ निश्चय कर लें तो कार्य बड़ा ही सहज रूप में प्राप्त हो जाता है।



कथा वाचन करते हिमाशु महाराज। • फोटोन न्यूज

भगवान नरसिंह, प्रहालाद और हिरणकश्यप की मनमोहक झांकी की प्रस्तुति के दौरान कथा व्यास ने आगे कहा कि दुष्ट हिरणकश्यप अहंकार का प्रतिक था। उसके पुत्र भक्त प्रहालाद ने अपनी कठोर भक्ति से अपने पिता हिरणकश्यप का अहंकार दूर किया। पिता के प्रताड़ना देने पर भी भक्त प्रहालाद ने भगवान का नाम नहीं छोड़ा। भक्त प्रहालाद के कारण ही भगवान विष्णु को खंभा फाड़ कर नरसिंह में दुष्ट हिरणकश्यप का उद्धार करने के लिए अवतार लेना पड़ा। मनुष्य को अहंकार नहीं करना चाहिए, क्योंकि अहंकार ही मानवता को नष्ट कर देता है। इंसान का अहंकारी होना जीवन की बड़ी विसंगति है। मानव चाहे साधारण हो या कोई बड़ा ऋषि-मुनि, कम या अधिक अहंकार सब में होता है।

तीसरे दिन यजमान के रूप में सुनीता-सुरेश नरेड़ी, नारायण भाउका, श्याम सुंदर नागेलिया, पवन गुप्ता, सतीश कुमार गर्ग मौजूद थे। साथ ही विजय आनन्द मूनका, बनवारी लाल सुरेश सरायवाला, पेराडाइज एवं गोपाल मूनका की तरफ से प्रसाद का आयोजन किया गया था। चौथे दिन बुधवार को कथा वाचक द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झांकियों के साथ श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जायेगा।

इस मौके पर प्रमुख रूप से विधायक मंगल कालिंदी, मुकेश अगीवाल, अमित मूनका, किशन संघी, पंकज अग्रवाल, शिव कुमार शर्मा, हरिशंकर सोंथालिया, सुरेश कुमार आगीवाल, अशोक नरेड़ी समेत काफी संख्या में भक्तगण देर शाम तक शामिल थे।

## HARHARGUTU में धूमधाम से मना माता का तीन दिवसीय जन्म उत्सव

# 63 प्रकार के व्यंजनों का लगा भोग

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :**, शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था अतिउत्तम शक्ति दरबार द्वारा जगत पुत्री राजे राजेश्वरी राज कुमारी मां अति उत्तमेश्वरी कुल्लू रानी का तीन दिवसीय जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

पहले दिन रविवार को आध्यात्मिक गुरु, दूसरे दिन सोमवार को जननी गुरु एवं तीसरे दिन मंगलवार को शैक्षिणिक गुरु की पूजा की गयी। दरबार से जुड़े संस्था के भक्तों द्वारा तीनों दिन केक काटा गया और 63 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया। हवन एवं आकाश मे आतिश बाजी के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। पहले दिन 111 गुब्बारा हवा मे उड़ा कर विश्व शांति और भक्तिमय जीवन हेतु प्रेरणा दिया गया। तीनों दिन मुख्य पुजारी भक्त राजा सुर्य देव उत्तम परम हंस जी के द्वारा विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर भक्तों के सभी कष्टों का अंत करते हुए सुख-शांति और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना माता रानी से की गयी।




जन्मोत्सव कार्यक्रम में जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। • फोटोन न्यूज

समापन के दौरान हरहरगुटू स्थित अतिउत्तम शक्ति दरबार में मौजूद बच्चों ने माता का जयकारा लगाते हुए सर्व पल्ली राधाकृष्ण की जीवनी से सीख लेकर आगे बढने का संकल्प लिया। मंगलवार को समाज हित में विशेष सेवा कार्य करने वाले सेवक, सेविका सहयिका और गुरुजनों सहित मेधावी ग्रामीण छात्रों को माता के दरबार में उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इसरो के वैज्ञानिकों के लिए लगा जयकारा:- चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग कराकर भारत का नाम दुनिया भर में रौशन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों के लिए माता के दरबार में जयकारा लगाया गया। चंद्रयान-3 के प्रकार का गुब्बारा हवा मे उड़ाया गया। साथ ही इस वर्ष मणिपुर हिंसा और ओड़िसा के बालासोर ट्रेन हादसा को लेकर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया।

इनका रहा योगदानः तीनों दिन इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रमुख रूप से माता कौशल्या, कुल्लू रानी, कृतिका कल्याणी, आथर्व, कार्तव्य, अनंत, शेष, राजदीप, राजदीप, संजय, श्याम, रीमा, मनोज, प्रिया, किशन, मेंहदी, करुणा, सुनील, लड्डू, राजेश, रूस्तम कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# DBMS कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया शिक्षक दिवस

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं शिक्षकों द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन बी. चंद्रशेखर ने कहा कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षक वह नहीं जो विद्यार्थियों के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक वह है जो विद्यार्थियों को आनेवाले कल कि चुनौतियों के लिए तैयार करें। शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का त्यौहार है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति :** कॉलेज के छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत और नाटक की प्रस्तुति की गई। वहीं कॉलेज की सचिव श्री प्रिया धर्मराजन ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के नींव होते हैं एवं विद्यार्थियों के लिए मां की तरह होते हैं। प्राचार्या डॉ.जूही समर्पिता ने कहा कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की लोकप्रियता इतनी थी कि उन्हें देश रत्न भी कहकर पुकारा जाता था। डॉ.सर्वपल्ली का मानना था देश में सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाले को ही शिक्षक बनाना चाहिए।




केक काटती शिक्षिकाएं। • फोटोन न्यूज

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने डॉ.सर्वपल्ली के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने बधाई पत्र तथा पुष्प गुच्छ देकर समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# पिछली तिमाही में विकास दर की अच्छी चाल और सवाल

इसमें कोई दोराय नहीं कि विपरीत हालातों के बावजूद देश की आर्थिक विकास दर के आंकड़े लगातार उत्साहजनक सामने आ रहे हैं। खासबात यह है कि चालू वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही के आंकड़े आशा से अधिक बेहतर रहने के साथ ही पिछले वित्तीय वर्ष की चारों तिमाही से अधिक रहे हैं। यह सब तो तब है जब दुनिया के देश अभी आर्थिक संकट के दौर से ही गुजर रहे हैं। पड़ोसी पाकिस्तान के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं तो अन्य देशों की अर्थव्यवस्था भी हालातों से जूझ रही है। दरअसल कृषि क्षेत्र बड़ा सहारा बन कर उभर कर आता रहा है। हालांकि आने वाली तिमाही कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल इसलिए नहीं मानी जा सकती कि देश में मानसून धोखा देता दिखाई दे रहा है। देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून के आंकड़े निराशाजनक आ रहे हैं। यह सर्वविदित है कि खरीफ की फसल लगभग पूरी तरह मानसून पर निर्भर करती है और मानसून ने जिस तरह से अगस्त माह में बेरुखी दिखाई है उससे कृषि जगत में निराशा आई है। मौसम विज्ञानियों की माने तो सितंबर माह में भी मानसून के जो संकेत मिल रहे हैं वह निराशाजनक ही हैं। किसानों की ललाट पर चिंता की रेखा साफ दिखाई दे रही है। अब तो मानसून की बेरुखी से सरकार भी चिंता में आ गई है। दरअसल कृषि क्षेत्र इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही आते हैं तो कृषि क्षेत्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा दिया है। कोरोना काल में कृषि क्षेत्र ने अर्थ व्यवस्था ही नहीं बल्कि देश के लोगों खासतौर से गरीब लोगों को जो राहत दी है वह अतुलनीय रही है। आज भी देश के गोदाम अन्न धन से भरे हैं तो देश कम से कम अन्नधन को लेकर तो बेफ्रिक है। हालांकि कृषि क्षेत्र के लिए चुनौती भरा समय आ गया है पर देश के अन्नदाता की मेहनत पर सबको भरोसा है। दरअसल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के जो आंकड़े एनएसओ ने जारी किए हैं वह उत्साहवर्द्धक हैं। जारी आंकड़ों के अनुसार जून 23 तिमाही में कृषि क्षेत्र में मूल्य सवंर्द्धन 3.5 फीसदी रहा है जो एक साल पहले की इसी अवधि के 2.4 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह परिणाम समग्र प्रयासों से ही संभव हो सका है। समग्र रूप से देखा जाए तो अप्रैल-जून की तिमाही जीडीपी में वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही है। हालांकि आरंभिक अनुमान 8 प्रतिशत से नीचे रहने के बावजूद अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दिशा में बढ़ने के तो स्पष्ट संकेत हैं ही। देखा जाए तो इस दौरान रियल एस्टेट, फाइनेंस और सर्विस सेक्टर में भी अच्छी विकास दर रही है। अब देश में त्योहारी सीजन आरंभ हो जाने से यह माना जा रहा है कि दिसंबर तक देश की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरने की स्थिति में रहेगी। बाजार में मांग बढ़ेगी तो इससे उत्पादन और वितरण दोनों ही क्षेत्रों में अर्थ व्यवस्था में उछाल आएगा। कारोबारियों की माने तो त्योहारी सीजन में बाजार और अधिक गुलजार रहेगा और अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। हालांकि मानसून की बेरुखी का असर भी देखने को मिल सकता है। ऐसे हालातों में कृषि से इतर अन्य सेक्टर को बेहतर परिणाम देने होंगे ताकि आर्थिक विकास की दर बनी रहे। थोड़ा चिंतनीय इसलिए अवश्य है कि पहली तिमाही में निर्यात और विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती दिखाई है। ऐसे में चुनौतियां और अधिक हो जाती है। हालांकि माना यह जा रहा है कि मानसून की बेरुखी के बावजूद अर्थव्यवस्था पर इसलिए ज्यादा असर नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि सरकार ने खेती किसानी के लिए योजनावद्ध प्रयास किए हैं और सिंचाई सुविधा का विस्तार करने से फसलों को बचाया जा सकेगा। हालांकि यह तात्कालिक समाधान ही हैं क्योंकि इससे नकारा नहीं जा सकता कि अर्थव्यवस्था को मानसून अवश्य प्रभावित करता है। बस उस असर को कम करने के प्रयास हो सकेंगे। विश्वव्यापी खाद्य संकट का असर दुनिया के देशों में साफ दिखाई दे रहा है। हमारे यहां से भी गेहूं और चावल के निर्यात को हतोत्साहित किया गया है। पिछले दिनों टमाटर के भाव की नई ऊंचाइयों को देशवासी देख चुके हैं। टमाटर दो सौ पार तो अदरक को चार सौ का आंकड़ा छूते देखा है। लगभग सभी खाद्य पदार्थों के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। रोजमर्रा के खर्च खासतौर से रसोई के खर्च में बढ़ोतरी चिंता का सबब बनती जा रही है। भले ही हमारी आर्थिक विकास दर संभली हुई ही नहीं अपितु बढ़ रही है पर चिंता के कारण यथावत हैं। जो हालात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखने को मिल रहे हैं उससे अधिक आशा की जानी बेमानी ही होगी। अपितु अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में जो सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं उसे सकारात्मक ही माना जाएगा क्योंकि दुनिया के हालात जस के तस हैं। देश में जहां चुनाव की तैयारी चल रही है वहीं वन नेशन वन इलेक्शन से नई परिस्थितियां आने वाली हैं। चुनाव के बाद सामान्यतः महंगाई बढ़ती ही देखी गई है तो दूसरी और विदेशों के हालात देखें तो रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्ति के दूर-दूर तक कोई आसार नहीं दिखाई दे रहे हैं। चीन की बौखलाहट सामने है तो अमेरिका और यूरोपीय देशों के आर्थिक व राजनीतिक हालात कोई आशाजनक नहीं दिखाई दे रहे हैं। इन सबके बीच प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी गतिविधियों का दौर जारी है। ऐसे में आने वाले दिनों में दुनिया के देशों के आर्थिक हालात को लेकर कोई आशा नहीं की जा सकती। ऐसे में चालू साल की पहली तिमाही में बेहतर विकास दर के बाद अब अधिक चुनौतियां इसलिए सामने आ गई हैं कि मानसून, चुनाव, त्योहार और अन्य कारण आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती पूर्ण होंगे और ऐसे में अभी से संभल कर चलना होगा ताकि विकास दर के स्तर को बनाए रखा जा सके।

# सामाजिक क्रांति के अग्रदूत पद्म विभूषण डॉ. बिन्देश्वर पाठक

ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**रोड नं.-1 के रेलवे फाटक के पास एक बुलंद आवाज सुनाई पड़ी। 'पहले इधर आइये। इधर आइये। मेरे साथ एक कप चाय पीकर जाइयेगा।' मैंने पलट कर देखा तो गर्दनीबाग थाने के इंस्पेक्टर श्री पन्ना लाल मेहरा जी एक नं. फाटक के बगल वाले इंस्पेक्टर क्वार्टर के बाहर बैठकर जाड़े की धूप का आनन्द लेते हुए अपने पोर्टेबल टाइपराइटर पर फटाफट कुछ टाइप किए जा रहे थे। शायद किसी केस का सुपरविजन रिपोर्ट टाइप कर रहे थे। मैंने जब अपनी साइकिल उनके क्वार्टर के गेट के अन्दर लगाई तो उन्होंने कहा कि 'क्या श्रीमान जी आप इसी तरह रोज चले जाते रहिएगा। यहां रुक कर एक कप चाय पीकर तो जाया करिये।' उन्होंने कहा मैं चाय भी पिलाऊंगा और आपको खबर देते रहूंगा। उन्होंने आवाज लगाई 'पाठक जी। अरे ओ, पाठक जी। मैंने सड़क के उस पार में देखा कि झोपड़ीनुमा चाय की दुकान से एक आदमी झांका। मेहरा जी ने कहा कि 'दो गिलास बढ़िया चाय भेजो।' फिर हमलोग बातचीत में लग गये।**

बात 1968-1969 की है। मैं उन दिनों पटना के अंग्रेजी दैनिक सर्चलाइट और हिन्दी दैनिक प्रदीप में द्विभाषीय कार्यालय संवाददाता था। पटना के गर्दनीबाग मुहल्ले के रोड नं. 4 ए के क्वार्टर नं.-15 में अपने पिताजी के साथ उनके सरकारी आवास में रहता था। प्रतिदिन सुबह 10 बजे के आसपास पिताजी द्वारा टूटी-फूटी हालत में दी गई साइकिल से कार्यालय जाता था, क्योंकि 11 बजे प्रदीप के संपादक जी की और 11:30 बजे सर्चलाइट के सम्पादक जी की एडिटोरिएल बैठक होती थी। एक दिन मैं सुबह 10 से 10:30 बजे के बीच में जल्दी -जल्दी साइकिल का पैडल मारता हुआ सर्चलाइट प्रेस की ओर चला जा रहा था। रोड नं.-1 के रेलवे फाटक के पास एक बुलंद आवाज सुनाई पड़ी। 'पहले इधर आइये। इधर आइये। मेरे साथ एक कप चाय पीकर जाइयेगा।' मैंने पलट कर देखा तो गर्दनीबाग थाने के इंस्पेक्टर श्री पन्ना लाल मेहरा जी एक नं. फाटक के बगल वाले इंस्पेक्टर क्वार्टर के बाहर बैठकर जाड़े की धूप का आनन्द लेते हुए अपने पोर्टेबल टाइपराइटर पर फटाफट कुछ टाइप किए जा रहे थे। शायद किसी केस का सुपरविजन रिपोर्ट टाइप कर रहे थे। मैंने जब अपनी साइकिल उनके क्वार्टर के गेट के अन्दर लगाई तो उन्होंने कहा कि 'क्या श्रीमान जी आप इसी तरह रोज चले जाते रहिएगा। यहां रुक कर एक कप चाय पीकर तो जाया करिये।' उन्होंने कहा मैं चाय भी पिलाऊंगा और आपको खबर देते रहूंगा। उन्होंने आवाज लगाई 'पाठक जी। अरे ओ, पाठक जी। मैंने सड़क के उस पार में देखा कि झोपड़ीनुमा चाय की दुकान से एक आदमी झांका। मेहरा जी ने कहा कि 'दो गिलास बढ़िया चाय भेजो।' फिर हमलोग बातचीत में लग गये। तीन-चार मिनट के बाद एक नवयुवक लाल गमझा लपेटे हुए और एक बनियान पहने हुए दो गिलास चाय लेकर आया और उनके सामने टेबुल पर रख दिया। जब मैंने उनका चेहरा देखा तो लगा कि ये तो बिन्देश्वर पाठक हैं। उस समय वे डॉ. बिन्देश्वर नहीं थे। उन्हें कोई नहीं जानता था। मैंने उन्हें इसलिए पहचान लिया था कि वे मेरे बड़े भाई के साथ पढ़ते थे और कभी-कभी मेरे घर पर आते रहते थे । मैंने उनसें पूछा कि 'आप यहां?' उन्होंने कहा कि 'हां यह होटल मेरे गांव के चाचा जी का है। कभी-कभी यहां मैं आता रहता हूं और चाचा जी की मदद कर देता हूं । यहां नहाने-धोने की सुविधा होती है। फिर यहीं से तैयार होकर कालेज चला जाता हूं।' मैं यह जानकारी के रूप में बता रहा हूं कि किसी व्यक्तित्व की कैसी परख है। पाठक जी दुकान पर चाचा जी की चाय बेचते थे और समोसा, बंगला निमकी और गुलाब जामुन भी वहां बहुत बढ़िया बनता था। इसी कारण से पाठक जी की दुकान पर हम लोगों का आना-जाना नियमित था। कभी-कभी मैं आज भी जब उस इलाके से गुजरता हूं तो पाठक जी की दुकान और मेहरा जी का याददास्त सामने आ जाती है। अतः मैं अपने कुछ संस्मरण झलकियों के रूप में प्रस्तुत कर रहा हूं। इसके कुछ महीनों के बाद 'सीमांत गांधी' के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान पटना आये तो गांधी मैदान के उत्तर पूर्व कोने पर अनुग्रह नारायण सामाजिक शोध संस्थान से सटे पूर्व गांधी शांति प्रतिष्ठान में ठहरे। 'प्रदीप' के संपादक राम सिंह भारतीय जी ने मेरी यहां ड्यूटी लगाई कि मैं दोपहर के सम्पादकीय बैठक के तुरंत बाद प्रतिदिन गांधी शांति प्रतिष्ठान जाया करूं और खान अब्दुल गफ्फार खान के पास आधे-एक घंटे बैठ कर इनके जो भी संस्मरण निकाल सकूं या दिनभर कोई विशेष व्यक्ति उनसे मिलने आए तो उनका खान साहब से जो भी वातालाप हो उसका समाचार बना सकूं । मैं यह काम प्रतिदिन करूं । मैं गांधी प्रतिष्ठान जाने लगा और धीरे-धीरे मेरी खान साहब से टीयूनिंग भी अच्छी बन गई। खान साहब के पास जब भी जाता और प्रणाम करता तो बैठक के बीच में ही अपनी लम्बी कमीज की जेब से कुछ ड्राई फ्रूट्स निकालकर मेरे हाथ में रख देते। एक दिन मैं जब खान साहब से मिलने पहुंचा और अपनी साइकिल को खड़ा कर ताला लगा ही रहा था कि मुझे बिन्देश्वर पाठक जी मिल गए। मैंने पूछा 'क्या हाल है पाठक जी।' उन्होंने कहा -'भाई मैं बड़ी परेशानी में हूं ।' मैंने कहा, 'आपकी परेशानी क्या है और मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं ?' बिन्देश्वर जी ने कहा-'आप तो जान ही रहे हैं कि मैंने सुलभ शौचालय संस्थान की स्थापना की है और कम खर्चे में शौचालय कैसे बनाया जा सकता है इस पर एक प्रदर्शनी लगाना चाहता हूं। अगर उस प्रदर्शनी का उद्घाटन खान साहब कर देंगे तो उसकी प्रेस कवरेज अच्छी हो जाएगी। उससे हमारी संस्था को बड़ा लाभ और बल मिलेगा।' मैंने पूछा आप खान साहब से मिले? पाठक जी ने कहा, 'खान साहब के लोग मिलने नहीं दे रहे हैं। खान साहब जय प्रकाश नारायण के घर को छोड़कर कहीं बाहर नहीं जाते हैं।' मैंने कहा कि 'आप मेरे साथ चलिये, मैं आपको खान साहब से मिलवाता हूँ ।' फिर मैं उन्हें लेकर खान साहब से मिलने अंदर गया। चूंकि, मैं रोज वहां जाता था इसलिए सभी लोग मुझे जानते थे। औपचारिक नमस्कार के बाद जब वार्ता शुरू हुई तो मैंने कहा कि बिन्देश्वर जी अच्छे गांधीवादी कार्यकर्ता हैं। स्वच्छता के लिए काम कर रहे हैं और एक सुलभ शौचालय की स्थापना की है। स्वच्छता और सिर पर मैला ढोने की प्रथा को रोकने के लिए काम को आगे बढ़ाने के लिए एक प्रदर्शनी लगाना चाहते हैं और इसका उद्घाटन आपसे करवाना चाहते हैं। सीमांत गांधी ने कहा कि 'क्या यह संभव है कि प्रदर्शनी गांधी शांति प्रतिष्ठान के अंदर में ही लग जाएगी। क्या आप रजी अहमद जी से मिले हैं?' फिर उन्होंने संस्थान के सचिव रजी अहमद जी को बुलवाया और कहा कि 'पाठक जी एक सुलभ शौचालय की प्रदर्शनी लगवाना चाहते हैं तो इसमें आपको क्या दिक्कत है। गांधी जी तो ऐसा ही चाहते थे।' वे खड़े रहे। फिर उन्होंने कहा कि 'यहां गंदगी नहीं फैलनी चाहिए तो कोई दिक्कत नहीं है।' पाठक जी ने कहा कि यहां कोई गंदगी नहीं फैलेगी। हम 500 से 800 रुपये में कई तरह के शौचालय बना देंगे। बात तय हो गयी और सुलभ शौचालय की पहली प्रदर्शनी गांधी शांति प्रतिष्ठान, गांधी मैदान में लगी और उसका उद्घाटन सीमांत गांधी द्वारा हो गया।अच्छा प्रेस कवरेज हुआ। इस तरह से बिन्देश्वर जी का काम शुरू हो गया। कुछ दिनों के बाद जब बिन्देश्वर जी मिले तो उन्होंने खुशखबरी दी कि आरा नगर निगम में दो शौचालय बनाने का आर्डर मिला है। उन्होंने कहा कि लेकिन, इसमें दिक्कत यह है कि 'शौचालय नगर निगम द्वारा बन जाने के बाद इसका दिनप्रति दिन साफ सफाई का कार्य कैसे होगा। यह तो संस्थान को करना पड़ेगा और पैसा कहां से आयेगा?' मैंने कहा कि 'आपको यदि यह एक मौका मिल रहा है तो उसे पकड़ लो। ऐसा करो एक दो लड़कों को पकड़ो जो नियमित सफाई करें और हर व्यक्ति जो शौचालय जाये उसको कहो कि वह आठ आना बक्से में डाल दिया करे। बक्से में पैसा रहेगा कआप महीने में आकर एक बार बक्सा खोलकर जो भी पैसा हो उसका आधा सफाई कर्मी में बांट दें और आधा संस्थान के काम में लगायें।' उन्होंने कहा कि यह आइडिया अच्छा है। कुछ दिन बाद जब मिले तो मैंने पूछा कैसा चल रहा है आरा नगर निगम का काम? आठ आने वाली योजना जंची की नहीं। उन्होंने कहा कि अब तो कई जगह काम चल रहा है और यह योजना बहुत अच्छी तरह से जंची। अब तो इस कार्य में एक रुपया भी देने के लिए लोग तैयार हो गए हैं। अब वहां एक स्थायी कर्मचारी भी रख लिया है। मैंने कहा कि पटना नगर निगम में भी यह काम शुरू करो। वहां हमारे चाचा कृष्ण नन्दन सहाय महापौर हैं। उन्होंने कहा कि एक दिन उनसे मिलने चलना है। मैंने कहा कि जब आप कहें, चलेंगे। दिक्कत की कोई बात नहीं है। एक दिन मैंने उन्हें अपने अखबार के कार्यालय में बुलाया। एक ही साइकिल पर बैठकर हम दोनों विशालकाय सहाय सदन पहुंच गये और कृष्ण नन्दन सहाय चाचा जी से मिले और प्रणाम कर उन्हें बताया कि बिन्देश्वर पाठक जी भी आप ही के जिले वैशाली के रहने वाले हैं और अच्छा काम कर रहे हैं, सुलभ शौचालय के लिए। मैं समझता हूं कि यदि यह काम पटना नगर निगम में बड़े पैमाने पर हो तो अच्छा रहेगा। पहली ही मीटिंग में चाचा कृष्ण नन्दन सहाय जी को यह बात जंच गयी और पटना नगर निगम में कार्य करने की सहमति दे दी। पटना गांधी मैदान के दक्षिणी छोर रिजर्व बैंक आफ इंडिया के ठीक बगल में एक बड़ा सुलभ शौचालय का काम्प्लेक्स स्थापित हो गया।

**लेखक, वरिष्ठ स्तंभकार एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं।**

# कोचिंग मंडी कोटा पर आत्महत्या के दाग

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपये की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपये के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल हैं। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है। ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती है। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है। कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं। कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। कोटा की अर्थव्यवस्था कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानतः सालाना 300-400 करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं।

## Social Media Corner

सच के हक में...



हमारे देश के अनुकरणीय शिक्षकों से मुलाकात हुई जिन्हें राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। युवा दिमागों को आकार देने के प्रति उनका समर्पण और शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता बहुत प्रेरणादायक है। अपनी कक्षाओं में, वे भारत के युवाओं के लिए एक उज्जवल भविष्य की पटकथा लिख रहे हैं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



साहिबगंज जिले के पतना स्थित कुंवरपुर में विकास मेला सह जनता दरबार कार्यक्रम में शामिल होकर करोड़ो रुपयों के परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन तथा उपस्थित लोगों को परिसंपत्ति वितरण करने का सौभाग्य मिला। इस अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। आपके आशीर्वाद से जब से यह झारखण्डी सरकार बनी है तब से सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं, उन्हें हक-अधिकार दे रहे हैं। राज्य के लोगों को आजीविका, नौकरी और रोजगार से जोड़ रहे हैं।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# ऋषि सुनक के राम

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का हाल ही में राम कथा में शामिल होना और भगवान राम के प्रति आस्था की सार्वजनिक अभिव्यक्ति अनुकरणीय है। यह साफ है कि जो जितने अंश में ही हिन्दू है, उसका उतने अंश में ही स्वागत हो। ऋषि सुनक ने न केवल अपने देश ब्रिटेन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में राम कथा में ह्लजय सिया रामह्व का उद्घोष किया बल्कि वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिये हिन्दू धर्म के सहारे कार्य करते रहने का प्रण भी लिया। आज पूरे यूरोप में हिन्दुओं और हिंदू धर्म को करीब से जानने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। राम कथा के बाद कई घंटो तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक भगवान श्रीराम के प्रसाद का वितरण करते रहे। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में मुरारी बापू की राम कथा में ऋषि सुनक ने भाग लेकर सही संदेश दिया कि वे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ-साथ एक आस्थावान सनातनी हिंदू भी हैं। कई दशकों पहले सुनक का परिवार भारत छोड़कर अफ्रीका होता हुआ इंग्लैंड में जाकर बस गया था। पाश्चात्य संस्कृति का इस परिवार पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा। इसके उलट भारत में दो लाइन पढ़ लेने वाला सबसे पहले राम और रामायण पर ही सवाल उठाना शुरू कर देता है। यह महज सस्ती लोकप्रियता के लिए किया जाता है। यह किसी दूसरे धर्म में कभी नहीं होता। वहां धर्मगुरु की बात पत्थर की लकीर हो जाती है। भले ही लाख बुराइयां क्यों न हों। मगर हम सनातनी तो अपनी ही जड़ खोदने में लगे रहते हैं। सुनक ने हालांकि खुलकर अपने को हिंदू बताया पर उनपर कभी किसी ने यह आरोप नहीं लगाया कि वे हिंदुओं के प्रति कोई नरम रवैया रखते हैं। दरअसल राम सिर्फ भारत के नहीं हैं। उनके प्रति सारा संसार आस्था का भाव रखता है। राम तो सारी मानव जाति के हैं। वे कण-कण में हैं। संसार के कई देश राम से अपने को जोड़ते हैं। राम उनके आदरणीय हैं। अयोध्या के कोरिया से 2000 वर्ष पुराने रिश्ते बताए जाते हैं। वहां भी एक अयोध्या है जिसे ह्लअयुताह्व कहा जाता है। रामकथा विभिन्न देशों में विभिन्न रूपों में प्रचलित है। उन सबसे भारतीयों का भावनात्मक लगाव होना स्वाभाविक है। इस्लामिक देश इंडोनेशिया की संस्कृति पर भी रामायण की गहरी छाप है। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप का नामकरण सुमित्रा के नाम पर हुआ था। इंडोनेशिया के जावा शहर की एक नदी का नाम सेरयू है। मुस्लिम देश इंडोनेशिया की रामलीला के बारे में अकसर लिखा जाता है। जब वहां के राष्ट्रपति सुकर्णो के विरुद्ध साजिश रची गयी तो बीजू पटनायक (ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पिता) अपने विमान से उन्हें बचा कर लाए थे। सुकर्णो की बेटी का जन्म हुआ तो श्री पटनायक ने उनका नामकरण सुकर्णपुत्री मेघावती किया था। इसी नाम को वहां उन्हें लोकप्रियता मिली और अपने पिता की भांति वह भी सत्ता प्रमुख निर्वाचित हुईं। थाईलैंड में राजा को राम ही कहा जाता है। उसके नाम के साथ अनिवार्य रूप से राम लगाता है। राज परिवार अयोध्या नामक शहर में ही रहता है ' ये स्थान बैंकॉक के करीब है। क्या ये कम हैरानी की बात है कि बौद्ध होने के बावजूद थाईलैंड के लोग अपने राजा को राम का वंशज होने के चलते विष्णु का अवतार मानते हैं? इसलिए थाईलैंड में एक तरह से आज भी राम राज्य कायम है ' हिन्दू प्रतीकों और संस्कृति को देखना-समझना है तो थाईलैंड से उपयुक्त राष्ट्र कोई नहीं हो सकता। दक्षिण पूर्व एशिया के इस देश में हिन्दू देवी-देवताओं और प्रतीकों को आप चप्पे-चप्पे पर देखते हैं। थाईलैंड में 90 प्रतिशत आबादी बौद्ध धर्मावलंबी है। फिर भी इधर का राष्ट्रीय चिह्न गरुड़ है। हिन्दू धर्म की पौराणिक कथाओं में गरुड़ को विष्णु की सवारी माना गया है। गरुड़ के लिए कहा जाता है कि वह आधा पक्षी और आधा पुरुष है।

# जिनपिंग का न आना

दुनिया को शांति का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध के देश भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियां आखिरी चरण में हैं और यह दुनिया के लिए किसी खुशखबरी से कम नहीं है। दूसरी ओर, कुछ अफसोस की खबर है कि इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग नहीं आ रहे हैं। यह सूचना तो पिछले सप्ताह से ही आ रही थी, पर अब इसकी आधिकारिक पुष्टि हो गई है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन पहले ही यूक्रेन के साथ युद्ध की वजह से मना कर चुके हैं। इसके पीछे भले ही कोई गहरी कूटनीति न हो, मगर देखने वाले रूस-चीन के शीर्ष नेताओं की बेरुखी का कोई तो मतलब निकालेंगे। इससे यह भी अंदेशा होता है कि ये दोनों नेता जी-20 को लेकर पर्याप्त गंभीर नहीं हैं। ऐसा इसलिए भी होगा, क्योंकि जी-20 में शांतिप्रिय पश्चिमी देशों का वर्चस्व है। इसके अलावा, शांति के पक्षधर और पंचशील की बुनियाद रखने वाले युद्ध विरोधी भारत के पास इसकी अध्यक्षता है, जिसे लेकर शुरू से चीन असहज है। जी-20 के सदस्य देश यह बात जानते हैं कि चीन लगभग हरेक मोर्चे पर भारत के प्रयासों का विरोध करता आया है। फिर भी यह सच है, अमेरिका सहित अनेक देश होंगे, जिन्हें शी जिनपिंग के दिल्ली न आने से निराशा होगी। दरअसल, दुनिया के देशों को यह समझना होगा कि इस वक्त चीन और रूस, दोनों ही अपने हिसाब से दुनिया को संचालित करना चाहते हैं। दोनों की मंशा अपने पड़ोसी देशों की संप्रभुता को नष्ट करने की है और साथ ही, इस सरासर अन्यायपूर्ण व अमानवीय कृत्य में वे जी-20 जैसे मंचों का समर्थन भी चाहते हैं। कैसे भुला दिया जाए कि पुतिन यूक्रेन के खिलाफ बाकायदा युद्ध लड़ रहे हैं, तो चीन ताइवान व भारतीय इलाकों पर लगातार गिद्धदृष्टि गड़ाए बैठा है? इसके बावजूद दुनिया में निरंतर सशक्त होते भारत को न तो निराश होना चाहिए और न हार मानकर बैठ जाना चाहिए।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

BRIEF NEWS

### कांग्रेस 15 सितंबर से करेगी घर-घर कार्यक्रम की शुरूआत

**BHUBANESHWAR :** कांग्रेस की ओडिशा इकाई 'घर-घर' कार्यक्रम की शुरूआत करेगी, जिसके अंतर्गत पार्टी नेता राज्य के लोगों के घरों तक जाएंगे। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) के अध्यक्ष सरत पटनायक ने सोमवार को कहा कि पार्टी 15 सितंबर से 'घर-घर कांग्रेस' कार्यक्रम की शुरूआत करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस नेता राज्य के प्रत्येक घर तक जाकर यह संदेश देंगे कि कैसे बीजू जनता दल (बीजद) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों ही आम आदमी की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, "हम लोगों को यह भी बताएंगे कि कैसे ओडिशा सरकार ने ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग), एससी (अनुसूचित जाति) और एसटी (अनुसूचित जनजाति) को नजरअंदाज किया है। पार्टी, बीजद और भाजपा के बीच मिलीभगत का भी पदार्फाश करेगी।

### ओडिशा में सात सितंबर तक भारी बारिश होने का अनुमान, प्रशासन अलर्ट

**BHUBANESHWAR :** बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण ओडिशा में सात सितंबर तक भारी बारिश होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। आईएमडी ने कहा कि निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिणी ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश के बीच तट पर स्थित है। विभाग ने कहा कि इसके प्रभाव के चलते ओडिशा में व्यापक स्तर पर बारिश होने, आंधी चलने और बिजली चमकने का अनुमान है। आईएमडी ने बारिश के दौरान निचले इलाकों में जलभराव होने, दृष्यता में काफी गिरावट आने और शहरी इलाकों में यातायात जाम होने की चेतावनी दी है। उसने कहा कि किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपने खेतों में उर्वरक का इस्तेमाल नहीं करें और पशुओं एवं पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर रखें। बुधवार को मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, रायगढ़ा, गजपति, गंजाम, नुआपाड़ा, क्योंझर, मयूरभंज, कालाहांडी और बोलांगीर में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। मंगलवार सुबह साढ़े बजे तक पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में औसतन 16.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। गंजाम जिले के बेलागुंठा में सबसे अधिक 142.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

### उच्च न्यायालय के दो नये न्यायाधीशों ने ली शपथ संख्या बढ़कर हुई 22

**BHUBANESHWAR :** न्यायमूर्ति शिव शंकर मिश्रा और न्यायमूर्ति आनंद चंद्र बेहेरा को मुख्य न्यायाधीश सुभाशीष तलपात्रा ने ओडिशा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। इसके साथ ही उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 22 हो गई है जहां न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 33 है। हालांकि, बुधवार को न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ और तीन अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश के सेवानिवृत्त होने के बाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या घटकर फिर से 20 रह जाएगी। केंद्र ने दो सितंबर को अधिवक्ता मिश्रा और वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी बेहेरा को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने के संबंध में अधिसूचना जारी की थी। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस. के. कौल और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 17 अगस्त को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर मिश्रा और बेहेरा के नामों की सिफारिश की थी।

# SCHOOL के HOSTEL से गायब छात्रा सात दिन बाद मिली, अनजान ले गया था अपने साथ

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा जेवियर गर्ल्स कॉन्वेंट स्कूल में भारी लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। अभिभावक के बिना हस्ताक्षर के ही 11वीं कक्षा की एक छात्रा को किसी अनजान के साथ स्कूल के वार्डन ने जाने दिया। छात्रा नाबालिग है। अब छात्रा पिछले एक सप्ताह से गायब थी। हालांकि सोमवार की शाम छात्रा मिल गई। इसकी छानबीन तक स्कूल प्रशासन ने नहीं की। छात्रा किसी अनजान के साथ स्कूल के हॉस्टल से ही चली गई। छात्रा झींकपानी प्रखंड निवासी है। छात्रा के अभिभावक उसके बड़े भाई महेंद्र मुंडा ने कहा कि स्कूल प्रशासन से आग्रह किया गया है कि



जेवियर गर्ल्स कॉन्वेंट स्कूल का छात्रावास। ● फोटोन न्यूज

वह थाना में रिपोर्ट कर छानबीन करवाये। लेकिन स्कूल प्रशासन ने कहा कि इतनी संख्या में यहां बच्चियां पढ़ती हैं, किसको कहां देखें। इस स्थिति में हम सब परेशान हैं। हालांकि हमारे स्तर से थाना में सूचना दे दी गई है। पुलिस प्रशासन के सहयोग से छानबीन चल रही है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रशासन की भारी लापरवाही है, यदि मेरी बहन नहीं मिलती है तो मैं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज करूंगा। नियम के मुताबिक डायरी में जिसकी तस्वीर लगी रहती है, उसी के साथ ही स्कूल के वार्डन को छोड़ना होता है। लेकिन इस नियम का पालन नहीं किया गया और छात्रा को बिना जांच पड़ताल किए ही किसी अनजान के साथ स्कूल के हॉस्टल से छोड़ दिया गया।

**स्कूल ने हॉस्टल नियम का किया उल्लंघन :** जेवियर गर्ल्स कॉन्वेंट स्कूल चाईबासा ने हॉस्टल नियम का उल्लंघन किया है। बिना जांच पड़ताल के ही छात्रा को स्कूल के हॉस्टल से छोड़ना नियम के खिलाफ है। नियम के मुताबिक वही लोग वहां के बच्चों से मिल सकते हैं, जिनका नाम स्कूल के डायरी में दर्ज है। साथ ही उसका फोटो भी उसमें लगा होना चाहिए। अनजान कोई भी व्यक्ति उस कैंपस में प्रवेश तो कर सकते हैं। लेकिन कोई भी बच्ची से नहीं मिल सकते हैं। मालूम हो कि चाईबासा में स्थित उक्त स्कूल इंटरमीडिएट के विभिन्न संकाय में पश्चिम सिंहभूम का सबसे बेहतर परिणाम लाने वाला स्कूल है। यहां नियम उल्लंघन करना एक चर्चा का विषय बन गया है। बच्चों की सुरक्षा नहीं होना यह एक दुर्भाग्यपूर्ण है। अभिभावक इस पर कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हैं।

**स्कूल ने कोई सहयोग नहीं किया :** गर्ल्स जेवियर कॉन्वेंट स्कूल चाईबासा से सात दिनों से गायब मेरी बहन सोमवार की शाम को मिल गई। लगातार छानबीन के बाद मिली। इसमें स्कूल का कोई सहयोग नहीं रहा। स्कूल प्रशासन ने अपने नियम के खिलाफ से काम किया है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ छात्रा को नहीं जाने देना चाहिए।

### अभिभावक जब मिलने स्कूल गए तब मिली गायब होने की सूचना

रविवार को छात्रा मोनिका मुंडा के अभिभावक जब जेवियर गर्ल्स कॉन्वेंट स्कूल चाईबासा मुलाकात करने के लिए पहुंचे तो छात्रा नहीं मिली। इसके बाद इस मामले का खुलासा हुआ। इतने दिनों तक स्कूल प्रबंधन की ओर से भी बच्ची की खोजबीन नहीं की जा रही थी। इसके कारण अभिभावक भी स्कूल के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। परिजन को भी सूचना नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त योग्य नहीं है।

## जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेश सावैयां ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा मांगपत्र

### कहा- झींकपानी में चल रही विकास योजनाओं की निष्पक्ष जांच हो

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** सरकारी योजनाओं में बरती जा रही अनियमितताओं की स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा निष्पक्ष जांच हो उक्त बातें युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेश सावैयां ने मंगलवार को झींकपानी के प्रखंड विकास पदाधिकारी को चार सूत्री मांगपत्र सौंपते हुए कही।

अपने चार सूत्री मांग में उन्होंने झींकपानी प्रखंड में चल योजनाओं में ग्राम सभा की सहमति को अनिवार्य करने की मांग रखी साथ ही मनरेगा के मेढ़बंधी एवं अन्य कार्यों में बिना डिमांड और बिना मास्टर रूल के ही कार्यों का संचालन किए जाने की ही बात कही जो की जांच का विषय है,



प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांगपत्र सौंपते सुरेश सावैयां। ● फोटोन न्यूज

आगे उन्होंने बताया की झींकपानी प्रखंड के केलेंडे पंचायत में 15 वें वित्त से संचालित योजनाओं में भी काफी गड़बड़ी की जा रही है, स्नान घाट तो बनाए गए हैं पर उनका कोई इस्तेमाल ही नही हो रहा, पी.सी.सी पथ , नालियों में भी काफी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। विगत दिनों स्थानीय विधायक दीपक बिरुआ द्वारा डी.एम.एफ.टी मद से शिलान्यास किया गया रघुनाथपुर पी.डबल्यू.डी सड़क से केलेंडे स्कूल तक 1.650 किमी सड़क जिसकी प्राक्लित राशि 69,23,402 रु है जिसमें गड़बड़ी की आशंका है क्योंकि उक्त सड़क में पूर्व में भी कल्याण विभाग एवं 15 वें वित्त से लगभग 1800 Iइ. कार्य पूर्ण हो चुका है जिसकी अनुमानित राशि लगभग 30 लाख है। जिला उपाध्यक्ष सुरेश सावैयां ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को यथाशीघ्र निष्पक्ष जांच कराने की मांग की अन्यथा युवा कांग्रेस द्वारा आंदोलन करने की बात कही, मांगपत्र सौंपने वालों में सुरेश कुम्हार , सिदियु सावैयां आदि शामिल थे।

## केयू : स्नातकोत्तर समाजशास्त्र के विद्यार्थियों ने किया क्षेत्रीय सर्वेक्षण

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के स्नातकोत्तर अंतिम वर्षों के विद्यार्थियों ने डॉ एसके झा के निर्देशन में नीमडीह पंचायत का क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया। विदित हो स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का सर्वेक्षण का टापिक विकास के मानकों पर पश्चिमी सिंहभूम की स्थितिः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (चाईबासा प्रखंड के नीमडीह पंचायत के विशेष संदर्भ में) है। क्षेत्रीय अध्ययन के दौरान टीचिंग असिस्टेंट मोनिता कुमारी भी साथ रही।

अध्ययन के दौरान नीमडीह पंचायत के मुखिया श्रीमती सुमित्रा देवगम, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के साथ साथ पंचायत कर्मियों का सहयोग काफी सराहनीय रहा। क्षेत्रीय सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने



डॉ एसके झा के साथ केयू की छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

पुरानी चाईबासा तथा नीमडीह आदि जगहों में विकास के मानक के तौर पर ग्रामीण अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केंद्र, कृषि, पंचायत को प्राप्त आय आदि से संबंधित आंकड़ों का संकलन किया। डॉ एसके झा के निर्देशन में स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग के स्नातकोत्तर सेमेस्टर -चार के विद्यार्थियों में सुनीता पुरियो, विमला हांसदा, प्रीति रंजन, शोभा कुमारी, सुष्मिता शर्मा, सुकृति कुमारी, कल्पना गोप, गुड़िया कुमारी, संध्या कुमारी महंती, सुशांत कुमार, रेणुका महतो, मौसमी महतो, अमिता महतो आदि विद्यार्थियों ने कहा कि इस प्रकार के क्षेत्रीय अध्ययन से सैद्धांतिक के साथ साथ व्यवहारिक ज्ञान भी हासिल हुआ। ग्रामीण विकास का अवलोकन करने से बहुत सारी जानकारी प्राप्त हुई अब सर्वेक्षण प्रतिवेदन लिखने में काफी आसान होगा।

## सांप पकड़ने वाले पंजीकृत लोगों को बीमा प्रदान करेगी सरकार

**PHOTON NEWS BHUBANESHWAR :** ओडिशा की राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सांप पकड़ने वाले पंजीकृत लोगों को बीमा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग प्रीमियम का भुगतान करेगा जबकि ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) सांप पकड़ने वालों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। मंत्री ने कहा कि वन एवं पर्यावरण विभाग से विस्तृत प्रस्ताव आ जाने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। सांपों को बचाने और उनका पुनर्वास कराने वाली संस्था ह्यस्नेक हेल्पलाइनह्ल ने इस फैसले का स्वागत किया है। स्नेक हेल्पलाइन के महासचिव सुभेंदु मलिक ने कहा कि जहरीले सांपों को पकड़ने या संभालने से मृत्यु और स्थायी दिव्यांगता हो सकती है। सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। हालांकि, सांप और बचाव दल दोनों की सुरक्षा के लिए कुछ और कदम उठाने की आवश्यकता है। सरकार ने पिछले महीने सांप पकड़ने वाले पंजीकृत लोगों के लिए आवासीय इलाकों से सांपों के बचाव के वास्ते दिशानिर्देश जारी किए थे। ओडिशा में सांप के काटने की घटनाएं आम हैं और सरकार ने वर्ष 2015 में इसे राज्य आपदा घोषित किया था। राज्य में कुल आपदाओं में हुई मौतों में से लगभग 40 प्रतिशत मौत सांप के काटने से होती हैं। राज्य में वर्ष 2015 से 2022 तक सांप के काटने से 6,351 लोगों की मौत हुई और इस साल जनवरी से जुलाई तक 34 लोगों की मौत हुई है।

### खुर्दा के जटणी में रहने वाले लोगों को मिलेगा पट्टा

**PHOTON NEWS ODISHA :** ओडिशा सरकार ने खुर्दा के जिलाधिकारी को जटणी इलाके में खासमहल जमीन विवाद को दिसंबर तक हल करने के लिए शुरूआती कदम उठाने का निर्देश दिया है ताकि लोगों को पट्टा दिया जा सके। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि मुख्य सचिव पीके जेना की अध्यक्षता में सोमवार को हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। खासमहल जमीन, राज्य सरकार के सीधे प्रबंधन में आती है लेकिन दशकों से वहां बिना उचित दस्तावेजों के ग्रामीणों का कब्जा है। बयान के मुताबिक, जिलाधिकारी के. सुदर्शन चक्रवर्ती को तीन महीने के भीतर जमीन से संबंधित मुद्दे का स्थायी हल निकालने और दिसंबर में लोगों को पट्टा वितरित करने के लिए कदम उठाने को कहा गया है। बयान में कहा गया कि इस फैसले से 537 परिवारों को फायदा होगा।

## संकुल स्तरीय गणित, विज्ञान व संगणक मेला के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पद्मावती जैन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, चाईबासा में संकुल स्तरीय गणित, विज्ञान व संगणक मेला के प्रतिभागियों को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसका शुभारंभ आर.सी.एस एम.के राजीव जी, प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह एवं प्रभारी प्रधानाचार्य अरविंद कुमार पांडेय ने भारत-माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित कर किया।

मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में भैया-बहनों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां



विजेता को पुरस्कार प्रदान करते प्राचार्य। ● फोटोन न्यूज

विद्यालय में होती रहती है। भैया-बहनों को पाठ्यक्रम के अतिरिक्त छः विषयों के प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इन सब का उद्देश्य भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास करना है। मुख्य अतिथि राजीव जी ने विजेता प्रतिभागियों को उनकी इस अद्भुत सफलता पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

उन्होंने कहा कि अपने जीवन में इसी तरह की और आगे सफलता पाने के लिए अपने माता-पिता और गुरु को सम्मान दें। उनकी आज्ञा का पालन करें। सफलता पाने के लिए मेहनत करने से जी न चुराएं। ये सब जीवन में सफलता पाने के मूल मंत्र हैं। इसके उपरांत विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि, प्रधानाचार्य, प्रभारी एवं आचार्य, बंधु भगिनी ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार ने किया और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय कुमार,नरेश राम,अनिल कुमार,शशि रंजन कुमार,रश्मि कुमारी, रेशमी सोय, कल्पना कुमारी, एवं नीतु दे आदि का सहयोग सराहनीय रहा। शांति मंत्र के उपरांत इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

## ब्राइट वे एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** आज ब्राइट वे एकेडेमी टुंगरी में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए संस्थान के निर्देशक डॉ मुरारी लाल बैध ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यर्पण किया और उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रोफेसर डॉ मुरारी लाल बैध ने कहा कि शिक्षक दिवस इसलिए मनाया जाता है ताकि छात्र छात्राओं और शिक्षकों के बीच की दूरी घटे, और वे दोनों एक दूसरे को अच्छे से समझ सकें।

उन्होंने कहा कि शिक्षक दिवस की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब आप जीवन में एक अच्छे नागरिक बन जाएं एवम अपने परिवार, समाज और देश के काम आयें। उन्होंने सभी छात्रों से कहा कि जीवन के किसी भी मोड़ में घबराना नही है बल्कि हर परिस्थितियों का मुकाबला डट करना करना है।



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। ● फोटोन न्यूज

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर लक्ष्मी बोदरा ने कहा कि हमें अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक और सचेत रहना चाहिए तब ही हम सफल हो सकते है। उन्होंने कहा कि आज हम जो भी है अपने गुरु की ही बदौलत है इसलिए गुरु का सम्मान हमें मरते दम तक करना है। कार्यक्रम को शिक्षिका वंशिका कुमारी ने भी सम्बोधित किया। मंच संचालन अंजना साँगा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली दास, अंजनी बोइपय, सृष्टि दत्ता, मिथिला बंकिरा, युवराज कालन्दी, लक्ष्मी जामुदा, कैरा हांसदा, का योगदान रहा।

### सूरजमल जैन DAV पब्लिक स्कूल में हुआ शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

## बच्चों को वास्तविकता से परिचित करायें शिक्षक : प्राचार्य

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** स्थानीय सूरजमल जैन डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के छात्रों ने प्राचार्या महोदया को पौधा गिफ्ट कर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्या सुश्री रेखा कुमारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों को जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराते हैं। बच्चों को जीवन में शिक्षक के महत्त्व को समझना चाहिए। जीवन को सफल बनाने में



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं। ● फोटोन न्यूज

शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

छात्रा सुवानी कुमारी व स्वाति सौम्या गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किया एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कक्षा 11वीं की छात्राओं द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने समूह गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।बारहवीं के छात्रों द्वारा सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रस्तुती ने सबका मन मोह लिया। खेल शिक्षक जयप्रकाश ने 'पापा कहते हैं' शीर्षक गीत प्रस्तुत किया । सबके मनोरंजन के लिए जे पी जगुआर और पवन पैंथर्स के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।धन्यवाद ज्ञापन छात्र यशराज ने किया। मंच संचालन छात्रा प्राची गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्रिएटिव साइंटिफिक एक्सपो 2022 के विजयी प्रतिभागियों को प्राचार्या ने पुरस्कार दिया। साथ ही 25 वर्षों की अनवरत सेवा हेतु हिंदी शिक्षिका डॉक्टर सरिता साव सम्मानित की गईं।

## शिक्षक दिवस पर गया शहर के 15 से अधिक गणमान्य शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**PHOTON NEWS GAYA :** गया के नूतन नगर स्थित राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में भाजपा नेता सह राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर मनीष पंकज उर्फ मनीष मिश्रा के द्वारा शिक्षक दिवस की मौके पर गया शहर के लगभग 15 से अधिक गणमान्य शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मौके पर मौजूद भाजपा नेता प्रोफेसर मनीष पंकज शिक्षक दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए बताया कि शिक्षक समाज के



शॉल ओढ़ाकर शिक्षकों को सम्मानित करते प्रोफेसर मनीष मिश्रा। ● फोटोन न्यूज

एक महत्वपूर्ण अंग होते हैं शिक्षक हमारे उज्जवल भविष्य के लिए बेहद जरूरी है यही कारण है कि शिक्षकों का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है आज के इस दिन उन्हें सम्मान देना मेरे लिए बड़े ही गर्व की बात है।

आए हुए गणमान्य शिक्षकों को बूके देकर, शॉल ओढ़ाकर, कल उड़कर साल बढ़कर सम्मानित किया गया।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह, अभिषेक कुमार, जनाव रागिव हसन, संजय यादव, अनुज कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, आलोक विनोद कुमार यादव, अनुज कुमार सिंह, कुमार, मो नौशाद, मनोज कुमार सिंह आकाश आनन्द, कुंदन सिंह, जनार्दन सिंह, प्रमोद कुमार उर्फ हीरा यादव, महेश चंद्र विद्यार्थी इत्यादि मौजूद थे।

# पटना में ऑटो चालकों की हड़ताल, यात्री परेशान

## बेबस दिख रहे लोग, अस्पताल तक भी नहीं पहुंच पा रहे, लाठी लेकर ऑटो को रोक

पटना । पिछले चार दिनों से ऑटो चालकों की हड़ताल अब पटना बंद तक पहुंच चुकी है। राजधानी के अलग-अलग इलाकों में जाने वाले लोगों को ऑटो नहीं मिल रही है। ऊपर से तेज गर्मी ने यात्रियों की समस्या बढ़ा दी है। पटना में करीब 5 हजार ऑटो हैं। इसमें 80% पर हड़ताल का पूरा असर है। एक दिन में 100% ऑटो चलने पर लगभग 4 से 5 लाख पैसेंजर आते-जाते हैं। बेली रोड स्थित बिहार म्यूजियम के पास हड़ताल के बाद भी चल रहे तमाम ऑटो को रोकने की जबरन कोशिश की जा रही है। कुछ ऑटो चालक हाथों में डंडा लेकर खड़े दिखे। इसके बाद पुलिस ने सभी को पकड़ लिया है। बोरिंग रोड चौराहा पर खड़ी ऑटो का इंतजार कर रही सुनैना सिंह का कहना है कि उनके रिश्तेदार रुबन अस्पताल में भर्ती हैं। मुझे उन तक खाना पहुंचाना है। वह कब से इंतजार कर रही हैं। लेकिन, ऑटो नहीं आने की वजह से वह खाना नहीं पहुंचा पा रही है। अगर इस तरीके से हड़ताल करनी है तो इसका समाधान भी निकालना चाहिए। आम लोगों को परेशानी हो रही है। डबल किराया देकर दानापुर से बोरिंग रोड तक पहुंची हूं। पटना के गायघाट इलाके में ऑटो स्ट्राइक का असर दिख रहा है। जो ऑटोवाले पैसेंजर को लेकर जा रहे हैं, उन्हें दूसरे ऑटो ड्राइवर जबरन रोक रहे हैं। जो पैसेंजर ऑटो में बैठ गए हैं, उन्हें भी ऑटो से उतारा जा रहा है। वहीं, पटना जंक्शन पर ट्रेन से आने वाले यात्री सुबह से ही ऑटो के लिए परेशान हैं। कई लोग पटना जंक्शन पर घंटे से ऑटो का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हड़ताल





होने के कारण ऑटो नहीं मिल रही है। ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा की अगर आज की हड़ताल भी सरकार हमारी मांगों को नहीं मानती है तो कल से भूख हड़ताल करेंगे। दानापुर गांधी मैदान मुख्य मार्ग और सगुना मोड़ बेली रोड स्टेशन जाने वाले रूट में हड़ताल का असर दिख रहा है। दानागुर से गांधी मैदान जाने वाले ऑटो को जबरन बंद कराया जा रहा है। लोग पैदल ही अपने गंतव्य पर जाने को मजबूर हैं। वहीं, सगुना मोड़ से पटना स्टेशन जाने वाले रूट में ऑटो ड्राइवर के द्वारा सगुना मोड़ गोलंबर के पास सड़क पर आगजनी करते हुए चल रहे ऑटो जबरन बंद करवा रहे थे। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस और दानापुर पुलिस ने ड्राइवरों को भगाया। सोमवार को ऑटो रिक्शा चालक संघ सहित फुटपाथी दुकानदारों ने मिलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का घेराव करने की तैयारी की थी। सैकड़ों की संख्या में जुटे ऑटो चालकों और फुटपाथी दुकानदारों को डाक बंगला चौराहे पर जिला प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। इसके बाद 7 सदस्यीय टीम को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के उपसचिव मनोज कुमार से मुलाकात कराई गई। टीम ने अपना ज्ञापन भी सौंपा। जिसके बाद उप सचिव मनोज कुमार ने ऑटो चालकों को आश्वासन दिया है कि वो इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष रखेंगे। लेकिन ऑटो संघ का आरोप है कि सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। सरकार अगर हमारी लाश पर बड़े-बड़े परिसर बनाना चाहती है तो बनाएं लेकिन हम अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### मोतिहारी में हथियार के साथ 3 अपराधी गिरफ्तार



**मोतिहारी ।** पुलिस ने अपराध की योजना बनाते तीन अपराधी को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। तीनों एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा को गुप्त सूचना मिली कि पहाड़पुर थाना के बलुआ भगत टोला स्थित एनपीएस स्कूल के पास एक मोटरसाइकिल के साथ चार-पांच व्यक्ति संदिग्ध रूप से रुके हैं। किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई करने के लिए एसपी ने अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ अरेराज ने पहाड़पुर थानाध्यक्ष के साथ एनपीएस स्कूल के पास छापेमारी की। इस दौरान बाइक के साथ तीन व्यक्ति को एक लोडेड देसी पिस्टल, कारतूस, चोरी की एक बाइक, तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है। पहाड़पुर थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अपराधी बबलू पासवान, नितेश कुमार, विक्रम कुमार पहाड़पुर थाना क्षेत्र के रहने वाला है। बबलू पासवान का आपराधिक इतिहास रहा है। पहले से भी उस पर केश है।

### मुंगेर में सड़क हादसे में पत्नी की मौत पति घायलः डॉक्टर से इलाज कराकर लौट रहे थे घर, तभी ट्रक ने मरी ठोकर



**मुंगेर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौवागढ़ी कांतपुर मो के समीप ट्रक के धक्के से एक 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई। जबकि पति घायल हो गया। मृतका की पहचान सिलहा मनियाचक गांव निवासी रेलकर्मी अजय मंडल की पत्नी विनीता देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर नयारामनगर और मुफस्सिल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जबकि ट्रक को जब्त कर पुलिस थाने ले गई। बताते है कि विनीता देवी अपने पति अजय मंडल के साथ डॉक्टर को दिखा कर मुंगेर से वापस बाइक से अपने घर मनियारचक लौट रही थी। इसी दौरान कांतपुर मोड़ के समीप बरियारपुर की ओर से मुंगेर जा रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इसी दौरान पीछे से आ रही दूसरी ट्रक ने विनीता देवी को रौंद डाला। विनीता देवी की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक के चालक और खलासी भागने में सफल रहे। अजय मंडल आंशिक रूप से घायल बताए जाते हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं इस घटना के बाद मृतिका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बीते एक सप्ताह पूर्व जमालपुर में भी ट्रक की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि सड़क जर्जर रहने के कारण आए दिन हमेशा सड़कों पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होती रहती है।

## मुजफ्फरपुर में पेट्रोल पंप में लूट



**मुजफ्फरपुर ।** एक पेट्रोल पंप पर बेलगाम अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। बाइक सवार अपराधी हथियार से लैस थे। वहीं, पंप मैनेजर ने अपराधी से हथियार छीन लिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। मामला जिले के सरैया थाना क्षेत्र का है। बता दें कि सोमवार रात जिले के सरैया थाना क्षेत्र के बतरौलिया रघुनाथपुर स्थित आम्रपाली सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप पर बाइक सवार तीन अपराधी पहुंचे। जिसमें से दो के पास हथियार था। सबसे पहले पंप के नोजल मैन के बाग में रखे करीब आठ हजार रुपए लूट लिए। उसके बाद कैश काउंटर पर पहुंचा। कॉन्टर पर बैठे मैनेजर से पैसा निकालने के लिए बोला। दोनों के बीच बकझक शुरू हो गई। इसी बीच पम्प मैनेजर में अपराधी के हाथ से हथियार छीन लिया। मामले हाथ से निकलता देख अपराधी वहां से भागने लगे। इस दौरान मैनेजर ने अपराधियों पर उसी से छीने हथियार से फायरिंग कर दी। लेकिन किसी को गोली नहीं लगी। तीनों अपराधी बाइक पर सवार होकर सरैया की तरफ फरार हो गए। पंप पर आस पास के लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। आनन फानन में एसडीपीओ सरैया कुमार चंदन, सरैया थाना अध्यक्ष दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की छानबीन में जुट गए। पंप के मैनेजर मैनेजर ने बताया कि अपराधी आया और हथियार निकाला। हथियार खिड़की से अंदर घुसा दिया। हमसे पैसा देने के लिए बोला। हम दोनों में बकझक होने लगा। इसी बीच उसके हाथ से हम हथियार छीन लिए। नाल उसी के तरफ घुमा दिए। उसके बाद वो हथियार छोड़कर भागने लगा। कुल टीम अपराधी आया हुआ था।

# भभुआ में सड़क किनारे ही डंप कर रहे कूड़ा





**कैमूर।** नगर परिषद भभुआ को साफ और सुंदर बनाने को लेकर सिर्फ कूड़ा उठाव में 15 लाख रुपए प्रति माह खर्च होते हैं। इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बावजूद शहर की हालात बदहाल है। गली, मोहल्ला, चौक, चौराहा हर जगह कूड़े का अंबार लगा है। वार्ड पार्षद लगातार इसकी शिकायत कार्यपालक पदाधिकारी से करते हैं लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस पर संज्ञान नहीं लेने से सफाई एजेंसी मनमाने तरीके से जैसे-तैसे कार्य करती हैं।

सड़क किनारे ही डंपिंग करने से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। जहां कूड़े का भंडारण है वहां से दुर्गंध निकल रही है। शहर में सुबह



और शाम दोनों समय कूड़े का उठाव करना है और सफाई भी करनी है लेकिन सफाई एजेंसी द्वारा मनमाने तरीके से काम करने के कारण नगर परिषद भभुआ गंदगी की मार झेल रहा है। सफाई एजेंसियों की मनमानी इस कदर है कि भभुआ शहर में ही सड़क के किनारे ही कचरे को डंप कर दिया जा रहा। भभुआ वार्ड 14 के पार्षद परमानंद और वार्ड 24 के पार्षद बताते हैं शहर में 15 लाख रुपए की लागत से कूड़ा उठाव किया जाना है। लेकिन सफाई एजेंसी और कार्यपालक पदाधिकारी की मिली भगत से यह डोर टू डोर हो नहीं पता। जिससे शहर के चारों तरफ गंदगी पसरा हुआ है। सफाई पर अच्छी-खासी रकम खर्च की जाती है। सफाई और कूड़ा उठाव दिन के साथ-साथ शहर और वार्डों में रात में भी करनी है लेकिन सफाई एजेंसी साफ नहीं करती। हम लोग इसकी कई बार शिकायत कार्य पालक पदाधिकारी को कर चुके हैं लेकिन उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। आवेदन देने के बाद भी आवेदन उनके पास पड़ा रह जाता। पूरी तरह से राशि का दुरुपयोग किया जा रहा। नगर परिषद भभुआ के कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश दयाल लाल बताते हैं कि 15 लाख रुपए प्रतिमाह साफ सफाई पर खर्च होता है। साफ सफाई एजेंसीया सही ढंग से शहर में कार्य कर रही हैं।

# डबल डेकर रोड के निर्माण में मेट्रो ने दी जमीन

## राधा कृष्ण मंदिर से लेकर गोविंद मित्रा रोड तक काम शुरू, फाउंडेशन रखने की है तैयारी









पटना। सबसे बिजी रोड माने जाने वाले अशोक राजपथ पर डबल डेकर एलिवेटेड रोड बनाने का काम काफी तेजी से चल रहा है। लेकिन इस बीच मेट्रो का निर्माण, जमीन अधिग्रहण और इंक्रॉचमेंट की समस्या डबल डेकर एलिवेटेड रोड के निर्माण के रफ्तार में बाधा बन रही थी। हालांकि, मेट्रो जिस जमीन पर काम कर रही थी, वहां की थोड़ी सी जमीन, एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए दे दी गई है। राधा कृष्ण मंदिर से लेकर गोविंद मित्रा रोड तक डबल डेकर एलिवेटेड रोड के निर्माण का काम शुरू हो गया है। अभी फिलहाल राधा कृष्ण मंदिर से लेकर गोविंद मित्रा रोड तक मशीन से मिट्टी निकालने का काम शुरू किया गया है, ताकि पाइलिंग का काम किया जा सके। इसके बाद फाउंडेशन की तैयारी की जाएगी। इस एरिया में पिलर 33 और 34 बनाया जाएगा। वहीं, सब्जी बाग के पास स्थित कैथोलिक चर्च की जमीन बाउंड्री वॉल बनाने के लिए ली जाएगी। इसपर अभी बात चल रही है। साइंस कॉलेज से लेकर पटना कॉलेज तक लगभग सुपर स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है। अब रेलिंग के निर्माण में तेजी से काम चल रहा है। अब तक 24 स्टील गर्डर लगाए जा चुके हैं, इसमें 4 स्टील गर्डर फर्स्ट फ्लोर पर और 20 स्टील गर्डर सेकंड फ्लोर पर लगे हैं। वहीं, बीएन कॉलेज से लेकर कुल्हड़िया कंपलेक्स तक स्पैन बनाने का काम चल रहा है। कुल 315 पाइल में से अब तक 196 बनाया जा चुके हैं और 119 का निर्माण अभी बाकी है। टियर 1 में 11 पियर कैप लॉन्च हो चुके हैं, वहीं टियर 2 में 22 पियर कैप लॉन्च हो गए हैं। इस एलिवेटेड रोड की शुरूआत गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक के उत्तर ऑटो स्टैंड से होगी। डबल डेकर रोड में कारगिल चौक से PMCH पटना कॉलेज, NIT की तरफ जाने वाले लोग दूसरे तल से जा सकेंगे, जबकि NIT से गांधी मैदान की तरफ लोग पहले तल से आएंगे। इस डबल डेकर एलिवेटेड रोड के नीचे, दोनों तरफ सर्विस रोड होगा। इस सर्विस रोड से मार्केटिंग करने और नजदीक के ऑफिस में पहुंचने वाले लोग जाएंगे।

## सुपौल में चचरी पुल के सहारे लोग कर रहे आवाजाही

सुपौल। आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी सुपौल के छातापुर प्रखंड स्थिति रामपुर और झखाड़गढ़ पंचायत के शिवनी घाट के पास बीचो बीच प्रवाहित होने वाली सुरसर नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोग चचरी पुल के सहारे आवाजाही करने को विवश हैं। ग्रामीण जनसहयोग से पिछले कई सालों से नदी पर बांस का चचरी पुल बनाकर जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। जदिया-बलुआ पथ एसएच-91 से रामपुर पंचायत के सिद्दीकी चौक से झखाड़गढ, लालपुर नंनिह टोला होते हुए रामपुर पंचायत के इंद्रपुर, मोहनपुर हाट को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग माना जाता है। इस पुल के बन जाने से लगभग 20 हजार की आबादी को यातायात करने में सुविधा मिल सकती है। पुल नहीं रहने के कारण पंचायत के ग्रामीण दो भागों में विभाजित हैं। आलम ऐसा कि आज तक ग्रामीणों को सिर्फ आश्वासन से ही संतोष करना पड़ा है। स्थानीय ग्रामीण शशि कुमार सिंह, सतीष कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, राजेश कुमार, मो. तासिम, अजीत कुमार, सुरेन्द्र कुमार, गिरधारी सिंह, प्रमोद सिंह ने बताया कि आजादी के बाद भी हमारे पूर्वजों के द्वारा सालों तक नाव के सहारे नदी पार कर





आवागमन करते थे। 1990 के दशक में पहली बार ग्रामीणों के जनसहयोग से बांस की चचरी पुल का निर्माण किया, जिस परंपरा को अब भी हम लोग निभा रहे हैं। बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से हर साल दो बार चचरी पुल का निर्माण करना पड़ता है। एक चचरी पुल निर्माण में 250 से अधिक बांस लगता है। करीब 25 से 30 हजार तक का खर्चा पड़ता है। जो हम गांव के ग्रामीणों को उठाना पड़ता है, इसके लिए न तो कोई अधिकारी सहयोग करते हैं और न ही किसी जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिल पाता है। बताया कि कई बार इस चचरी पुल से कई आदमी का गिर जाने से जान भी गवानी पड़ी है। इसके बावजूद लोगों की समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस क्षेत्र के बीमार मरीज को भी काफी कठिनाई से इलाज के लिए चचरी के सहारे ही अस्पताल ले जाया जाता है। लोगों ने बताया कि प्रत्येक दिन इस चचरी पुल के सहारे आवश्यक सामान लेकर नदी पार करने में काफी दिक्कत होती है। स्कूली बच्चों को भी चचरी के सहारे ही प्रत्येक दिन स्कूल आना-जाना पड़ता है। अभिभावकों ने बताया कि बच्चों को नदी के उस पार स्कूल भी भेजने में हमेशा भय बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जनप्रतिनिधि समेत पदाधिकारी का दरवाजा कई बार खटखटाया गया है, लेकिन समाधान की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हो सकी। खासकर शादी विवाह को लेकर इस पंचायत के लोगों को भारी दिक्कत होती है। लोगों ने बताया कि सामने से दिखने वाला छातापुर प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए लोगों को दूसरे रास्ते से घूम कर 6 किलोमीटर के बदले 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।छातापुर प्रखंड के बीडीओ रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इसको प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाएगा।



# क्या आप तैयार हैं फर्स्ट इंप्रेशन के लिए?

आज के समय में सिर्फ कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर लेना ही काफी नहीं है। जॉब पाने के लिए प्रोफेशनल एटिकेट्स की समझ-बूझ होना भी बहुत जरूरी है। इसी से आपकी एक इमेज भी बनती है। जब आप इंटरव्यूअर के साथ बैठते हैं, तो फर्स्ट इंप्रेशन बनने में महज कुछ सेकंड का समय ही लगता है। इतने ही वक्त में आपके बारे में एक राय बन जाती है। भले ही इस दौरान आप एक भी शब्द न बोलें, लेकिन इंटरव्यूअर आपकी ड्रेसिंग, ग्रूमिंग, चेहरे के भाव और बॉडी लैंग्वेज को देखकर बहुत कुछ समझ जाते हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि आप अच्छा इंप्रेशन बनाने को लेकर चौकस रहें।

## 'हाथ' देता है संदेश

एक-दूसरे से हाथ मिलाने के स्टाइल से भी आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को आंका जा सकता है। इसलिए हैंडशेक को कतई हल्के में न लें। किसी व्यक्ति से मुलाकात के दौरान चेहरे पर मुस्कान रखना और आंख मिलाकर बात करना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है मजबूती और गर्मजोशी से हाथ मिलाना। इतना ही नहीं, हाथ मिलाते समय आप सामने वाले को उत्साही भी दिखें। यह हैंडशेक सही ढंग से होना चाहिए, यानी न तो सामने वाले का हाथ बहुत ज्यादा कसकर पकड़ना चाहिए और न ही इसे ढीला छोड़ना चाहिए। आम तौर पर हैंडशेक के दौरान हाथ को दो-तीन बार हिलाना सही माना जाता है।

## ड्रेसिंग-ग्रूमिंग पर ध्यान

प्रोफेशनल ड्रेसिंग और सोशल ड्रेसिंग मौके के हिसाब से उपयुक्त होना चाहिए। अगर आप पहली बार जॉब के लिए इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो आपको यह फर्क समझना होगा। इंटरव्यू के लिए जाने हेतु पुरुषों के लिए डार्क कलर का ट्राउजर और लाइट कलर की फॉर्मल शर्ट ही श्रेष्ठ होती है। हल्की-फुल्की धारीदार शर्ट भी पहन सकते हैं। ऐसे मौके पर पैटर्न या डिजाइन वाले कपड़े पहनने से बचें। महिलाएं स्ट्रेट-कट कुर्ता पहन सकती हैं। चाहें, तो साड़ी भी पहन सकती हैं। मगर ध्यान रहे, इसमें ज्यादा तड़क-भड़क न हो। अगर वेस्टर्न ड्रेस पहनना चाहें, तो स्ट्रेट-कट, वेल फिटिंग ट्राउजर पहन सकती हैं। ऐसे मौकों पर एक्सेसरी व मेकअप के मामले में जितना सिंपल रहें, उतना बेहतर होता है।

## रेज्यूमे में कॉपी-पेस्ट नहीं!

रेज्यूमे आपकी प्रोफेशनल लाइफ का आईना होता है। इसलिए इसको लेकर हमेशा गंभीरता बरतें। कई युवा अपना रेज्यूमे बनाते समय किसी दोस्त के रेज्यूमे को लगभग जस-का-तस कॉपी-पेस्ट कर देते हैं। यह बिल्कुल गलत है। कारण यह कि हर व्यक्ति की शख्सियत और खासियत अलग होती है और इसी प्रकार हर जॉब के लिए अलग तरह के रेज्यूमे की जरूरत होती है। अगर कोई हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में काम कर रहा है, तो उसके रेज्यूमे को कॉपी-पेस्ट करके आप आईटी सेक्टर में जॉब के लिए आवेदन नहीं कर सकते। रेज्यूमे में आपकी अपनी शख्सियत झलकनी चाहिए। इसमें आपके अनुभव, काम, हॉबी, कॉलेज के प्रोजेक्ट्स आदि का उल्लेख हो। कोशिश करें कि इसमें स्पेलिंग या ग्रामर की गलतियां बिल्कुल न हों। ऐसी गलतियों से आपके बारे में नकारात्मक इंप्रेशन बनता है। रेज्यूमे बनाने के बाद इसे किसी सीनियर या जानकार को एक बार जरूर दिखा दें ताकि उसमें कोई कमी रह जाने पर उसे दूर किया जा सके।

## जॉब पाने के बाद

अगर आपको जॉब मिल जाती है, तो वर्कप्लेस पर विनम्र और मिलनसार बने रहना कई मायनों में फायदेमंद होता है। शुरूआती दिनों में कोई शिकायत या दूसरों की आलोचना करने से बचें। अपना ध्यान सिर्फ काम पर लगाएं। जो जिम्मेदारी आपको दी गई है, उसे बेहतर तरीके से निभाने की कोशिश करें। काम के प्रति प्रो-एक्टिव रवैया दिखाकर आप बॉस की नजर में अच्छा इंप्रेशन बना सकते हैं। सोशल मीडिया पर आजकल लगभग सभी सक्रिय हैं। मगर ध्यान रहे, अपनी ऑनलाइन इमेज साफ-सुथरी रखना जरूरी है क्योंकि आपके बारे में इंप्रेशन बनाने में इसका भी योगदान होता है।



# बाजार के बदलते मिजाज पर रखिए नजर

**कंपनियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के चलते मार्केट रिसर्च बड़े उद्योग के रूप में उभर रहा है। यहां आपके लिए जॉब के कई अवसर है।**



बाजार में किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले कंपनियों के जेहन में एक बात जरूर होती है कि लोगों को उनका उत्पाद पसंद आएगा या नहीं। लोग क्या पसंद करते हैं? उत्पाद की बिक्री कैसी रहेगी.? इन सवालों के जवाब पाने के लिए कंपनियां बाकायदा मार्केट रिसर्च कराती हैं। फिर मार्केटिंग की रणनीति बनाती हैं। ऐसा कमोबेश सभी कंपनियां करती हैं। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों में मार्केट रिसर्च की अहमियत बढ़ी है क्योंकि बाजार का मिजाज रोज बदल रहा है। किसी भी उत्पाद की लॉन्चिंग में कंपनियों के करोड़ों रुपए दांव पर लगे होते हैं। इसलिए कंपनियां कोई रिस्क नहीं लेना चाहतीं। किसी प्रोडक्ट या सर्विस की लॉन्चिंग/ रीलॉन्चिंग से पहले वे मार्केट सर्वे का सहारा जरूरी लेती हैं। मार्केट रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश में रिसर्च इंडस्ट्री की वर्तमान विकास दर करीब 10 प्रतिशत है। इसमें आगे और विस्तार की उम्मीद बनी हुई है क्योंकि देश में कंज्यूमर कॉन्फिडेंस लगातार बढ़ रहा है।

सर्वे का बढ़ता स्कोप मार्केट रिसर्च कंपनियों की सेवाएं निजी कंपनियों के साथ अब राजनीतिक दल भी खूब लेने लगे हैं। आम तौर पर सभी राजनीतिक पार्टियां टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी व्यूह रचना और घोषणापत्र तक मार्केट रिसर्च के आधार पर ही तैयार करती हैं। चुनाव पूर्व सर्वे के जरिये जनता का मूड जानने की कोशिश भी की जाती है। टीवी चैनल्स और अखबारों में छपने वाले ओपिनियन पोल और एक्जिट पोल की लोकप्रियता से तो सभी वाकिफ हैं।

## कैसे होती है मार्केट रिसर्च?

मार्केट रिसर्चर या एनालिस्ट का कार्य मुख्य रूप से सर्वे और रिसर्च से जुड़ा है। अपने तरीकों से ये प्रोफेशनल बाजार का मूड टटोलने की कोशिश करते हैं। दरअसल, यह भी एक मार्केटिंग रणनीति है। उत्पाद की लॉन्चिंग से पहले सर्वे कराने से यह पता चलता है कि प्रतिस्पर्धा में कौन-कौन-से उत्पाद हैं, उनकी कीमत क्या है, बिक्री क्या है? कंपनी की मार्केटिंग रणनीति क्या है? बाजार में नए उत्पान की बिक्री का स्कोप क्या है? साथ ही, कंपनियां यह भी जानना चाहती हैं कि लोग क्या पसंद करते हैं, उन्हें क्या नया पसंद आएगा आदि। इन सभी सवालों का फीडबैक जुटाने के लिए मार्केट रिसर्चर एक क्वैश्चनेयर नुमा फॉर्म तैयार करते हैं। फिर कंज्यूमर सर्वे कराते हैं। ये सर्वे कई तरह से किए जाते हैं, जैसे टेलिफोन या इंटरनेट के जरिये या फिर ग्राउंड सर्वे। बाद में रिसर्च कंपनियां क्लाइंट कंपनी के लिए एक रिपोर्ट या प्रेजेंटेशन तैयार करती हैं। मार्केट रिसर्चर के इन्हीं सुझावों के आधार पर आखिरकार कंपनियां अपने उत्पाद या सेवा की लॉन्चिंग करती हैं।

## पर्सनल स्किल

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम करने के लिए आपको डाटा एनालिसिस का ज्ञान रखना बहुत जरूरी है। आपकी कम्युनिकेशन स्किल भी अच्छी होनी चाहिए। इंग्लिश पर अच्छी पकड़ भी होना जरूरी है। बेहतर सेल्समैनशिप और क्रिएटिव क्वॉलिटी भी रखनी होगी। साथ ही, अगर आप टीमवर्क की भावना और काम के प्रति लगन रखते हैं, तो बेझिझक मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

## जॉब प्रोफाइल

मार्केट रिसर्च का कार्य मुख्य तौर पर दो हिस्सों में बंटा है : फील्ड वर्क और रिसर्च वर्क। इसलिए यहां अलग अलग पृष्ठभूमि के लोगों के लिए जॉब के अवसर भी खूब हैं। रिसर्च एजेंसीज में आप वाइस प्रेसिडेंट ऑफ मार्केटिंग रिसर्च, रिसर्च डायरेक्टर, असिस्टेंट डायरेक्टर, प्रोजेक्ट मैनेजर, डाटा प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट, एनालिस्ट, फील्ड वर्क डायरेक्टर, फील्ड सुपरवाइजर आदि पदों पर जॉब पा सकते हैं।

## कहां हैं जॉब्स?

मौजूदा समय में कई देशी-विदेशी कंपनियां आपको इस फील्ड में जॉब दे सकती हैं। बड़ी कंपनियों में आपको विदेश में भी काम करने का मौका मिल सकता है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के तमाम विभागों में भी मार्केट रिसर्चर की काफी मांग है। टेलीकॉम कंपनियों में भी जॉब की संभावनाएं हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म और कंसल्टेंसी का विकल्प भी खुला है। अगर चाहें, तो एंटरप्रेन्योर बनकर खुद की रिसर्च एजेंसी भी खोल सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यताएं

मार्केट रिसर्च के क्षेत्र में काम की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएशन है। अगर करियर बनाना चाहते हैं, तो बीबीए या मार्केटिंग में एमबीए करके यहां एंट्री लें। साइकोलॉजी, सोश्योलॉजी या एंथ्रोपोलॉजी में ग्रेजुएट भी यहां करियर बना सकते हैं। कम्प्यूटर साइंस में ग्रेजुएट के लिए भी यहां करियर स्कोप है। कई संस्थान मार्केट रिसर्च के लिए डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स भी ऑफर कर रहे हैं। वहीं, फील्ड वर्क के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है।

## सैलरी कितनी?

रिसर्च कंपनियों में हर तरह के प्रोफेशनल्स को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है। रिसर्चर या एनालिस्ट लेवल पर शुरूआत में ही 30 से 40 हजार रुपए महीना आसानी से मिल जाते हैं। अनुभव बढ़ने पर यह सैलरी 70 हजार से 1 लाख रुपए के आसपास भी पहुंच सकती है। फील्ड वर्क से जुड़े लोग भी शुरूआत में 10 से 15 हजार रुपए महीना कमा सकते हैं।






# ऑनलाइन एग्जाम से डरें नहीं, अपनाएं ये टिप्स

**बैंकों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं कराने वाली प्रमुख एजेंसियां, जैसे आईबीपीएस, एसबीआई और आरबीआई भी कम्प्यूटराइज्ड ऑनलाइन फॉर्मेट में परीक्षा लेना या तो शुरू कर चुकी हैं या ऐसा करने की तैयारी में हैं। ऑनलाइन फॉर्मेट अपनाने पर परीक्षार्थियों और अकादमिक विशेषज्ञों दोनों की ओर से मिश्रित प्रतिक्रियाएं आई हैं। इस बात में कोई शक नहीं कि कम्प्यूराइज्ड एग्जाम के कई फायदे हैं मगर कई लोगों ने इस आधार पर इसका विरोध भी किया है कि इससे कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी तक पहुंच और उसमें सिद्धहस्तता के आधार पर विभिन्न परीक्षार्थियों में भेद किया जाता है।**

जो युवा इस टेक्नोलॉजी से कम परिचित हैं, वे अन्य मामलों में योग्य होने हुए भी पिछड़ सकते हैं। कई ऐसे युवा भी हो सकते हैं, जो यूं तो कम्प्यूटर का प्रयोग खूब करते हैं लेकिन परीक्षा ऑनलाइन देने के नाम पर असहज हो जाते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जो ऑनलाइन बैंकिंग एग्जाम को लेकर चिंतित हैं, तो हम आपके लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं, जिनसे आपको निश्चित ही लाभ होगा। ऑनलाइन परीक्षा की तकनीक पर चर्चा करने से पहले यह जानना भी जरूरी है कि आखिर क्यों बैंकिंग परीक्षाओं को ऑनलाइन करने का फैसला किया गया।

## ऑनलाइन का है भविष्य

जो भी हो, ऑनलाइन परीक्षाओं के लाभ इसकी हानियों से ज्यादा हैं और भविष्य तो कम्प्यूटराइज्ड परीक्षाओं का ही है। आगे चलकर तमाम परीक्षाएं इसी फॉर्मेट में होने वाली हैं, इसमें कोई संदेह नहीं। अभी तक पेपर-पेन वाली परीक्षाएं देते आए परीक्षार्थियों को शुरू-शुरू में ऑनलाइन परीक्षा थोड़ी असहज लग सकती है लेकिन यह कोई हिमालय लांघने जैसा काम भी नहीं है। वैसे भी, सभी बैंकिंग प्रोफेशनल्स से यह अपेक्षा तो की ही जाती है कि उन्हें कम्प्यूटर का बेसिक ज्ञान हो। तो फिर परीक्षा भी कम्प्यूटर पर ही देने में हिचक कैसी?

## परीक्षा के माहौल से परिचित हों

कम्प्यूटराइज्ड बैंक परीक्षाओं की आलोचना का एक आधार यह रहा है कि परीक्षार्थी प्रश्नों के उत्तर देने में सहज नहीं हो पाते और समय पर पेपर पूरा नहीं कर पाते। इस समस्या का समाधान खुद परीक्षार्थी के पास ही है। जो युवा बैंकिंग एग्जाम देने का इरादा रखते हैं, वे परीक्षा के इस नए माहौल से खुद को अभ्यस्त करना शुरू कर दें। इससे आप एग्जाम फॉर्मेट, स्टाइल और प्रश्नों की शैली से परिचित हो जाएंगे।

## टेक्नोलॉजी का लाभ उठाएं

टेक्नोलॉजी हमेशा से भविष्य का रास्ता बताती आई है। ऑनलाइन बैंक पीओ एग्जाम भी इससे अलग नहीं है। टेक्नोलॉजी से समय और मेहनत की बचत होती है, यह तो सब जानते हैं। सो आप भी इस बात पर फोकस करें कि आप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कैसे कर सकते हैं और कैसे कम समय व कम मेहनत के साथ पेपर हल कर सकते हैं।

## अपनी ताकत और कमजोरी पहचानें

एक बार आप ऑनलाइन परीक्षा की टेक्नोलॉजी और फॉर्मेट से परिचित हो जाएं, तो आप अपनी ताकत और कमजोरी को पहचान सकते हैं। फिर आप अपनी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मसलन, हो सकता है कि आप कम्प्यूटर पर मैथ्स के प्रश्न तो आसानी से हल कर लें लेकिन स्क्रीन पर इंग्लिश लैंग्वेज के प्रश्न पढ़ने और उनके उत्तर देने में आपको दिक्कत हो रही हो। ऐसे में आप मैथ्स के मुकाबले इंग्लिश की तैयारी पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

## ऑनलाइन मॉक टेस्ट

कम्प्यूटराइज्ड आरबीआई बैंक एग्जाम्स के आने के बाद से कई कोचिंग सेंटर्स तथा टेस्ट प्रेप वेबसाइट्स ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराती हैं। ये मॉक टेस्ट बैंकिंग एग्जाम के सिलेबस, फॉर्मेट तथा प्रश्नों की शैली को अच्छी तरह समझने के बाद तैयार की जाती हैं। इसलिए इन्हें हल करने पर आप वास्तविक परीक्षा के अनुभव से अवगत हो सकते हैं। इससे नियत समय में पूरा पेपर हल करने में भी आपको मदद मिलेगी।

## शॉर्टकट और ट्रिक्स

बैंकिंग एग्जाम में बैठने वाले परीक्षार्थी मैथ्स और क्वॉन्टिटेटिव एबिलिटी के प्रश्न हल करने के लिए कई तरह के शॉर्टकट तथा ट्रिक्स का इस्तेमाल करते आए हैं। ऑनलाइन कम्प्यूटराइज्ड टेस्ट में भी आप ऐसा कर सकते हैं। सच तो यह है कि ऑनलाइन टेस्ट दे चुके कई परीक्षार्थियों का कहना है कि उन्हें इस फॉर्मेट में पहले से कहीं ज्यादा शॉर्टकट और ट्रिक्स हाथ लगी हैं! आप भी इन शॉर्टकट्स और ट्रिक्स को जानें और इन्हें आजमाएं।

# विश्वकप के लिए भारतीय टीम घोषित, राहुल और अय्यर को मौका

### –सैमसन को नहीं मिली जगह, शुभमन और ईशान सहित 6 खिलाड़ी पहली बार खेलेंगे

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एकदिवसीय विश्वकप 2023 के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी में 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी। कप्तान रोहित और मुख्य चयनकर्ता अजित आगरकर ने टीम के सदस्यों के नाम घोषित किये। इस टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। इससे पहले इनकी फिटनेस को लेकर संदेह जताया जा रहा था। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को टीम में जगह नहीं मिली है। विश्वकप का आयोजन भारत में 5 अक्टूबर से होगा। इसका उद्घाटन और फाइनल अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडिमय में होगा। भारतीय टीम में शामिल 6 खिलाड़ी पहली बार एकदिवसीय विश्वकप खेलेंगे। इसमें शुभमन गिल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर और श्रेयस अय्यर शामिल हैं। अक्षर को पहली बार विश्व कप का कोई मैच खेलने मिल सकता है। वह 2015 में उतरने वाली टीम में भी शामिल थे पर उन्हें किसी भी मैच में अवसर मिला था। विराट कोहली सहित टीम में शामिल 4 खिलाड़ी 3 या उससे अधिक बार विश्वकप में खेलते हुए दिखेंगे।

गेंदबाज के तौर पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद शमी जबकि स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को मिली है। वहीं ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शार्दुल ठाकुर को शामिल किया गया है। वहीं बल्लेबाजी की जिम्मेदारी रोहित के अलावा शुभमन , विराट , श्रेयस , सूर्यकुमार , राहुल और ईशान पर रहेगी।

विराट का का यह चौथा विश्व कप होगा। वर्ल्ड कप के लिहाज से वे टीम इंडिया के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2011, 2015 और 2019 का भी विश्वकप खेला था। रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का यह तीसरा विश्वकप होगा। तीनों ही खिलाड़ी 2015 और 2019 वर्ल्ड कप में उतर चुके हैं। विश्वकप कप के लिए घोषित टीम में हालांकि सैमसन को अवसर नहीं मिला। ईशान और राहुल विकेटकीपर के तौर पर टीम में जगह बनाने में सफल हुए हैं। वहीं आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव भी टीम में जगह मिली है।

15 सदस्यीय टीम की बात करें, तो सिर्फ विराट ही खिताब विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में अन्य 14 खिलाड़ियों के पास पहली विश्वकप जीतने का अवसर है। भारतीय टीम ने 1983 और 2011 में विश्वकप जीता है। भारतीय टीम ने साल 2011 में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में अंतिम बार विश्वकक जीता था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया ने सबसे अधिक 5 बार ये खिताब जीता है। वेस्टइंडीज ने भी 2 बार जबकि श्रीलंका, पाकिस्तान और इंग्लैंड एक-एक बार से खिताब जीता है। वेस्टइंडीज की टीम इस बार क्वालिफाई नहीं कर पायी है जबकि इंग्लैंड की टीम टूर्नामेंट की डिफेंडिंग चैंपियन है.

विश्व कप 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें उतर रही हैं। सभी टीम को 9-9 मैच खेलने हैं। इसके बाद शीर्ष-4 टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी। कुल 10 वेन्यू पर मैच होने हैं. उद्घाटन मैच, भारत-पाकिस्तान का मुकाबला और फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है। सेमीफाइनल 15 और 16 नवंबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे।



### विश्व कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

# सुपर फोर में 10 सितंबर को होगा भारत और पाक का मुकाबला



**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान की टीमें एशिया कप के सुपर फोर में पहुंच गयी हैं। यहां एक बार फिर दोनो के बीच मुकाबला होगा। इससे प्रशंसकों को एक बार फिर दोनो के बीच टक्कर देखने को मिलेगी। इससे पहले 2 सितंबर को भारत और पाक का मुकाबला बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था जिससे प्रशंसकों को निराशा हुई थी। इससे उनके रोमांचक क्रिकेट देखने की उम्मीदें टूट गयीं थीं।सुपर फोर के मुकाबले बुधवार से शुरु होंगे। भारत और पाकिस्तान के अलावा बची हुई दो टीम का फैसला अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच मैच के परिणाम के आधार पर होगा।

भारत-पाक के बीच अब 10 सितंबर को मुकाबला होगा। ये मुकाबला कोलंबो में खेला जाएगा। वहीं अगर बारिश हुई तो इस मैच को हम्बनटोटा में स्थानांतरित किया जा सकता है। केवल ये ही मुकाबला नहीं। कोलंबो में सुपर-4 राउंड के 4 और मुकाबले होने हैं, उन्हें भी हम्बनटोटा में आयोजित किया जा सकता है। इसका कारण है कि श्रीलंका के दक्षिणी हिस्से में बसे इस शहर में सितंबर में बारिश की संभावना कम होती है।

गौरतलब है कि एशिया कप 2023 में सुपर-4 राउंड के मैच 6 सितंबर से शुरू होंगे। इसका पहला मैच ग्रुप-ए में पहले स्थान पर रहने वाली टीम पाकिस्तान और ग्रुप-बी में दूसरे नंबर की टीम के बीच होगा। इसके बाद 9 सितंबर को ग्रुप-बी की शीर्ष दो टीमों के बीच सुपर-4 राउंड का दूसरा मैच होगा। 10 सितंबर को ग्रुप-ए की दो टीमें भारत और पाक आमने-सामने होंगी। 12 सितंबर को सुपर-4 मैच में भारतीय टीम का सामना ग्रुप-बी की शीर्ष टीम से होगा जबकि 14 सितंबर को पाकिस्तान सुपर-4 में ग्रुप बी की शीर्ष टीम से खेलेगी। वहीं, 15 सितंबर को भारत का मुकाबला ग्रुप-बी की दूसरे नंबर की टीम से होगा। वहीं फाइनल 17 सितंबर को होगा।

# पहले दो मैचों से हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवस

**कैंडी (ओमान) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने नेपाल को हराकर एशिया कप के सुपर फोर में प्रवेश कर लिया है। इस मैच में भारतीय टीम की ओर से कप्तान रोहित शर्मा और और शुभमन गिल ने अर्धशतक लगाये। रोहिन हलांकि अपनी बल्लेबाजी को लेकर संतुष्ट नजर नहीं आये। उन्होंने कहा कि वास्तव में मैं अपनी बल्लेबाजी से खुश नहीं था। शुरुआत में कुछ घबराहट थी लेकिन एक बार जब मेरी नजर टिकी तो खेलना आसान हो गया।

रोहित ने कहा कि जब हम यहां आए तो हमें पता था कि विश्व कप के लिए हमारी टीम कैसी होने वाली है। एशिया कप के दो मैचों में हमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवसर मिला है। उन्होंने हार्दिक पंड्या और ईशान किशन की सराहना करते हुए कहा दोनो ने ही पहले मैच में अच्छी बल्लेबाजी की। साथ ही कहा कि हमें



गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में और सुधार करना होगा।

वहीं नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा कि उनकी टीम के सलामी बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया हालांकि मध्य क्रम और बेहतर प्रदर्शन कर सकता था। हमने 30 रन कम बनाए और यदि मध्य क्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया होता तो हम 260-270 बना थे। हमारे निचले क्रम के साथ ही गेंदबाजों ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# दक्षिण अफ्रीका ने विश्व कप के लिए घोषित की टीम, बावुमा करेंगे कप्तानी

### –इसी साल पदार्पण करने वाले कोएट्ज़ी भी शामिल

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम की कप्तानी उसके नियमित एकदिवसीय कप्तान टेम्बा बावुमा को मिली है। टीम में इसी साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को शामिल किये जाने से सभी हैरान हैं। अब तक अपने दो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में कोएट्ज़ी ने पांच विकेट लिए हैं। इसमें से तीन विकेट उन्होंने अपने एकदिवसीय पदार्पण पर ही लिए थे।

टीम में क्विंटन डी कॉक, रीज़ा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर और रासी वैन डेर डुसेन जैसे अनुभवी बल्लेबाजों को भी जगह मिली है जबकि तेज गेंदबाजी आक्रमण की कमान कगिसो रबाडा संभालेंगे। इसके साथ ही टीम में एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी जैसे अन्य तेज गेंदबाजों को भी शामिल किया गया है। उपमहाद्वीप के हालातों में स्पिनरों को मिलने वाली सहायता को देखते हुए केशव महाराज और तबरेज शम्सी को शामिल किया है। दक्षिण अफ्रीका अपना पहला विश्व कप मुकाबला 7 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका से खेलेगा।



### दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है

टेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्ज़ी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, सिसंडा मगाला, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन।

# एशिया कप में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने जडेजा



कैंडी। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने नेपाल के साथ एशिया मुकाबले में नेपाल के खिलाफ तीन विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। अब जडेजा पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान के साथ एशिया कप में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गये हैं। जडेजा ने एशिया कप के 16 मैचों में 24.77 की औसत से 22 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 29 रन देकर चार विकेट रहा है। वहीं पठान ने अपने करियर के दौरान 12 एकदिवसीय एशिया कप मैचों में 27.50 की औसत से 22 विकेट लिए थे। एशिया कप में सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड श्रीलंकाई स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम है। मुरलीधरन ने कुल30 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर लसिथ मलिंगा 29 विकेट और अजंता मेंडिस 26 विकेट हैं।

# विश्व कप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे डी कॉक

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर क्विंटन डी कॉक ने कहा है कि वह इस साल के अंत में भारत में होने वाले विश्वकप के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। गत दिनों ही विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक ने ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) में एक करार किया था। डी कॉक जैसे स्टार बल्लेबाज की इस घोषणा से उनके प्रशंसकों को भी करारा झटका लगा है। डिकॉक ने अब तक 140 एकदिवसीय मैच में 44.85 के औसत से 5966 रन बनाए हैं। इस बल्लेबाज ने अपने करियर में 17 शतक और 29 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 178 रनों का है। इस विश्व कप में डिकॉक अपने एकदिवसीय करियर के 6 हजार रन भी पूरे कर सकते हैं। क्रिकेट विश्व कप के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम के साथ उन्हें भारत आना था पर संन्यास की घोषणा के बाद अब वह नहीं आयेंगे। डिकॉक ने भारत के खिलाफ 19 एकदिवसीय में 56 की औसत से 1072 रन बनाए हैं जिसमें 6 शतक और दो अर्धशतक भी शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका अपना पहला विश्व कप मुकाबला 7 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका से खेलेगा। अपना अंतिम विश्वकप होने के कारण यह विकेटकीपर बल्लेबाज बेहतरीन प्रदर्शन का प्रयास करेगा।



# सुपर फोर में पाक तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाएगी भारतीय टीमः राठौड़

**पालेकल (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा है कि हमारे बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़े स्कोर बनाने में सक्षम है। राठौड़ ने 10 सितंबर को सुपर फोर में पाक के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले ये बात कही। एशिया कप के अपने पहले ही मैच में भारतीय शीर्ष क्रम शाहीन आफरीदी और हारिस रऊफ जैसे तेज गेंदबाजों के सामने विफल रहा था। उसके बाद से ही कहा जा रहा था कि भारतीय बल्लेबाज इस मैच में दबाव में आ गये थे। बल्लेबाजी कोच ने कहा, 'हम सुपर चार के मैच में बेहतर बल्लेबाजी करेंगे। साथ ही कहा कि पिछले मैच में हालात अलग थे। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि हम पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकते। यह सही है कि उनके पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और के



किसी दिन हमपर हावी हो जाते हैं पर जब हमें अच्छी शुरुआत मिलती है तो हमारे बल्लेबाज भी बड़ा स्कोर बनाते हैं।

पहले मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और हार्दिक पांड्या की शतकीय साझेदारी से भारत 266 रनों तक पहुंच पाया था। बारिश के कारण यह मैच पूरा नहीं हो पाया था। राठौड़ ने कहा कि भारत के लिए यह अच्छा संकेत है कि उसके पास मध्यक्रम में चयन के लिए ईशान और केएल राहुल के रूप में दो अच्छे बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, 'ईशान ने पाक के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की। केएल राहुल पिछले दो वर्षों से टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यह अच्छी समस्या है। हमारे पास चयन के लिए दो अच्छे खिलाड़ी हैं। दो संघर्षरत बल्लेबाजों के बजाय ऐसे खिलाड़ियों में से किसी का चयन करना बेहतर है।

राठौड़ ने कहा कि भारत अंतिम एकादश में चार विशेषज्ञ गेंदबाजों या तीन गेंदबाजों और एक ऑलराउंडर को रखने का फैसला हालातों को देखते हुए लेगा। उन्होंने कहा, 'शार्दुल ठाकुर की मौजूदगी में बल्लेबाजी को गहराई मिलती है और वह गेंदबाजी भी कर सकता है।

# भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शायद ही खेलें मैक्सवेल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अपने भारत दौरे में शायद ही एकदिवसीय सीरीज खेलें। मैक्सवेल विश्व कप से पहले अपनी फिटनेस को लेकर किसी भी प्रकार का जोखिम नहीं लेना चाहते हैं। इसी कारण वह सावधानी के कारण ये फैसला कर सकते हैं। मैक्सवेल को पिछले साल बायें टखने में चोट लगी थी जिससे अब वह उबर गये हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में उन्हें टखने में फिर दर्द का अनुभव हुआ था। उसके बाद से ही वह डरे हुए हैं।

मैक्सवेल ने सोशल मीडिया में लिखा, 'मैं भारत के खिलाफ श्रृंखला के कुछ हिस्से में खेलना चाहता हूं पर मुझ पर इसे लेकर प्रबंधन का कोई दबाव नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप से पहले तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत आयेगी। इसकी शुरुआत 22 सितंबर को मोहाली में होने वाले मुकाबले से होगी। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ता और स्टाफ मेरा काफी सहयोग कर रहे हैं। वे मुझ पर ज्यादा दबाव नहीं बनाना चाहते कि मैं किसी तरह की तारीख तय करूं।



मैक्सवेल ने कहा, 'इसलिए खेलने में जल्दबाजी करने की जगह मैं अपने को अतिरिक्त समय देना चाहता हूं जियसे ये तय कर सकूं कि हम पूरे टूर्नामेंट में खेल सकें। सभी टीमों को विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा पांच सितंबर तक करनी है हालांकि 27 सितंबर तक टीम में बदलाव किये जा सकेंगे। पिछले साल नवंबर में जन्मदिन की पार्टी में मैक्सवेल फिसल गये थे। जिससे उनके बायें पैर में फ्रेक्चर हो गया था और इसी कारण उनके पैर में धातु की प्लेट डली हुई है। टखने में दर्द के कारण टीम के पहले ट्रेनिंग सत्र के बाद ही उन्हें दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटना पड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब मैं दक्षिण अफ्रीका गया तो मुझे नहीं पता था कि इसमें दर्द होगा। मैं जब उस दिन ट्रेनिंग के लिए गया था तो भी ठीक था। कुछ भी नहीं हो रहा था। लेकिन फिर मेरे टखने में सूजन और दर्द होने लगा।

# विश्वकप के लिए टिकटों की हो रही कालाबाजारी , लाखों में पहुंची कीमतें

नई दिल्ली । आगामी एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए टिक्टों की धांधली के कारण दाम आसमान पर पहुंच गये हैं। विश्वकप में 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा। हाल में ही ही इसके लिए टिकट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हुई पर कुछ ही देर में सभी टिकट बिक गये। एक रिपोर्ट के अनुसार वायागोगो नामक बेवसाइट पर 100 से ज्यादा टिकट उपलब्ध हैं। इस ऑनलाइन स्पोर्ट्स टिकट बिक्री प्लेटफॉर्म पर टिकट 19 लाख से ज्यादा में बिक रहे हैं। इसके साथ ही शिपिंग और होम डिलिवरी के लिए लोगों को अलग से पैसे देने होंगे। इससे साफ है कि टिकट खरीदना आम आमदी के बस की बात नहीं है। इसमें भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए टिकट की कीमत 66 हजार से शुरू होकर 19 लाख तक पहुंची है। इसके साथ ही टिकट की कीमतें भी बार-बार बदल रही हैं। लखनऊ में होने वाले भारत और इंग्लैंड के मैच के लिए टिकट की की शुरुआती कीमत 2 लाख 34 हजार रुपये है। वहीं दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले भारत और अफगानिस्तान के मैच की टिकट 38,877 रुपये में मिल रही है। सबसे महंगा टिकट 2 लाख 34 हजार का है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच के टिकट 41 हजार से 2 लाख 85 हजार तक में मिल रहे हैं। गौरतलब है कि बुक माय शो विश्व कप टिकट के लिए आधिकारिक साझीदार था पर टिकट ब्रिकी शुरू होते ही वहां भी टिकटों के लिए वेटिंग दिखने लगी। टिकट खरीदने के लिए ऐप या बेवसाइट पर जाने के बाद 2 से 5 घंटे तक वेटिंग दिखाया जा रहा था। फिर कुछ ही देर में सोल्ड आउट आने लगा। जिसके बाद भड़के प्रशंसकों ने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर निकाला। नाराज प्रशंसकों का कहना था कि एक लाख से ज्यादा की क्षमता वाले स्टेडियम में बिक्री के लिए 10 हजार से भी कम टिकट रखे गए थे।

# न्यूजीलैंड के कोच बोले, विश्वकप में खेलेंगे विलियमसन

वैलिंगटन । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा है कि कप्तान केन विलियमसन विश्वकप में खेलेंगे। स्टीड ने कहा कि आईपीएल के दौरान लगी घुटने की चोट से अब विलियमसन उबर गये हैं। उन्होंने कहा कि कप्तान ने वापसी के लिए काफी प्रयास किये थे जो सफल रहे। स्टीड ने कहा कि विलियमसन ने अपने पुनर्वास के लिए समर्पित रुप से अभ्यास किया। इस दौर उन्हें विशेषज्ञों के एक समूह का भी सहयोग मिला। स्टीड ने कहा कि उन्होंने शीर्ष स्तर पर क्रिकेट खेलने के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हम उसे चयन से उत्साहित हैं। वह जल्दी में लौटने की इच्छा नहीं रखते हैं। जैसा कि हमने पहले कहा है, यह बहुत अच्छी बात है कि वह लंबे समय तक न्यूजीलैंड के लिए क्रिकेट खेलना चाहता है। हम भी उसकी रिकवरी में सहायता करना चाहते हैं। विश्व कप कोई छोटा टूर्नामेंट नहीं है और इसी को देखते हुए हम टूर्नामेंट के शुरुआती मैच से पहले अगले महीने उनकी प्रगति का ध्यान रखेंगे। विलियमसन इंग्लैंड दौरे पर न्यूजीलैंड टीम के साथ हैं, हालांकि वह टीम में शामिल नहीं हैं। घुटने की सर्जरी से उबरने के बाद अब विलियमसन को उम्मीद रहेगी कि वह विश्व कप की शुरुआत से ही खेल सकेंगे।

# सहवाग का बीसीसीआई से आग्रह, विश्व कप जर्सी पर 'इंडिया' के बजाय भारत लिखो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने मंगलवार को बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से आग्रह किया कि आगामी वनडे विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों की जर्सी पर 'इंडिया' के बजाय 'भारत' लिखा जाए। सहवाग ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को 'टैग' करते हुए सुझाव दिया कि खिलाड़ियों को ऐसी जर्सी पहननी चाहिए जिस पर 'भारत' लिखा हो।

सहवाग ने 'ट्विटर' पर लिखा, 'मेरा हमेशा से मानना है कि नाम ऐसा होना चाहिए जो हममें गर्व पैदा करे। हम भारतीय हैं, 'इंडिया' नाम अंग्रेजों ने दिया था और आधिकारिक रूप से हमारा मूल नाम 'भारत' वापस लाने में लंबा समय हो चुका है। मैं बीसीसीआई (सचिव) जय शाह से यह आग्रह करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि इस विश्व कप में हमारे खिलाड़ी अपनी छाती पर 'भारत' लिखी हुई जर्सी पहनें।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'टीम इंडिया नहीं, टीम भारत। इस विश्व कप में जब हम कोहली, रोहित, बुमराह, जड्डू के लिए चीयर करेंगे तो हमारे दिल में भारत होगा और खिलाड़ी 'भारत' लिखी जर्सी पहनेंगे।'

सहवाग की यह टिप्पणी राष्ट्रपति भवन द्वारा 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए आमंत्रण भेजने के विवाद के बाद आई है जिसमें 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'प्रेसिडेंट ऑफभारत' लिखा है। कई राजनेता इस मुद्दे पर बयानबाजी कर रहे हैं। पर सहवाग ने अन्य देशों का भी उदाहरण दिया जिन्होंने अपने नाम में बदलाव किया है। उन्होंने लिखा, ''नीदरलैंड 1996 विश्व कप में भारत में 'हालैंड' के नाम से विश्व कप खेलने आया था। पर 2003 में जब हम उनसे मिले तो वे 'द नीदरलैंड' थे और तब से ऐसा ही है। बर्मा ने भी अंग्रेजों द्वारा दिये गये नाम को बदलकर म्यामां कर लिया।'

इस पूर्व धुरंधर सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'और भी कई अन्य देश हैं जिन्होंने अपना मूल नाम वापस रख लिया है।' खबर है कि केंद्र सरकार 18 से 22 सितंबर तक होने वाले संसद के विशेष सत्र में 'इंडिया' का नाम बदलकर भारत करने पर विचार कर रही है।



# भारतीय महिला फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सक्षम -चौबे

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम ने हाल के दिनों में अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। जिससे वह दिन प्रति-दिन बेहतर होती जा रही है। इससे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) भी खुश है। एआईएफएफ प्रमुख कल्याण चौबे ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि हमारी महिला टीम के पास अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में प्रगति करने का काफी अच्छा अवसर है। टीम कुछ और प्रयासों करे तो फीफा विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी चौबे ने एआईएफएफ अध्यक्ष के तौर पर एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही उन्होंने फुटबॉल के स्तर को सुधारने के काफी प्रयास किये हैं। चौबे ने कहा, ''मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि महिलाओं की फुटबॉल को वो सारी सुविधायें मिलें जो भारत में पुरुष फुटबॉलरों को मिलती है और मैं मानता हूं कि हमारे पास महिलाओं के फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका है।

## अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन कोरोना संक्रमित

### – जी20 समिट में भाग लेने के लिए आने वाली थीं भारत

वाशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडन भारत में होने वाले जी20 समिट में शामिल होने वाले थे। वहीं भारत आने से दो दिन पहले ही फर्स्ट लेडी जिल बाइडन कोरोना संक्रमित पाई गई है। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन की रिपोर्ट निगेटिव है। जी20 सम्मेलन इस साल 9 और 10 सितंबर को भारत की राजधानी दिल्ली में होने वाला है और जो बाइडन 7 सितंबर को भारत आने वाले थे, साथ में उनकी पत्नी और फर्स्ट लेडी जिल बाइडन ने भी आना था लेकिन उससे पहले उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालांकि फर्स्ट लेडी ऑफिस का कहना है कि उनमें कोविड के कोई लक्षण नहीं है। जिल बाइडन अब डेलावेयर स्थित अपने आवास पर आइसोलेशन में रहेंगी। बता दें कि इससे पहले 16 अगस्त को साउथ कैरोलिना में राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ छुट्टियां मनाने के दौरान भी 71 वर्षीय जिल बाइडेन कोरोना संक्रमित पाई गई थीं और उन्हें 5 दिन तक क्वारंटाइन में रही थीं। व्हाइट हाउस की ओर से बताया गया कि राष्ट्रपति बाइडन 8 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके अलावा 9-10 सितंबर को जी-20 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जहां वह जी-20 के अन्य साझेदारों के साथ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे कई वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

## सूडान संघर्ष से 48 लाख लोग विस्थापित हुए : संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

खार्तूम । मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक सहायता बल (आरएसएफ) के बीच संघर्ष के कारण अप्रैल के मध्य से सूडान के अंदर और बाहर लगभग 4.8 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ओसीएचए ने अपने नवीनतम अपडेट में कहा कि लगभग दस लाख लोग पड़ोसी देशों में चले गए हैं। इसमें कहा गया है कि चार महीने से अधिक समय पहले सूडान में संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम दो मिलियन बच्चे अपने घरों से भाग गए हैं। इससे पहले सोमवार को यूएनएचसीआर ने सूडान में चल रहे संघर्ष से 2023 के अंत तक पांच पड़ोसी देशों में आने वाले 1.8 मिलियन से अधिक लोगों को आवश्यक सहायता और सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1 बिलियन डॉलर मदद की अपील की थी। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सूडान में 15 अप्रैल से खार्तूम और अन्य क्षेत्रों में एसएएफ और आरएसएफ के बीच घातक सशस्त्र झड़पों में तीन हजार से अधिक लोग मारे गए और छह हजार से अधिक घायल हुए।

## गर्भ में लड़की होने का मना रहे थे जश्न, अचानक प्लेन हुआ क्रैश

मेक्सिको । उत्तर अमेरिका के मेक्सिको में एक जोड़ा अपने मेहमानों के साथ गर्भ में लड़की होने का जश्न मना रहा था, कि अचानक उनके सामने ही प्लेन क्रेश हो गया। सैन पेड्रो शहर में एक जेंडर रिवील पार्टी उस समय भयावह बन गई जब बेखबर मेहमानों के सामने स्टंट कर रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान पाइपर पीए-25 का लेफ्ट विंग विफल हो गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। लेकिन खुशी का इजहार कर रहे लोगों को इस हादसे का पता तक नहीं चला और लोग गर्भवती महिला के ऊपर से पिंक कलर बिखरने वाले विमान का आनंद लेते रहे। इस हादसे से जुड़ा भयानक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ और स्पष्ट नजर आ रहा है कि दंपती उत्साह से जश्न मना रहे हैं। होने वाले बच्चे के लिंग प्रकटीकरण पार्टी का आयोजन किया गया है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, फुटेज में एक गर्भवती महिला को मुस्कुराते हुए और एक संकेत के सामने हाथ पकड़े हुए दिखाया गया है जिस पर लिखा है, ओह बेबी। कुछ ही क्षण बाद, एक स्टंट विमान बेखबर मेहमानों के सामने दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गुलाबी पानी ले जाने वाले विमान के जोड़े के ऊपर से गुजरने से सभी बेखबर रहते हैं और जश्न मनाते देखते हैं। लेकिन असल में जोड़े के ऊपर से गुजरे विमान को कुछ दूरी पार करने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होते देखा जा सकता है। बावजूद इसके सब उस घटना से बेखबर ही दिखते हैं। भावी माता-पिता ने देखा कि एक छोटा विमान ऊपर की ओर उड़ रहा था और गुलाबी पानी जैसा एक बड़ा सा गुब्बार छोड़ रहा था, जो यह संकेत दे रहा था कि उनके गर्भ में एक लड़की है। इस तरह से मेक्सिको में लिंग का खुलासा एक त्रासदी में समाप्त होता है। वीडियो में जश्न में शामिल एक स्टंट विमान को मेहमानों के सामने दुर्घटनाग्रस्त होते दिखाया गया है। लुइस एंजेल एन नामक 32 वर्षीय पायलट को बाद में विमान के मलबे में पड़ा पाया गया, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



## चार अंतरिक्ष यात्री 6 माह का अभियान पूरा कर वापस धरती पर लौटे

केप केनवरल । चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर छह महीने रहने के बाद सोमवार तड़के वापस धरती पर लौट आए। उनका 'स्पेस एक्स' कैप्सूल फ्लोरिडा तट से दूर अटलांटिक सागर में पैराशूट से उतरा। नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और वॉरेन 'वुडी' होबर्ग, रूस के आंद्रेई फेदयेव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सुल्तान अल-नेयादी इस अंतरिक्ष अभियान को पूरा करने के बाद धरती पर लौटे। अल-नेयादी कक्षा में इतना लंबा समय बिताने वाले अरब दुनिया के पहले व्यक्ति हैं। अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने से पहले उन्होंने कहा कि मार्च में आईएसएस पर पहुंचने के बाद वह गर्म पानी से स्नान, गर्म कॉफी से भरे कप और समुद्री हवाओं के लिए तरस रहे थे। हालांकि, खराब मौसम के कारण उनकी वापसी में एक दिन की देरी हुई। 'स्पेस एक्स' ने एक सप्ताह पहले इन अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेने वाले अन्य यात्रियों को आईएसएस पर भेजा था। इस महीने के अंत में आईएसएस के क्रू में एक और बदलाव होगा, जिसके तहत दो रूसी और एक अमेरिकी वैज्ञानिक की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी होगी, जो पूरे साल अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे हैं।

## ब्वॉयफ्रेंड बनाने के लिए लडकी ने मांगे आवेदन

### –मात्र 24 घंटे में आए 3000 एप्लिकेशन!

वॉशिंगटन । अपने लिए पार्टनर तलाशने कोई डेटिंग ऐप्स का सहारा लेता है तो कुछ लोग सोशल मीडिया से ही अपने लिए पार्टनर की तलाश करते हैं। एक लड़की ने इन सारे तरीकों को छोड़कर एक अनोखा रास्ता निकाला है। उसने लड़कों से कहा है कि वे उसका प्रेमी बनने के लिए एप्लिकेशन दें और 24 घंटे के अंदर ही उसके पास हज़ारों कैंडिडेट्स की लाइन लग गई। मॉडल और टिकटॉकर वीरा डिज्कमांस ने बताया है कि वो अकेले रहते-रहते थक चुकी है और अब उसे अपने लिए एक ब्वॉयफ्रेंड की तलाश है।एक रिपोर्ट के मुताबिक उसने टिकटॉक पर लोगों से कहा कि वो ब्वॉयफ्रेंड एप्लिकेशन मांग रही है, जिसे खुद को योग्य समझने वाले लोग दे सकते हैं। लड़की ने अपने पौने चार लाख फॉलोअर्स के सामने ये प्रस्ताव रखा है। इसके लिए बाकायदा एक फॉर्म है, जिसमें पर्सनल डिटेल्स भरनी है और कुछ सवालों का जवाब देना है। वीरा की इस क्लिप को हज़ारों लोगों ने देखा है और आप सोच नहीं सकते कि उसे कितना बंपर रेस्पॉन्स मिला है। 24 घंटे के अंदर-अंदर उसको 3000 एप्लिकेशन मिल चुके हैं। लंदन की रहने वाली हसीना का कहना है कि लोगों को ये अजीब लग सकता है लेकिन इस वक्त में डेटिंग आसान नहीं है। ऐसे में वो अच्छे कैंडिडेट्स को शॉर्टलिस्ट करके उनमें से एक को चुनेगी। उसके ब्वॉयफ्रेंड की जो खूबियां वो बताती हैं, उसमें उसकी कमाई, आत्मनिर्भरता के अलावा कार्टून का शौकीन होना भी ज़रूरी है। बता दें कि नौकरी के लिए आवेदन देने और मांगने के बारे में तो आप जानते ही होंगे। अक्सर ये खबरें भी सुनी होंगी कि एक पद के लिए कैसे हज़ारों आवेदन आ जाते हैं क्योंकि यहां पैसे कमाने का साधन मिलना होता है। लेकिन ऐसी खबरें कम ही सुनने को मिलती है।



मंगोलिया में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पोप फ्रांसिस।

## पाकिस्तान में समय पर, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करना बहुत जरुरी : अमेरिका

इस्लामाबाद । अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक विक्टोरिया नूलैंड ने पाकिस्तानी विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से बात की और दक्षिण एशियाई राष्ट्र में समय पर, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के महत्व पर चर्चा की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि कार्यवाहक उप सचिव नूलैंड और विदेश मंत्री जिलानी ने पाकिस्तान के कानूनों और संविधान के अनुरूप समय पर, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के महत्व पर चर्चा की। पाकिस्तानी राजनीति एक साल से अधिक समय से संकट में है, जिसके केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान हैं, जिन्हें पिछले साल संसदीय अविश्वास मत में अपदस्थ कर दिया गया था। इमरान ने अपने निष्कासन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान की सेना को दोषी ठहराया। वाशिंगटन और सेना दोनों ने उनके दावों का खंडन किया है। नूलैंड और जिलानी के बीच हुई बातचीत पर विदेश विभाग के बयान में खान का कोई जिक्र नहीं किया गया। पाकिस्तान ने अगस्त के मध्य में अंतरिम प्रधान मंत्री अनवार-उल-हक काकर के तहत एक कार्यवाहक कैबिनेट की शपथ ली, जिसे नए चुनावों तक देश चलाने का काम सौंपा गया था, जो नवंबर से आगे विलंबित हो सकता है क्योंकि निर्वाचन क्षेत्र की सीमाएं फिर से निर्धारित की गई हैं। कार्यवाहक कैबिनेट का शीर्ष काम पाकिस्तान को आर्थिक स्थिरीकरण की ओर ले जाना होगा, साथ ही 350 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से आखिरी मिनट में 3 अरब डॉलर का बेलआउट सौदा प्राप्त करने के बाद एक संकीर्ण पुनर्प्राप्ति पथ पर चल रही है, जिससे एक संप्रभु ऋण डिफ़ॉल्ट को रोका जा सके।

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति भवन पर सेना का कब्जा, अल्वी को चुनावी तारीखें घोषित करने से रोकने के लिए मिली धमकी



इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में सियासी घमासान जारी है। इमरान खान के जेल जाने के बाद भी ये बवाल थमा नहीं है। अब राष्ट्रपति और पाकिस्तानी सेना के बीच ठन गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी इमरान खान के समर्थक माने जाते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति अल्वी को पाक सेना ने घेर लिया है। यह कदम अल्वी को चुनाव की तारीखों की घोषणा करने से रोकने के लिए उठाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के राष्ट्रपति भवन पर सेना ने कब्जा कर लिया है। पाक सेना और शहबाज शरीफ गठबंधन चाहता है कि चुनाव को जितना संभव हो सके टाल दिया जाए। जबकि इमरान खान चाहते थे कि चुनाव समय पर हो। इमरान समर्थक अल्वी ऐसा कुछ न करें, इसीलिए पाक सेना ने उन्हें घेर लिया है।

अल्वी को चुनावी तारीखें घोषित करने से रोकने के लिए धमकी दी गई है। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति के दफ्तर को ही खाली करा लिया गया है। दफ्तर में मौजूद स्टॉफ को भी निकाल दिया गया है। पाकिस्तानी आर्मी ने राष्ट्रपति भवन की चौथी मंजिल को अपने कब्जे में ले लिया है। आर्मी चीफ और आईएसआई को ये भनक लगी कि राष्ट्रपति अल्वी चुनाव का ऐलान करने वाले हैं। आर्मी चीफ और आईएसआई ने राष्ट्रपति से मिलकर कोई भी घोषणा करने से रोक दिया है।

### संविधान के मुताबिक 90 दिनों में चुनाव होने हैं

सूत्रों के मुताबिक, बैठक तीखी रही और राष्ट्रपति के साथ ठीक से व्यवहार नहीं किया गया। एक वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक का कहना है कि पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक मौजूदा हालात को देखते हुए 90 दिनों के अंदर चुनाव कराए जाने चाहिए। यदि राष्ट्रपति अल्वी ने चुनाव की घोषणा की होती, तो पीएम इमरान खान के खिलाफ चल रहा अभियान चल रहा होता। बड़ा झटका लगा होगा। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति द्वारा जल्द ही चुनाव की तारीखों की घोषणा करने की खबर अंदर से लीक की गई है ताकि पाकिस्तानी सेना इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पर दबाव बना सके और उसे बातचीत की मेज पर ला सके। तक लाया गया।

# भारत और यूके के बीच होने वाली डील पड़ी खटाई में

### –पीएम सुनक जल्दबाजी में नहीं

लंदन (एजेंसी)। भारत और यूके के बीच होने वाली एक अहम डील खतरे में पड़ गई है। ब्रिटिश मीडिया में आ रही खबरों से ऐसा ही लगता है। ब्रिटिश मीडिया ने पीएम ऋषि सुनक के हवाले से लिखा है कि नौ और 10 सितंबर को जब नई दिल्ली में जी20 सम्मेलन का आयोजन होगा, तब उस समय इस डील के साइन होने की कोई संभावना नहीं है। दरअसल पीएम सुनक ने भारत के साथ एक त्वरित व्यापार समझौते से इनकार किया है। बताया जा रहा हैं कि डील का शायद अगले साल के चुनावों तक भी हो पाना असंभव हो गया है।

पीएम सुनक को भारत के साथ इस डील की वजह से काफी आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है। माना जा रहा है कि सरकार के अंदर कुछ मंत्रियों को इस डील से आपत्ति थी। इसकारण यूके ने समझौते से अपने पैर पीछे खींच लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तब पीएम सुनक ने डील पर जल्दबाजी करने से मना कर दिया है। इसके तहत व्हिस्की जैसी वस्तुओं पर टैरिफ को कम करना था। लेकिन यह डील प्रोफेशनल सर्विसेज जैसे जटिल विषयों को सुलझाने में असफल है। कहा जा रहा है कि जी20 सम्मेलन के लिए भारत आ रहे सुनक के अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी से मिलने से पहले किसी भी समझौते के होने की संभावना समाप्त हो गई है। अब कई लोग मान रहे हैं कि दोनों देशों के बीच साल 2024 में चुनाव होने से पहले कोई समझौता होना मुश्किल है। हालांकि यूके सरकार में कुछ लोगों का अभी भी मानना है कि इस साल के अंत में डील को फाइनल किया जा सकता है।

इस पूरी स्थिति का मतलब यही है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता अभी भी दूर है। इस ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन के लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक के रूप में लंबे समय से माना जाता है। पिछले साल दिवाली तक एक समझौते की बात थी। यूके के व्यापार मंत्री केमी बैडेनोच और पीएम ऋषि सुनक ने फैसला किया है कि वे उस रास्ते पर नहीं जाना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने समय सीमा को समाप्त कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि भारत वस्तुओं पर एक प्रारंभिक समझौता करना चाहता है। लेकिन जोखिम यह है कि इसके बजाय इससे एक व्यापक व्यापार समझौते की शुरुआत हो सकती है। इस डील से ब्रिटेन को वह कुछ भी नहीं मिलता है जो वह चाहता है। हालांकि, बातचीत वर्षों से चल रही है और निकट समाप्ति के करीब नहीं पहुंच रही है। पूर्व पीएम बोरिस नसन और उनकी उत्तराधिकारी लिज ट्रस दोनों ने पिछले साल दिवाली तक एक समझौते का वादा किया था, जो अक्टूबर में पड़ा था, लेकिन लगभग एक साल बाद उन लोगों के पास जो बातचीत के करीब हैं, उनका कहना है कि बड़े क्षेत्रों में असहमति बनी हुई है।

# जी20 शिखर सम्मेलन में चीनी उपस्थिति का विरोध नहीं करेंगे तिब्बती, जिनपिंग को बताया माओत्से तुंग से भी बदतर

तिब्बती प्रतिनिधि ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान निर्वासित तिब्बती यहां चीनियों के खिलाफ कोई विरोध प्रदर्शन नहीं करेंगे क्योंकि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग बैठक में भाग नहीं लेंगे। निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्य दावा त्सेरिंग ने कहा कि अगर शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल होते तो हम जी20 बैठक के दौरान कुछ आंदोलन करना चाहते थे। अब हमने सुना है कि वह नहीं आ रहे हैं। सेरिंग ने कहा कि जब से शी जिनपिंग सत्ता में आए हैं, वह भारत सरकार और भारतीय लोगों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह (शी) तिब्बती लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं और उन्होंने छोटे बच्चों को अपनी भाषा सीखने की इजाजत नहीं दी। अगर मेरा बेटा भिक्षु बनना चाहता है, तो वह इसकी इजाजत नहीं देते। यह एक सांस्कृतिक नरसंहार है। वह माओत्से तुंग से भी बदतर हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या तिब्बती शिखर सम्मेलन में चीनी प्रतिनिधि की उपस्थिति का विरोध करेंगे, त्सेरिंग ने कहा कि विरोध तभी होता जब शी जिनपिंग बैठक में भाग लेने आते। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत सरकार चीनी विस्तारवादी नीति के खिलाफ दृढ़ता से खड़ी होगी जो वह न केवल भारत बल्कि सभी दक्षिण एशियाई देशों के प्रति अपनाती है। जी20 बैठक में दक्षिण एशियाई देशों के प्रतिनिधिमंडलों को इस चीनी नीति के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।

# इज़राइल ने गाजा पट्टी से माल का निर्यात रोका

### – सभी वस्तुओं को अगली सूचना तक केरेम शालोम सीमा पार से निर्यात से रोका जाएगा

गाजा (एजेंसी)। इजरायली अधिकारियों ने कहा है कि उन्होंने मंगलवार से अगली सूचना तक गाजा पट्टी से माल का निर्यात रोक दिया है। सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने फिलिस्तीनी प्राधिकरण द्वारा संचालित समन्वय आयोग को सूचित किया कि सभी वस्तुओं को केरेम शालोम सीमा पार से निर्यात से रोका जाएगा, जो क्षेत्र में एकमात्र वाणिज्यिक सीमा है। सूत्रों के अनुसार इज़राइल द्वारा क्रॉसिंग पर विस्फोटक सामग्री की तस्करी के प्रयास को विफल करने के बाद यह निर्णय लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली सरकार की गतिविधियों के समन्वयक घासन अलियान ने शिन्हुआ को एक प्रेस बयान में कहा कि इससे पहले सोमवार को, गाजा से कपड़े ले जा रहे एक ट्रक में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री की तस्करी के प्रयास को क्रॉसिंग पर विफल कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि तस्करी के प्रयास के बाद इजरायली अधिकारियों ने गाजा से इजरायल और वेस्ट बैंक में माल की शिपिंग रोकने का फैसला किया। एलियान ने कहा कि पट्टी में आर्थिक स्थिति पर निलंबन के संभावित नकारात्मक प्रभावों के बावजूद, इज़राइल आतंकवादियों को गाजा में नागरिक और मानवीय क्षेत्र का शोषण करने की अनुमति नहीं देगा। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा संचालित आर्थिक मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में फैसले की निंदा करते हुए कहा कि यह गाजा में मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

# किम जोंग-उन हथियार सौदे पर पुतिन से चर्चा करने जा सकते हैं रूस

### – दोनों नेता ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में भाग लेंगे, जो 10 से 13 सितंबर तक चलेगा

सियोल (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने और संभावित हथियार सौदे पर चर्चा करने के लिए रूस का दौरा कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक न्यूयॉर्क के एक अखबार में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में अज्ञात अमेरिकी और संबद्ध अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि किम अगले सप्ताह व्लादिवोस्तोक की यात्रा कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से, संभवतः बख्तरबंद ट्रेन से रूस के प्रशांत तट पर व्लादिवोस्तोक तक यात्रा करेंगे, जहां वह पुतिन से मिलेंगे। इसमें कहा गया है कि दोनों नेता ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में भाग लेने के लिए व्लादिवोस्तोक में सुदूर पूर्वी संघीय विश्वविद्यालय के परिसर में होंगे, जो 10 से 13 सितंबर तक चलने वाला है। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) ने पूछे जाने पर रिपोर्ट की पुष्टि करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि किम रूस में उच्च स्तरीय बातचीत की उम्मीद कर सकते हैं। एनएससी के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की जुलाई में प्योंगयांग की यात्रा का हवाला देते हुए एक समाचार एजेंसी को बताया कि जैसा कि हमने सार्वजनिक रूप से चेतावनी दी है, रूस और डीपीआरके (उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम) के बीच हथियार वार्ता सक्रिय रूप से आगे बढ़ रही है।

एनएससी के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे पास जानकारी है कि किम जोंग-उन को उम्मीद है कि ये चर्चाएं जारी रहेंगी, इसमें रूस में नेता स्तर की राजनयिक भागीदारी भी शामिल होगी। एनएससी समन्वयक जॉन किर्बी ने पहले चेतावनी दी थी कि प्योंगयांग यूक्रेन में चल रहे युद्ध में उपयोग के लिए रूस को अतिरिक्त हथियार और सैन्य उपकरण प्रदान करने पर विचार कर सकता है। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि शोइगु की यात्रा के बाद रूसी अधिकारियों के एक दूसरे समूह ने संभावित हथियार सौदों के बारे में आगे की चर्चा के लिए उत्तर कोरिया की यात्रा की थी। प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि डीपीआरके और रूस के बीच कोई भी हथियार सौदा सीधे तौर पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। अधिकारी ने कहा कि हम डीपीआरके से रूस के साथ अपनी हथियार वार्ता बंद करने का आग्रह करते हैं और हम रूस और डीपीआरके के बीच हथियारों के सौदे को सुविधाजनक बनाने के लिए काम करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को बेनकाब और मंजूरी देकर सीधे कार्रवाई कर रहे हैं। शोइगु ने पहले कहा था कि रूस और उत्तर कोरिया चीन के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास करने पर विचार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 20 उत्तर कोरियाई अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें नेतृत्व के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की देखरेख करने वाले कुछ लोग भी शामिल हैं, ने अगस्त के अंत में व्लादिवोस्तोक की यात्रा की, जो किम की आगामी यात्रा का संकेत देता है।

# एलन मस्क के पिता को सता रहा है बेटे के मर्डर होने का खतरा

वॉशिंगटन (एजेंसी)। एलन मस्क के पिता ने कहा है कि सरकारी फैसलों पर उनके असर के बारे में एक रिपोर्ट के बाद उन्हें चिंता है कि टेस्ला के सीईओ की हत्या हो सकती है। एलन मस्क के पिता ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि उन्हें डर है कि उनके अरबपति बेटे की हत्या की जा सकती है। 77 साल के एरोल मस्क ने मीडिया में आए एक हालिया लेख की आलोचना भी की। जिसमें यूक्रेन में जंग के बारे में सरकारी फैसलों पर दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के असर के बारे में बताया गया था। पेंटागन के अधिकारियों ने बताया था कि एलन मस्क के साथ एक 'अनिर्वाचित अधिकारी' की तरह व्यवहार किया गया। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि यूक्रेन युद्ध में स्पेसएक्स के स्टारलिंक सेटेलाइट कितने महत्वपूर्ण थे। एलन मस्क के बुजुर्ग पिता ने कहा कि यह एक चोट पहुंचाने वाला काम है, एलन मस्क पर एक छद्म सरकार का गहरा साया पड़ चुका है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें डर है कि यह 'छद्म सरकार' उनके बेटे की हत्या कर सकती है? तो उन्होंने हां में जवाब दिया। उन्होंने व्लादिमीर पुतिन के प्रति उनके रवैये पर चिंता भी जताई।

बता दें कि पिछले साल मई में स्पेसएक्स के यूक्रेनी सैनिकों को स्टारलिंक टर्मिनल देने के फैसले पर रूस के स्पेस चीफ के साथ बहस के बाद एलन मस्क ने मजाक में कहा था कि वह 'रहस्यमय परिस्थितियों में मर सकते हैं। एक एक्स इंजीनियर ने पहले ही बताया था कि दो अंगरक्षक बाथरूम सहित कंपनी मुख्यालय के आसपास एलन मस्क के लगातार साथ रहते थे। मई में दायर एक मुकदमे में कहा था कि उन्होंने अपने एक्स ऑफिस के बगल में एक बाथरूम बनाने का भी अनुरोध किया था ताकि उन्हें आधी रात में अपने सिक्योरिटी स्टाफ को जगाना न पड़े। एलन मस्क की सुरक्षा संबंधी चिंताएं पिछले दिसंबर में उनके



निजी जेट को ट्रैक किए जाने के विवाद के दौरान सबसे अधिक तेजी से उभरी थीं। एलन मस्क ने इससे पहले कहा था कि उनके बेटे को ले जा रही कार का एक शख्स ने यह सोचकर पीछा किया था कि उसमें टेस्ला के सीईओ खुद सवार हैं।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 06 September 2023



## शिक्षक दिवस पर काजोल ने कहा

# मैं ऐसे गांव में पली-बढ़ी, जो मजबूत महिलाओं से भरा था'

शिक्षक दिवस पर एक्ट्रेस काजोल ने इंस्टाग्राम पर मंगलवार को एक रील शेयर की, जिसमें उनके कई इंटरव्यू की झलक दिखी। काजोल ने इस इंटरव्यू में गर्व से अपनी मां और अभिनेत्री तनुजा, अपनी नानी शोभना समर्थ, परदादी रतन बाई के बारे में बात कर रही हैं। शोभना और रतन बाई दोनों भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की एक्ट्रेस थीं। वीडियो में काजोल को यह कहते हुए देखा जा सकता है, 'मेरे सबसे बड़े गुरु के लिए, मेरी मां सुपर कूल हैं। मेरी मां ऑसम हैं और उनकी मां अमेजिंग हैं। जब मैं 5-6 साल की थी तब मेरी परदादी ने मुझे बुनाई करना सिखाया। उन्होंने मुझे हारमोनियम बजाना भी सिखाया।' 'बाज़ीगर' फेम एक्ट्रेस ने वीडियो को कैप्शन दिया, 卐मैं वास्तव में एक गांव में पली-बढ़ी हूं। वह गांव, जो एकदम कूल महिलाओं से भरा हुआ था। मैंने ठोकरें खाकर सीखा है, कोई भी बातें मेरे दिमाग में बैठाई नहीं गई है। मैं कितना भी धन्यवाद कर दूं, लेकिन वह कम ही है। अच्छा और बुरा और बीच का, सब मुझे सिखाई गई, जिनका स्कूल से कोई लेना-देना नहीं है।' 'इन सीखों का संबंध जीवन से था और वे तब काम आए, जब मुझे उनकी सबसे अधिक जरुरत थी। ज्यादातर बच्चों की तरह मैं भी किसी की नहीं सुनती थी, लेकिन सीखती थी और इसलिए वर्तमान में इतनी उभर पाई हूं। ये सीखना खत्म नहीं हुआ है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल को आखिरी बार 'लस्ट स्टोरीज 2' में 'देवयानी' के रूप में देखा गया था। उन्होंने डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग एक कानूनी ड्रामा ' 'द ट्रायल : प्यार कानून धोखा' में भी अभिनय किया। उनकी अगली फिल्म 'सरजमीं' और 'दो पत्ती' हैं।




# 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है जेलर

फिल्म जेलर वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। सुपरस्टार रजनीकांत की जेलर अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी-2 और सनी देओल की फिल्म गदर-2 से सिर्फ एक दिन पहले रिलीज हुई थी। दोनों ही फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन कमाई के मामले में जेलर बाजी मार गई। फिल्म को सबसे अच्छा रिस्पॉन्स इसके तमिल और तेलुगू वर्जन से मिला। रिलीज वाले दिन ही फिल्म ने 48 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया था जिसमें से 37 लाख रुपये इसने सिर्फ तमिल वर्जन से कमाए थे। पहले हफ्ते के आखिरी तक फिल्म का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल कलेक्शन 235 करोड़ 85 लाख रुपये हो गया था जिसमें से इसने 184 करोड़ रुपये सिर्फ तमिल वर्जन से कमाए थे। हिंदी वर्जन से सिर्फ 2 करोड़ 1 लाख रुपए की कमाई हुई थी। दूसरे हफ्ते में फिल्म का बिजनेस थोड़ा घटा और इसने 62 लाख 95 हजार रुपये का बिजनेस किया। तीसरे हफ्ते में कमाई का ग्राफ और नीचे गया और फिल्म ने 29 करोड़ 75 लाख रुपये का बिजनेस किया। हालांकि इसमें गौर करने की बात यह थी कि तीसरा हफ्ता खत्म होने तक भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई थी। मालूम हो कि आमतौर पर इतने वक्त में फिल्में सिनेमाघरों से उतर जाती है और मेकर्स इन्हें ओटीटी पर रिलीज करने का विचार करने लगते हैं। माना जा रहा है कि जेलर 7 सितंबर तक फिल्म सिनेमाघरों से उतर भी जाएगी। डॉमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर जेलर का अभी तक का कुल कलेक्शन 332 करोड़ 85 लाख रुपये हो चुका है। बात करें चौथे हफ्ते की तो सुपरस्टार शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म जवान की रिलीज से ठीक पहले जेलर की कमाई में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है। बीते शुक्रवार को फिल्म ने कुल मिलाकर सिर्फ 1 करोड़ 8 लाख रुपये का बिजनेस किया और शनिवार को इसकी कमाई 2 करोड़ 50 लाख रुपये (लगभग) रही।



# करीना, कियारा और सुहाना पर थमी नजरें

एक इवेंट में भाग ले रही बालीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान, कियारा आडवाणी और सुहाना खान पर जाकर लोगों की निगाहें थम सी गईं। ये तीनों एक्ट्रेस रिलायंस के नए 'टीरा ब्यूटी' का फेस हैं। इस इवेंट के होस्ट के तौर पर एक्टर अर्जुन कपूर नजर आए। करीना ब्लैक स्टेपलेस गाउन में दिखीं। 'बेबो' ने अपने लुक को डार्क आई मेकअप के साथ कंप्लीट किया था। वहीं सुहाना ने रेड स्ट्रेपलेस गाउन पहना था, जिसमें वो बेहद ग्लैमरस नजर आ रही थीं। कियारा की बात करें तो उन्होंने पेस्टल ग्रीन कलर का हॉलटेड टॉप और प्लाजो पहना था। कियारा ने अपने बालों को खास अंदाज में टाई किया हुआ था। सुहाना और करीना ने अपने बाल खुले छोड़े थे। अर्जुन हमेशा की तरह डैपर नजर आ रहे थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान की बेटी सुहाना जल्द ही जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। सुहाना की फिल्म 7 दिसंबर को रिलीज होगी। करीना जल्द ही 'जाने जान' से अपना ओटीटी डेब्यू करने वाली हैं। वहीं कियारा 'वार 2' और 'गेम चेंजर' में नजर आने वाली हैं।

# धक-धक गर्ल को देखकर इन एक्टर्स के धड़के थे दिल

90 के दशक की जानी मानी अदाकारा रहीं माधुरी दीक्षित ने फिल्मों में अपनी अदाकारी और डांस से सिर्फ फैंस के नहीं बल्कि कई एक्टर्स के दिलों पर भी बिजलियां गिराई हैं। इनमें से तो कुछ के साथ उनकी शादी के चर्चे भी रहे चुके हैं।

माधुरी दीक्षित 90 के दशक की सबसे सफल एक्ट्रेस थीं। उस दौर में बॉलीवुड में उनके नाम का डंका बजता था। हर एक्टर, डायरेक्टर उनके साथ काम करने की आरजू रखता था। सिर्फ एक्टिंग ही नहीं धक-धक गर्ल अपने डांस और जानलेवा मुस्कुराहट से भी लोगों का दिल धड़का देती थीं। तेजाब, खलनायक, दिल तो पागल है जैसी कई फिल्मों में माधुरी ने अपना बेहतरीन डांस दिखाया। फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस के अफेयर्स ने भी उन्हें खूब चर्चा दिलाई। माधुरी का नाम कई शादीशुदा एक्टर के साथ भी जुड़ा और उनपर घर तोड़ने के भी इल्जाम भी लगें।

इस कड़ी में सबसे पहले नाम आता है संजय दत्त का। संजू और माधुरी दीक्षित 90 के दशक की हिट जोड़ी के रुप में सबको पसंद थे। दोनों ने साथ में कई फिल्में की थीं। साथ काम करते-करते पहले से शादीशुदा संजय अपना दिल माधुरी पर हार बैठें। दोनों के बीच काफी तगड़ी केमिस्ट्री थी, यहां तक कि दोनों के शादी की भी खबरें जोरो पर थीं, लेकिन मुंबई बम ब्लास्ट केस में नाम आने के बाद माधुरी ने संजय दत्त से मुंह फेर लिया और अपने सारे रिश्तें उनसे खत्म कर लिए। और इस तरह से दोनों की प्रेम कहानी का अंत हो गया।

संजय दत्त के अलावा माधुरी की जोड़ी अनिल कपूर के साथ भी खूब पसंद की जाती थी। खबरों की माने तो दोनों की सिर्फ ऑनस्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफ स्क्रीन केमिस्ट्री भी काफी अच्छी थी। अनिल और माधुरी ने लगभग 18 फिल्में साथ की थीं। गुमनामी में जी रही माधुरी को पहली बार फेम अनिल कपूर के साथ वाली फिल्म तेजाब के गाने एक,दो, तीन से ही मिली थी। फिल्म में दोनों की जोड़ी भी लोगों को खूब पसंद आई थी। अफवाहें चाहे कितनी भी उड़ी हो, लेकिन दोनों ने मीडिया में कभी भी अपने अफेयर की बात नहीं कबूली।

बॉलीवुड में ही लोग इस धक धक गर्ल के दीवाने नहीं थे। क्रिकेटर्स भी माधुरी पर दिल हार चुके थे । माधुरी की लाइफ में आने वालों की लिस्ट में क्रिकेटर अजय जडेजा का भी नाम शामिल हैं। दोनों एक एड शूट के दौरान मिले थे। उस वक्त दोनों का करियर पीक पर था। दोनों की डेटिंग की खबरों के बीच अजय का नाम 1999 में मैच फिक्सिंग में आ गया। एक तरफ क्रिकेटर का करियर खत्म हुआ तो वहीं, दूसरी ओर माधुरी ने भी उनसे मुंह मोड़ लिया।

आख़िर में माधुरी को अपना जीवन साथी मिल ही गया, यानि श्रीराम नेने। साल 1999 में माधुरी अपने एक रिश्तेदार से मिलने अमेरिका गईं और वहां एक पार्टी के दौरान उनकी मुलाकात डॉक्टर श्री राम नेने से हो गई। दोनों ने कुछ महीनों की डेटिंग में ही एक-दूसरे को हमसफर बनाने का फैसला कर लिया। वापस लौटकर माधुरी ने पहले अपने सारे प्रोजेक्ट खत्म किए और फिर अपने फैंस समेत पूर इंडस्ट्री को हैरान करते हुए अचानक शादी कर ली। शादी के बाद वो फिल्मी दुनिया छोड़ अमेरिका चली गईं और अपनी घर गृहस्थी में बिजी हो गईं। दोनों बेटों के बड़े होने के बाद माधुरी एक बार फिर भारत वापस लौटीं । और अपना फिल्मी करियर शुरू किया। अब वे अपनी पूरे फैमिली के साथ मुंबई में ही बस गई हैं।



# पार्वती की भूमिका में नजर आएगी सुभा राजपूत



पार्वती की भूमिका में एक्ट्रेस सुभा राजपूत नजर आने वाली हैं। शिव शक्ति - तप त्याग तांडव शो में सुभा राजपूत प्रमुख भूमिका में है। भगवान शिव के रूप में राम यशवर्धन और देवी शक्ति के रूप में सुभा राजपूत की प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की दिव्य कहानी से लोगों का दिल जीत लिया है। इस महासप्ताह शिव शक्ति - तप त्याग तांडव में तारकासुर भगवान ब्रह्मा का ध्यान और जप करता है। उसके समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्मा प्रकट हुए और पूछा कि वह क्या प्राप्त करना चाहता है? वज्रांग के पुत्र ने वरदान मांगा कि केवल भगवान शिव का पुत्र ही उसे मार सकता है। दूसरी ओर आदिशक्ति देवताओं से कहती हैं कि वह हिमवान और मैनावती से जन्म लेंगी। ध्यान में लीन भगवान शिव को आभास होता है कि शक्ति का पुनर्जन्म होने वाला है। मृत्यु के भय से भयभीत तारकासुर ने सभी नवजात शिशुओं को मारने का आदेश दिया। इन भारी बाधाओं के बावजूद पार्वती वयस्क हो गई हैं और प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की शाश्वत यात्रा पर हैं।

# अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर सुर्खियों में शाहरुख



बालीवुड की अपकमिंग फिल्म 'जवान' को लेकर बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान इन दिनों सुर्खियों में हैं। 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले शाहरुख खान एक बार फिर ट्विटर के जरिए अपने फैंस से रुबरु हुए और अपने फेमस 'आस्क एसआरके' सेशन के साथ फैंस के बीच फिर वापस आए और ट्विटर यूजर्स के पूछे सवालों के जवाब दिए। शाहरुख खान अपने हाजिर जवाबी अंदाज के लिए काफी फेमस हैं, जिसकी झलक एक बार फिर देखने को मिली। शाहरुख खान ने रविवार को अपनी फिल्म जवान के बारे में कुछ फैंस के सवालों के जवाब दिए और अपकमिंग फिल्म की खासियत भी बताई। दरअसल, आस्क एसआरके सेशन के दौरान शाहरुख खान से एक फैन ने पूछा- 'फिल्म जवान से क्या सीख ली जा सकती है?' जवाब में शाहरुख खान ने फैंस को जवान की एक-दो नहीं कई खासियतें गिना डालीं और बताया कि आखिर क्यों उनकी फिल्म खास है। शाहरुख खान ने फैन के सवाल का जवाब देते हुए कहा- 'फिल्म से इस बात की सीख मिलती है कि हम लोग कैसे बदलाव ला सकते हैं जो हम अपने आसपास चाहते हैं। कैसे महिलाओं को सशक्त बनाएं और अपने अधिकार के लिए किसी से भी लड़ जाएं।'वहीं एक अन्य यूजर ने शाहरुख खान से उनके रोल को लेकर भी सवाल कर डाला।

यूजर ने पूछा- 'जवान में आखिर कितने रोल हैं। मैं कन्फ्यूज हूं। जितने रोल्स हैं, उसके उतने टाइम मल्टीप्लाय करके देखूंगा। है ना।' जवाब में किंग खान ने कहा- 'पहले बोलता चार-पांच रोल और बढ़ा सेट। हाहा, एंजॉय।' वहीं एक यूजर ने शाहरुख के बाल्ड लुक पर भी सवाल किया। यूजर ने लिखा- 'जवान के लिए बाल्ड हो गए। आपको लुक कैसा लगा।' इसके साथ ही यूजर ने एक फोटो भी शेयर की थी, जिसमें शख्स का दोस्त बाल्ड लुक में दिखाई दे रहा है। शाहरुख खान ने जवाब दिया- 'वॉव, दूसरे वाले का क्या। उसको भी करवाओ ना।'